

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातः नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791



वर्ष : 3, अंक : 78 रांची, शुक्रवार, 27 फरवरी, 2026 (फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 11, संवत 2082) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com


# नगर निकाय चुनाव की काउंटिंग आज, प्रशासनिक तैयारियां पूरी

## सीसीटीवी, ड्रोन और सशस्त्र बलों की निगरानी में होगी काउंटिंग

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** राज्य के 48 नगर निकायों में चुनाव संपन्न होने के बाद अब सबकी नजरें मतगणना पर टिकी हैं। शुक्रवार को वोटों की गिनती के साथ ही प्रत्याशियों के राजनीतिक भविष्य का फैसला हो जाएगा। सुबह आठ बजे से मतों की गिनती की जायेगी।

इधर, प्रशासन ने मतगणना को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। मतगणना केंद्रों पर स्थानीय पुलिस के साथ सशस्त्र बलों और क्यूआरटी



(क्विक रिस्पांस टीम) की तैनाती की गई है। केंद्र के 100 मीटर के दायरे में आम लोगों और वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। बिना अधिकृत पास या राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वैध पहचान पत्र के किसी को भी परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं है। सुरक्षा व्यवस्था को हाईटेक बनाते हुए सभी मतगणना केंद्रों और आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। स्ट्रांग रूम और मतगणना हॉल की 24 घंटे लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है। संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए ड्रोन कैमरों से भी नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को तत्काल चिन्हित किया जा सके। प्रवेश द्वार पर सघन तलाशी के बाद ही अंदर जाने की अनुमति दी जा रही है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने मतगणना केंद्रों के आसपास धारा 144 लागू कर दी है, जिसके तहत भीड़ जुटाने पर रोक है।

### रांची नगर निगम में पांच राउंड में होगी गिनती

**रांची** नगर निगम में शुक्रवार को नगर निकाय चुनाव के मतों की गणना पांच राउंड में की जाएगी। मतगणना को सुचारु और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए कुल 225 टेबल लगाए गए हैं। प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और अधिकारी सुबह से ही मतगणना केंद्रों पर तैनात हैं। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सभी निकायों में सबसे पहले पार्षद पद के लिए पड़े वोटों की गिनती होगी। इसके बाद महापौर या अध्यक्ष पद के लिए डाले गए मतों की गणना की जाएगी। मतगणना को लेकर पूरे राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। झारखंड पुलिस ने सभी जिलों को विशेष अलर्ट जारी किया है। 27 फरवरी को होने वाली मतगणना तथा उसके बाद संभावित विजय जुलूस को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। मतगणना स्थलों के बाहर सुरक्षा घेरा मजबूत किया गया है और प्रवेश पूरी तरह पास सिस्टम के तहत नियंत्रित रखा गया है।

## संक्षिप्त

### सारंडा में सड़क किनारे मिला आईईडी, सुरक्षाबलों ने किया निष्क्रिय

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला के सारंडा क्षेत्र में गुरुवार सुबह उस समय अफरातफरी मच गई, जब छोटानागरा थाना अंतर्गत मनोहरपुरझचाईबासा मुख्य मार्ग पर टोंटोगाढ़ा के पास सड़क किनारे आईईडी होने की सूचना मिली। आशंका जताई गई कि नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के उद्देश्य से विस्फोटक लगाया है। सूचना मिलते ही सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और एहतियातन सुबह करीब साढ़े नौ बजे से मार्ग के दोनों ओर यातायात रोक दिया गया। क्षेत्र की घेराबंदी कर बम निरोधक दस्ते ने सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान टोंटोगाढ़ा गांव के समीप सड़क किनारे संदिग्ध वस्तु बरामद हुई, जिसे आईईडी के रूप में चिन्हित किया गया। सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए विस्फोटक को नियंत्रित तरीके से नष्ट कर दिया गया।

### सिक्किम में 4.6 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं

**गंगटोक।** सिक्किम में गुरुवार सुबह भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया। भूकंप का केंद्र पश्चिम सिक्किम के गेजिंग में था और इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.6 दर्ज की गई। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, गुरुवार सुबह 11:34 बजे भूकंप का झटका महसूस किया गया। भूकंप का केंद्र पश्चिम सिक्किम के गेजिंग जिले में जमीन से लगभग 10 किलोमीटर नीचे था। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.6 दर्ज की गई। समाचार लिखे जाने तक भूकंप से किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। भूकंप के झटके सिक्किम राज्य के साथ-साथ उत्तर बंगाल और पड़ोसी देश नेपाल के पूर्वी जिलों में भी महसूस किए गए।

### बंगाल में स्थायी डीजीपी की नियुक्ति प्रक्रिया तेज

**कोलकाता।** राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में पुलिस महकमे के शीर्ष पद पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) स्थायी नियुक्ति की प्रक्रिया तेज हो गई है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने पश्चिम बंगाल सरकार से भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारियों के नाम मांगे हैं, जिनमें से एक को राज्य का नया स्थायी डीजीपी नियुक्त किया जाएगा। वर्तमान में 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी पीयूष पांडे कार्यवाहक डीजीपी के रूप में जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। राज्य के अंतिम स्थायी डीजीपी मनोज मालवीय थे, जो वर्ष 2023 में सेवानिवृत्त हुए थे। उसके बाद से यह पद स्थायी रूप से खाली है। सूत्रों के अनुसार, यूपीएससी से पत्र मिलने के बाद राज्य सचिवालय नवान्न में संबंधित विभाग ने संभावित नामों की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जमशेदपुर में श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक केंद्र का किया शिलान्यास

# जमशेदपुर में श्री जगन्नाथ का आगमन सांस्कृतिक एकता का नया अध्याय : राष्ट्रपति

**भूमि पूजन में भावुक संबोधन: भगवान जगन्नाथ जल्दी नहीं आते, अब उनकी कृपा जमशेदपुर पर भी बरसेगी**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**जमशेदपुर।** गुरुवार को झारखंड के औद्योगिक शहर जमशेदपुर का ऐतिहासिक क्षण तब साकार हुआ जब भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कदमा स्थित मरीन ड्राइव परिसर में प्रस्तावित श्री श्री जगन्नाथ मंदिर एवं श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र की आधारशिला रखी। वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के बीच भूमि पूजन संपन्न हुआ और करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले भव्य केंद्र के निर्माण का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

राष्ट्रपति के आगमन पर सोनारी एयरपोर्ट पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। जिला प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों ने पहले से व्यापक तैयारियां कर



रखी थीं। भूमि पूजन के अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने भावनात्मक संबोधन में कहा, श्री जगन्नाथ मंदिर की जमशेदपुर में स्थापना का यह सही समय है। भगवान जगन्नाथ जल्दी नहीं आते, उनके आने का इंतजार करना पड़ता है। आज से भगवान जगन्नाथ जमशेदपुर बिहारी हो गए हैं। उन्होंने रांची में स्थापित जगन्नाथ मंदिर का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां भगवान निड़ाचढ़ बिहारी के रूप में पूजे जाते हैं और अब जमशेदपुर में भी उनकी कृपा बरसेगी। राष्ट्रपति ने कहा कि धार्मिक और आध्यात्मिक स्थल समाज में सांस्कृतिक एकता, नैतिक मूल्यों और सामाजिक समरसता के केंद्र होते हैं। उन्होंने इस पहल के लिए ट्रस्ट और आरएसबी समूह के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक एस. के. बेहरा तथा उनकी टीम की सराहना की।

**सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना केंद्र बनेगा श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक केंद्र : मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ संस्थाएं केवल भवन नहीं होतीं, बल्कि वे समाज और मानव जीवन को तराशने का कार्य करती हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र आने वाले समय में सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक जागरण का प्रमुख केंद्र बनेगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने इसे सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और नई पीढ़ी को परंपराओं से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया। करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह केंद्र जगन्नाथ मंदिर, पुरी की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।

प्रस्तावित परिसर में आध्यात्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, धार्मिक अध्ययन, सामुदायिक गतिविधियां और सामाजिक सेवा से जुड़ी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे जमशेदपुर ही नहीं बल्कि पूरे कोल्हान क्षेत्र को नई सांस्कृतिक पहचान मिलेगी।

# सीएम हेमंत सोरेन ने दिवंगत वीर सोरेन को दी श्रद्धांजलि



**सरायकेला-खरसावां के जिलिंगोड़ा पहुंचकर शोकाकुल परिवार से की भेंट**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**सरायकेला-खरसांवा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मंगलवार को सरायकेला-खरसावां जिले के जिलिंगोड़ा गांव पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पोते वीर सोरेन के असामयिक निधन पर गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की। दिवंगत वीर सोरेन, श्री बाबूलाल सोरेन के ज्येष्ठ पुत्र थे। मुख्यमंत्री ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं। मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, श्री बाबूलाल सोरेन एवं परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने मरांग बुरु से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति दें। मुख्यमंत्री की इस संवेदनात्मक उपस्थिति से क्षेत्र में शोक का माहौल गहरा गया, वहीं परिजनों ने भी उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

# बीजापुर मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर, तलाशी अभियान जारी

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में गुरुवार सुबह सुरक्षा बलों की नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में 2 नक्सली मारे गए हैं। बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने इसकी पुष्टि की है। मुठभेड़ स्थल से दोनों नक्सलियों के शव के साथ एसएलआर और इंसास हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया है कि बीजापुर जिले के जांगला थाना क्षेत्र अंतर्गत इन्द्रावती नदी के जंगलों में माओवादियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना मिली थी। इसी सूचना



के आधार पर संयुक्त सुरक्षा बलों की टीम सर्चिंग और माओवादी विरोधी अभियान के लिए रवाना हुई थी। आज सुबह सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद इलाके में चलाए गए सर्च अभियान में दो वदीर्धारी माओवादियों के शव बरामद हुए।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश हुए अनिल अंबानी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उद्योगपति एवं रिलायंस समूह के चेयरमैन 66 वर्षीय अनिल अंबानी कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दूसरे दौर की पूछताछ के लिए गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। अनिल अंबानी सुबह करीब साढ़े 10 बजे मध्य दिल्ली स्थित केंद्रीय जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। ईडी ने उन्हें विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत एक जांच के सिलसिले में नई दिल्ली



स्थित अपने हेडक्वार्टर में आज पेश होने के लिए बुलाया था। इससे पहले उनसे अगस्त, 2025 में पूछताछ की गई थी।

जांच एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि अनिल अंबानी का बयान धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत दर्ज किया जाएगा। यह जांच उनकी समूह कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) में कथित रूप से 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले से संबंधित है। अंबानी और उनके समूह की विभिन्न कंपनियों पर ऋण धोखाधड़ी के आरोप हैं। ईडी ने हाल ही में इन सभी मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन सुप्रीम कोर्ट के निदेशों के बाद किया गया।

# उग्रवादी संगठन से सांठगांठ के आरोप में पुलिस कॉन्स्टेबल ड्राइवर समेत 4 गिरफ्तार

एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर में उग्रवादियों के विरूद्ध पुलिस एवं सुरक्षा बलों का धर-पकड़ अभियान राज्य के विभिन्न हिस्सों में जारी है। इस कड़ी में उग्रवादी संगठन केसीपी (एमएफएल) से सांठगांठ करने के आरोप में एक पुलिस कॉन्स्टेबल ड्राइवर, उग्रवादी संगठन प्रीपाक के कैडर और उसकी साथी तथा एक आरपीएफ/पीएलए कैडर को गिरफ्तार किया गया है। मणिपुर पुलिस मुख्यालय द्वारा आज दी गयी जानकारी के अनुसार मणिपुर



पुलिस के एक कॉन्स्टेबल ड्राइवर कॉन्गखम सनाजोबा सिंह उर्फ इबोमचा (43) को गिरफ्तार किया गया है। इबोमचा को बिष्णुपुर जिले के नरेंद्र थानांतर्गत उट्लौ चानुरा से उसे गिरफ्तार गया है। मणिपुर पुलिस विभाग में सेवा देने के बावजूद गिरफ्तार किए गए व्यक्ति का केसीपी (एमएफएल) के लिए सक्रिय सदस्य के रूप में कैडरों की भर्ती में शामिल होना पाया गया।

# भारत-इजरायल संबंध गहरे विश्वास और साझा मूल्यों पर आधारित : पीएम मोदी

## नेतन्याहू ने कहा - ऐतिहासिक निर्णय दोनों देशों की जनता की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब

एजेंसी

**यरूशलम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत-इजरायल संबंध गहरे विश्वास, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं की मजबूत आधारशिला पर स्थापित हैं तथा दोनों देश शीघ्र ही एक पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने यरूशलम में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत और इजरायल के संबंध गहरे विश्वास, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और



मानवीय संवेदनाओं की मजबूत आधारशिला पर स्थापित हैं तथा समय की हर कसौटी पर खरे उतरे हैं। यह ऐतिहासिक निर्णय दोनों देशों के लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। मोदी ने बताया कि दोनों देशों ने क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज पार्टनरशिप स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिससे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग और क्रिटिकल मिनरल्स जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई गति मिलेगी। उन्होंने इजरायल में यूपीआई के उपयोग के लिए हुए समझौते पर भी प्रसन्नता व्यक्त की तथा डिजिटल हेल्थ सहित अन्य उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। रक्षा सहयोग का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच दशकों पुराना विश्वसनीय रक्षा संबंध रहा है और हाल में हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) से इसमें नए आयाम जुड़ेंगे।

### भारत में स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मित्रता के उत्कृष्ट उदाहरण

कृषि क्षेत्र में सहयोग को भविष्य उन्मुख बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इजरायल के सहयोग से भारत में स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मित्रता के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। इनकी संख्या 100 तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही विलेजेज ऑफ एक्सीलेंस और इंडिया-इजरायल इनोवेशन सेंटर फॉर एग्रीकल्चर की स्थापना से किसानों की आय और उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। लोगों के बीच संपर्क को संबंधों का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में हुए मैनपावर मोबिलिटी समझौते के तहत भारतीय कामगारों ने इजरायल के निर्माण और केयरगिवर क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अब इस सहयोग का विस्तार वाणिज्य और सेवा क्षेत्रों में भी किया जा रहा है। युवाओं, शोधकर्ताओं और नवोन्मेषकों को जोड़ने के लिए इंडिया-इजरायल अकादमिक फोरम की स्थापना की जा रही है।

# रेल मंत्री ने देशभर के यात्री टर्मिनलों की क्षमता बढ़ाने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

**76 रेलवे स्टेशनों पर विकसित किए जा रहे प्रतीक्षा क्षेत्रों की प्रगति की समीक्षा भी की**

एजेंसी

**नई दिल्ली। रेल** मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देशभर के प्रमुख यात्री ट्रेन टर्मिनलों की क्षमता बढ़ाने की योजना की समीक्षा की और रेलवे बोर्ड के अधिकारियों और संबंधित क्षेत्रीय रेलवे को इसके क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया। भारतीय रेलवे महानगरों में भीड़ कम करने, ट्रेन संचालन को सुचारू बनाने और यात्रियों की सुविधा में उल्लेखनीय सुधार करने के लिए टर्मिनल की संचालन क्षमता को धीरे-धीरे बढ़ा रहा है और कुछ प्रमुख स्थानों पर इसे दोगुना कर रहा है।



क्षमता वृद्धि में प्लेटफार्मों, आवागमन क्षेत्रों, प्रवेश-निकास बिंदुओं, यात्री सुविधाओं का विस्तार और यातायात प्रवाह प्रबंधन में सुधार शामिल है। मंत्री महोदय ने देशभर के 76 रेलवे स्टेशनों पर विकसित किए जा रहे प्रतीक्षा क्षेत्रों की प्रगति की भी समीक्षा की। इन प्रतीक्षा क्षेत्रों का उद्देश्य विशेष रूप से त्योहारों और व्यस्त यात्रा अवधियों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करना है। भीड़ के प्रवाह को व्यवस्थित रूप से नियंत्रित करने, सुरक्षा बढ़ाने और स्टेशन परिसर के अंदर भीड़भाड़ को रोकने के लिए ये प्रतीक्षा क्षेत्र बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कार्यों को समय पर पूरा करने और कड़ी निगरानी पर जोर दिया। ये उपाय विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप हैं, जिसके तहत रेलवे स्टेशनों को आधुनिक, सुनियोजित परिवहन केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिनमें कुशल यात्री प्रबंधन प्रणाली और उन्नत बुनियादी ढांचा

# बाल विवाह से मुक्ति के लिए चलाया गया जागरुकता अभियान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**रामगढ़।** रामगढ़ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में गुरुवार को बाल विवाह से मुक्ति के लिए चलाए जा रहे आशा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के द्वारा चलाए जा रहे आशा अभियान को लेकर लोगों को बाल विवाह को खत्म करने के प्रति जागरूक किया गया। अभियान की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनिल कुमार ने की। उन्होंने बताया कि आशा अभियान का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह से पूर्णतः मुक्ति है। इस कार्यक्रम में एलएडीसी उपाध्यक्ष रामजी गुप्ता ने कहा कि बच्चे हमारे भविष्य की नींव हैं। भारत में दुनिया के लगभग 19 प्रतिशत बच्चे रहते हैं। उनके अधिकारों की रक्षा केवल एक जिम्मेदारी ही नहीं बल्कि एक बेहतर भविष्य के लिए अनिवार्यता बन जाती है। बाल दुल्हन वाला सबसे बड़ा देश है भारत रामजी गुप्ता ने कहा कि वैश्विक स्तर पर बच्चे कई चुनौतियों का सामना करते हैं। जिनमें से एक प्रमुख चुनौती बाल विवाह की समस्या है। भारत में बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक समस्या होने के साथ-साथ एक अपराध भी है। एक प्रमुख वैश्विक एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया की एक तिहाई बाल दुल्हन भारत में हैं। जिससे यह बचपन में विवाह करने वाली लड़कियों की सबसे अधिक संख्या वाला देश बन जाता है। बाल विवाह बच्चों के स्वास्थ्य और भलाई पर गंभीर प्रभाव डालता है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार आशा अभियान बाल विवाह की समस्या से निपटने के लिए एक संस्थागत ढांचा तैयार करने का लक्ष्य रखता है। यह एक मानकीकृत, प्रभावी और कानूनी रूप से मजबूत दृष्टिकोण स्थापित करता है। बाल विवाह की रोकथाम बच्चों के अधिकारों की रक्षा और समुदायों के भीतर जागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार अभियान चल रहा है।

# ऑलव्यू ब्रांड की लॉन्चिंग, शरेया सेल्स बना अधिकृत वितरक

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**पिठोरिया।** ऑलव्यू ब्रांड की लॉन्चिंग रांची में हुई। इस अवसर पर श्रेया सेल्स को इसका अधिकृत वितरक घोषित किया गया। लॉन्चिंग समारोह में व्यापार जगत से जुड़े प्रतिनिधि, डीलर्स, बिजनेस पार्टनर्स एवं शहर के कई गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।
कार्यक्रम के दौरान ऑलव्यू ब्रांड के नवीनतम इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। गुणवत्ता, टिकाऊपन और आधुनिक तकनीक से लैस इन उत्पादों ने उपस्थित अतिथियों को खासा प्रभावित किया। आयोजकों ने बताया कि ऑल व्यू ब्रांड उपभोक्ताओं की दैनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक और भरोसेमंद समाधान प्रदान करने के लिए जाना जाएगा।

## संक्षिप्त

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में संत माईकल +2 स्कूल मुरी के छात्र-छात्राओं का उम्दा प्रदर्शन

**सिल्ली।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शान्तिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025-26 में संत माईकल +2 स्कूल, मुरी के विजेता छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट समझ के लिए स्वर्ण पदक, रजत पदक काश्य पदक, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस परीक्षा में चौदह छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक, नौ को रजत पदक एवं नौ को कांश्य पदक दिया गया। इस कार्यक्रम में अखिल विश्व गायत्री परिवार के सदस्य कौशल्या देवी, लक्ष्मी देवी एवं अनीता देवी उपस्तिथ रही। विद्यालय के प्राचार्य श्री सीएल प्रजापति ने कहा कि इस तरह के परीक्षा एक विशेष शैक्षिक पहल है, जिसका उद्देश्य भारतीय संस्कृति नैतिकता और आध्यात्मिक मूल्यों का पुनर्जागरण करना है। यह परीक्षा विशेष रूप से विद्यार्थियों को भारतीय सभ्यता, इतिहास, धर्म, और जीवन मूल्यों से परिचित कराने के लिए आयोजित कराई जाती है। विद्यालय के निदेशक डॉ राकेश कुमार ने अखिल विश्व गायत्री परिवार का आभार व्यक्त करते हुए विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दिए और कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा केवल एक परीक्षा भर नहीं है बल्कि यह एक संस्कार निर्माण अभियान है, जो विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, समाजसेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करता है। इस कार्यक्रम में अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा प्राचार्य श्री सी एल प्रजापति, शिक्षक वि वेंकट राव, शिक्षका मनीषा सिंह, मंजू कुमारी एवं ममता गोस्वामी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### राजा जयंती के उपलक्ष में भोलीबॉल प्रतियोगिता आज

**सिल्ली।** सिल्ली ड्रामेटिक क्लब एवं कवि बिनंद सिंह देव सेवा समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को ड्रामेटिक क्लब परिसर में शुक्रवार को एक दिवसीय भोलीबॉल प्रतियोगिता एवं शनिवार को राजा कवि बिनंद सिंह देव की जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। भोलीबॉल प्रतियोगिता में बोकारो, रांची समेत आस पास के 16 टीमें भाग लेंगे। वहीं राजा जयंती के उपलक्ष में शनिवार को राजा उपेंद्र नाथ सिंह के प्रतीमा पर पुष्पांजलि एवं सांस्कृतिक झुमर संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

# युवक पर हमले के विरोध में हिंदू संगठनों ने की आलोचना, सांसद ने भेजी टीम

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** जिले के गोला थाना क्षेत्र में एक विशेष समुदाय की ओर से ऋतिक दांगी नामक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। इस हमले के विरोध में जिले के तमाम हिंदू संगठन एक मंच पर आ गए हैं। सभी लोगों ने इस घटना की निंदा की और विशेष समुदाय से जुड़े आरोपितों को जेल भेजने की मांग की। सांसद मनीष जायसवाल और गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने भी हमले की इस घटना की निंदा की है। सांसद मनीष जायसवाल ने पार्टी स्तर पर एक टीम बनाकर गोला थाना भेजकर ऋतिक दांगी पर हुए हमले की जांच कराई। मामले पर सांसद मनीष जायसवाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाला है जिसमें उन्होंने हमले को अत्यंत गंभीर और चिंताजनक बताया है। वहीं मामले पर प्रशासन की ओर से तत्परता दिखाते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। साथ ही अन्य व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इधर, मामले पर गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने गोला थाना क्षेत्र में हुई घटना को लेकर कानून और व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि पिता पर लगे आरोप के कारण उसके निर्दोष पुत्र को सैकड़ों लोगों की भीड़ ने सरेआम सड़क पर पीटा। यह किसी भी दृष्टि से न्यायोचित नहीं है। यह कृत्य अमानवीय है और न्याय व्यवस्था के मूल सिद्धांतों के प्रतिकूल है। उन्होंने कहा कि यह घटना थाना के समक्ष पुलिस की उपस्थिति में हुई जो बेहद गंभीर और चिंताजनक है। कानून के संरक्षण का दायित्व निभाने वाली व्यवस्था के सामने ही भीड़ अन्याय करे तो समाज में कानून का भय खत्म हो जाएगा। यदि समाज में विकृति पनपाने वालों की भीड़ ही आरोप तय करे और दंड निर्धारित करे तो कानून का राज खत्म हो जाएगा। उन्होंने रामगढ़ जिला प्रशासन से इस मामले में गंभीरता पूर्वक कार्रवाई करने की मांग की है। गुरुवार को हिंदू जागरण मंच और हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ता ऋतिक दांगी से मिलने उनके घर पहुंचे। साथ ही गोला थाना में भी पुलिस से वार्ता की। मामले पर हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष सत्यजीत चौधरी ने बताया कि ऋतिक दांगी पर भीड़ ने जिस प्रकार हमला किया, उससे उनकी जान भी जा सकती थी। एक वर्ग विशेष की भीड़ की ओर से निर्दोष युवक पर किए गए हमले को उन्होंने मॉब लिंचिंग करार दिया है। उन्होंने सभी दोषियों को जेल भेजना की मांग की है।

### इटकी-ब्राम्बे सड़क से पुलिस ने एक अधेड़ व्यक्ति का शव किया बरामद



**इटकी।** थाना क्षेत्र के संत एग्नेश स्कूल के निकट इटकी- ब्राम्बे सड़क पर गुरुवार की सुबह पुलिस ने एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव लद्दा गांव निवासी पुतरा लोहरा 55 के रूप में पहचान की गई है। पुलिस ने शव का पचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। घटना के संबंध में बताया गया कि पुतरा लोहरा बुधवार को करीब तीन बजे साइकित में सवार होकर गेहूं पिसवाने के लिए घर से निकला था। शाम के करीब छह बजे पुतरा लोहरा नशे में धुत होकर सड़क पर बड़बड़ा रहा था इसी दौरान एक अज्ञात सवारी ऑटो ने पुतरा लोहरा को धक्का मार दिया । जिससे वह सड़क पर जा गिरा जिससे वह घायल हो गया। नशे में होने के कारण घायल पुतरा को सड़क किनारे कर राहगिरों ने छोड़कर चले गये। रात भर पुतरा लोहरा उसी अवस्था में पड़ा रहा। जिससे उसकी मौत हो गई। सुबह पांच बजे लोगो की नजर उस पड़ी।और पुलिस को सूचना दी। तत्काल पुलिस घटना स्थल पहुंची और शव को कब्जे में किया। शव के समक्ष पुलिस एक साईकिल और थैला में गेंहू बरामद किया है। घटना को लेकर पुलिस जांच में जुट गई है।

### सिल्ली पुलिस ने हत्या के दो आरोपी को भेजा जेल




**सिल्ली।** सिल्ली पुलिस ने थाना क्षेत्र के डोमन डीह निवासी तीस वर्षीय रवि लोहरा (30) के मौत के 25 घंट बाद ही हत्या के आरोपियों को पकड़कर जेल भेज दिया। जिन्हें जेल भेजा गया उनमें डोमन डीह निवासी संदीप लोहरा और केसर डीह निवासी मणिलाल महतो शामिल है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ये दोनों पिछले 23 फरवरी को रवि लोहरा के साथ चातमबाड़ी में साथ बैठकर पी खा रहे थे इसी बीच तीनों में किसी बात पर कहा सुनी हो गई। बात मारपीट तक पहुंच गया। इसी क्रम में रवि लोहरा को गिरने से सिर पर गंभीर चोट लगी। खून ज्यादा बहने लगा स्थानीय लोगों की मदद से लोग इनको सिल्ली के सरकारी अस्पताल लाए। इलाज भी करवाया हालत गंभीर होने के कारण रवि लोहरा को रिम्स रेफर कर दिया गया लेकिन वे रिम्स नहीं जाकर घर ले आए इसी बीच इसकी मौत हो गई । बाद में मामला पुलिस के पास पहुंच गया। पुलिस ने दोनों आरोपी को बुधवार को पकड़कर जेल भेज दिया।

### नशा खुरानी के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा, थाना में की शिकायत

**सिल्ली।** क्षेत्र में नशा बंदी के खिलाफ सिल्ली की महिलाओं ने अब कमर कस लिया है। सिल्ली प्रखंड के दर्जन भर गांवों की महिलाओं ने गुरुवार को इलाके में नशा पर पूरी तरह से रोकथाम के लिए समूह में महिलाएं सिल्ली थाना पहुंची। जिन गांवों की महिलाएं पहुंची उसमें सिल्ली डीह, पुंदाग, मिजरा, लोवापीढ़ी, इचाक, लूपुंग, छाता टांड़, सिल्ली, कड़ाकाटा आदि की महिलाएं शामिल थीं। जिला परिषद् उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, सबिता रानी, मामनी देवी सहित दर्जनों महिलाओं ने सामूहिक हस्ताक्षर करके थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार को रोकने की आग्रह किया। इस धंधे में लिप्त लोगों के खिलाफ करवाई किए जाने का आग्रह किया। साथ ही महिलाओं ने चेताया कि अगर इलाके नशा बंदी में पुलिस सहयोग नहीं करती है तो महिलाएं सड़कों पर आंदोलन करेंगी। क्योंकि आए दिन नशा सेवन के कारण उनके परिवार, समाज एवं गांव में कई तरह की परेशानी झेलनी पड़ती है। महिलाओं ने कहा कि गांव मोहल्लों में युवा तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहे है। शाम होते ही कई लोग नशे में धुत हो जाते है। इससे घर वाले एवं समाज के लोग को काफी परेशानी हो रही है। नशे के कारण व्यक्तिगत और सामाजिक विकास भी बाधित हो रहा है। गांव में ही गांजा शराब के कारोबार तेजी से चल रहा है। पुलिस को इसे रोकना चाहिए इसमें सभी ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिलेगा। इधर, थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि ग्रामीणों में जागरूकता आ गई और ग्रामीणों का सहयोग मिला तो अवैध शराब का कारोबार निश्चित बंद हो जाएगा।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सर्वोदय स्कूल राहे के छात्र-छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**राहे।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शान्तिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025-26 में सर्वोदय स्कूल राहे के छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट समझ के लिए 8 स्वर्ण पदक, 7 रजत पदक ओर 7 कांस्य पदक, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में अखिल विश्व गायत्री परिवार से सुरेन्द्र नाथ महतो, सुखराय सिंह मुंडा, विशेश्वर महतो उपस्तिथ रहे। विद्यालय के प्राचार्य ज्ञान महतो ने कहा कि यह परीक्षा विशेष रूप से विद्यार्थियों को भारतीय सभ्यता, इतिहास, धर्म, और जीवन मूल्यों से परिचित कराने के लिए आयोजित कराई जाती है। विद्यालय के निदेशक सुनील कुमार ने अखिल विश्व गायत्री परिवार का आभार व्यक्त करते हुए विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दिए और कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा केवल एक परीक्षा भर नहीं है बल्कि यह एक संस्कार निर्माण अभियान है, जो विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, समाजसेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करता है। पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम में अखिल विश्व गायत्री परिवार के अलावे स्कूल के शिक्षक और छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## थाना प्रभारी ने किया मेडिकल स्टोर का उद्घाटन



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**सोनाहातू।** प्रखंड के बारेन्दा चौक के समीप गुरुवार को थाना प्रभारी प्रेम प्रदीप ने बीएस फार्मा मेडिकल स्टोर का उद्घाटन विधिवत रूप में फीता काटकर किये। मेडिकल स्टोर में हॉलसेल में दवा की बिक्री होगी। मेडिकल स्टोर के संचालक पूनम देवी के स्टोर के संबंध में पूरी जानकारी दी।मौके पर रमेश सिंह मुंडा, बिंदेश्वरी महतो, इंद्रजीत प्रमाणिक ,अशोक महतो, दिलीप महतो, गणेश तिवारी, विश्वनाथ महतो, बसंत महतो, तापसचंद्र महतो, निमाई चंद्र राय, गोपाल पुराण, आदि मौजूद थे।

# होली से पूर्व उत्पाद विभाग ने किया नकली शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** होली से पहले उत्पाद विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए गुरुवार को रामगढ़ और रांची के बॉर्डर पर पतरातू प्रखंड क्षेत्र में संचालित हो रही नकली शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस छापेमारी में रामगढ़ उत्पाद विभाग की टीम के साथ रांची की टीम भी शामिल थी। इस ज्वाइंट ऑपरेशन में नकली शराब का कारोबार करने वाले तस्करों पर लगाम लगाने की कोशिश की गई है। सहायक उत्पाद आयुक्त अरविंद कुजूर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पतरातू प्रखंड क्षेत्र के तालाटांड़ में छापेमारी की गई। छापेमारी में तालाटांड़ श्मशान रोड में दोनों जिलों की सीमा के पास एक निमार्णाधीन एस्बेस्टस शीट वाले मकान से भारी मात्रा में शराब के खाली पीईटी बोतल, बोतल पर चिपकाने के लिए ब्रांड लेबल, खाली कार्टून, कार्टून सील करने वाला टेप और एक पंचिंग मशीन बरामद किया गया। जिला उत्पाद बल की ओर से उक्त सभी वस्तुओं को जब्त किया गया और मामले में संलिप्त अभियुक्तों की पहचान करते हुए उत्पाद अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में शामिल एक्साइज इंस्पेक्टर कांग्रेस कुमार ने बताया कि रॉयल चैलेंज व्हिस्की 180 एमएल की खाली बोतल 80 पेटी, ब्लैक डॉग व्हिस्की 180 एमएल, खाली बोतल 59 पेटी, सिग्नेचर व्हिस्की 180 एमएल की खाली बोतल एक पेटी, रॉयल चैलेंज, ब्लैक डॉग, इंपीरियल ब्लू के बोतल पर लगाने के लिए लेबल 15 बंडल, बोतल का ढक्कन पांच पेटी और एक पंचिंग मशीन, 15 बंडल खाली कार्टून और पेटी चिपकाने के लिए टेप का बंडल चार पेटी बरामद किया गया है।

# खाटू श्याम की निशान यात्रा में शामिल हुए भक्त

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रामगढ़।** श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट रामगढ़ के तत्वाधान में द्वितीय रंग रंगीला फाल्गुन महोत्सव गुरुवार को निशान यात्रा के साथ शुरू हुआ। निशान यात्रा शहर के छावनी फुटबॉल मैदान से शुरू होकर नेहरू रोड, चट्टी बाजार झंडा चौक, थाना चौक, मेन रोड होते हुए पुनः छावनी फुटबॉल मैदान पहुंचकर संपन्न हुई। यहां भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। यात्रा से पूर्व आचार्य ने पूजन संपन्न कराया। निशान यात्रा में सैकडों श्याम भक्त निशान लेकर शामिल हुए। शुक्रवार को नेहरू रोड स्थित श्याम मंदिर में भजन संध्या और संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसमें कोलकाता के दिवांग खंडेलवाल और प्रिया पोद्दार शामिल होंगे। बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार, ज्योत दर्शन एवं महाभोग के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। भव्य निशान यात्रा में निशान लेकर श्याम भक्त आगे आगे चल रहे थे। उनके पीछे आकर्षक फूलों से सजाया गया अलग-अलग रथ में सवार भगवान गणेश, हनुमान जी और श्याम बाबा का भक्तों ने दर्शन किया। इस दौरान विभिन्न समाज के लोगों ने बाबा श्याम की आरती उतारी। साथ ही फूलों और अबीर गुलाल से वर्षा कर स्वागत किया। निशान यात्रा के दौरान आकर्षण का केंद्र तांगे में सवार राधे-कृष्ण और शिव-पार्वती रहे। उनकी झलक देखते ही बन रही थी। यात्रा के रास्ते में जगह-जगह राधे कृष्ण की जोड़ी ने नृत्य पेश कर श्याम बाबा के गीतों से भक्तों को झुमाया। निशान यात्रा के दौरान श्याम भक्त होली के रंग में डूबे नजर आए। बाबा श्याम और होली के गीतों से सराबोर श्याम भक्तों ने एक दूसरे पर जमकर अबीर गुलाल उड़ाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष साबरमल अग्रवाल, शोभायात्रा के संयोजक राजेश पटवारी और संयोजक विनय अग्रवाल का योगदान रहा।

## दूसरों को जबरन नहीं लगाएं अबीर और गुलाल : एसडीपीओ

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से तोरपा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा (एसडीपीओ) ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और खुशियों का त्योहार है, इसे हुड़दंग का रूप नहीं दिया जाए। उन्होंने लोगों से किसी को जबरन रंग नहीं लगाने की अपील की। साथ ही बैठक में तेज गति से बाइक चलाने पर रोक लगाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने और सार्वजनिक स्थानों पर शांति बनाए रखने की अपील की गई। साथ ही पेयजल संकट को देखते हुए पानी की बचत करने और अनावश्यक पानी के उपयोग से बचने का भी संदेश दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने कहा कि शांति समिति के सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी रखें, किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। बैठक में सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई। उन्होंने कचरा निस्तारण के बारे में विशेष बल दिया। पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने एक-दूसरे को प्रेम पूर्वक होली की बधाई देने का आग्रह किया। बैठक में साप्ताहिक बाजार को मंगल बाजार में लगाने की जरूरत पर बल दिया।

# चार जिलों में एमआरआई और 20 जिलों में लगेगी मैमोग्राफी मशीन

**स्वास्थ्य विभाग ने खरीद प्रक्रिया शुरू की**

**पांच मेडिकल कॉलेजों में कैथ लैब की तैयारी**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** राज्य सरकार ने स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। राज्य के रामगढ़, गिरिडीह, देवघर और कोडरमा जिलों में शीघ्र ही एमआरआई मशीन उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ 20 जिलों में मैमोग्राफी मशीन की खरीद की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।

यह निर्णय स्वास्थ्य विभाग में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता अपर मुख्य स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह ने की। उन्होंने बिल्डिंग कॉरपोरेशन को एमआरआई मशीन स्थापना के लिए आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश दिया।

बैठक में अभियान निदेशक (एनएचएम) शशि प्रकाश झा, अपर सचिव विद्यानंद शर्मा पंकज, डीआईसी सिद्धार्थ सान्याल, संयुक्त सचिव ललित मोहन शुक्ला, सीमा कुमारी उदयपुरी और ध्रुव प्रसाद सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि जिलों में एमआरआई मशीन नहीं होने से मरीजों को बड़े शहरों या राजधानी रांची जाना पड़ता है। इससे समय और धन की बबार्दी होती है। कई बार आपात स्थिति में गंभीर परेशानियां भी उत्पन्न हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि जिलों में ही उन्नत जांच सुविधाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। अपर मुख्य। सचिव ने 20 जिलों में मैमोग्राफी मशीन की खरीद का भी निर्देश दिया, ताकि महिलाओं में स्तन कैंसर की समय पर जांच और उपचार सुनिश्चित हो सके। इसके अतिरिक्त, राज्य के पांच मेडिकल कॉलेजों में कैथ लैब स्थापित करने की तैयारी भी की जा रही है, जिससे हृदय रोगियों को अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा। स्वास्थ्य विभाग के इस निर्णय से राज्य के मरीजों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

# मॉनिटरिंग टीम ने बीएयू में गेहूं एवं जौ अनुसंधान कार्यों की समीक्षा की

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान (करनाल, हरियाणा) की एक मॉनिटरिंग टीम ने बृहस्पतिवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय का दौरा किया। गेहूं एवं जौ संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत बीएयू में चल रहे शोध कार्यों की समीक्षा की।

मॉनिटरिंग टीम में करनाल से आये वरीय वैज्ञानिक (पौधा प्रजनन) डॉ संतोष बिश्नोई और डॉ रवीन्द्र कुमार (पौधा रोग) शामिल थे। बीएयू में परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ सूर्य प्रकाश ने बताया कि टीम ने प्रायोगिक प्रक्षेत्रों के भ्रमण के बाद शोध कार्यों की सराहना की।

जौ की छिलका रहित किस्मों पर ज्यादा शोध कार्य करने पर बल दिया, ताकि बेहतर लाभ के लिए किसानों के बीच छिल्का रहित जौ किस्मों को प्रसारित किया जा सके। टीम ने कुलपति डॉ एससी दुबे और अनुसंधान निदेशक डॉ पीके सिंह से भी मुलाकात की। गेहूं और जौ के क्षेत्र में झारखंड के लिए शोध प्राथमिकताओं पर चर्चा की।

## संक्षिप्त

### ईडी के समन के बाद बीमार पड़े कोयला कारोबारी एलबी सिंह

**रांची।** चर्चित कोयला कारोबारी एलबी सिंह आज पूछताछ के लिए ईडी के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हाजिर नहीं हुए। बताया जाता है कि उन्होंने ईडी कार्यालय में हाजिर होने के बदले अपने बीमार होने की सूचना भेज दी है। एलबी सिंह के भाई कुंभ नाथ सिंह भी पूछताछ के लिए हाजिर नहीं हुए थे।

### मारवाड़ी भवन में 1 को कवि सम्मेलन का आयोजन

**रांची।** कवि सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा 1 मार्च को हरमू रोड स्थित स्थानीय मारवाड़ी भवन परिसर में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क है। इसमें शहर के सभी वर्ग के आम जनता सादर आमंत्रित है। उपरोक्त जानकारी सम्मेलन में मुख्य संयोजक पवन शर्मा ने दी। कहा कि आयोजन की सफलता के लिए विभिन्न उपसमितियों का गठन किया गया है।

### झारखंड पुलिस मुख्यालय में 28 को डीजीपी की अहम बैठक

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में 28 फरवरी को राज्य के पुलिस महानिदेशक डीजीपी द्वारा चतरा, लातेहार, हजारीबाग, पलामू और लोहरदगा जिलों के पुलिस अधीक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में कानून-व्यवस्था की मौजूदा स्थिति, अपराध नियंत्रण, नक्सल गतिविधियों, अवैध खनन और मादक पदार्थों की तस्करी पर विस्तृत समीक्षा की जाएगी। साथ ही लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए जाने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और जिलों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी विशेष जोर रहेगा।

### झारखंड में मौसम साफ होते ही बढ़ने लगा तापमान

**रांची।** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम साफ होते ही तापमान में फिर से वृद्धि होने लगी। तापमान बढ़ने से दिन में गर्मी में आंशिक वृद्धि होने लगी है। यह जानकारी मौसम विभाग गुरुवार को दी। विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे के दौरान तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन अगले तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है।

# झारखंड में पीड़ितों को राहत : प्रतिकर योजना के तहत मिलेगा आर्थिक मुआवजा

**गंभीर अपराधों के मामलों में तीन लाख रुपये तक सहायता, जिला विधिक सेवा प्राधिकार करेगा निर्धारण**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड में लागू झारखंड पीड़ित प्रतिकर योजना 2016 के तहत राज्य सरकार ने किसी भी प्रकार के अपराध से हुई हानि या क्षति के लिए पीड़ित अथवा उसके आश्रितों को आर्थिक मुआवजा देने का प्रावधान किया है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा संचालित इस योजना के अंतर्गत विभिन्न अपराधों के लिए न्यूनतम प्रतिकर राशि निर्धारित की गई है।

तेजाब हमला से घायल व्यक्ति को न्यूनतम 3 लाख रुपये, दुष्कर्म के मामले में 3 लाख रुपये, नाबालिग के शारीरिक शोषण पर 2 लाख रुपये तथा मानव तस्करी से पीड़ित के पुनर्वास हेतु 1 लाख रुपये की सहायता राशि तय की गई है। यौन प्रताड़ना (दुष्कर्म नहीं) के मामलों में 50 हजार रुपये, किसी भी अपराध में मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये, 80 प्रतिशत या उससे अधिक स्थायी विकलांगता पर 2 लाख रुपये तथा 40 से 80 प्रतिशत आंशिक विकलांगता पर 1 लाख रुपये का प्रावधान है। शरीर का 25 प्रतिशत से अधिक जलने (तेजाब हमला छोड़कर) पर 2 लाख रुपये, भ्रूण हानि पर 50 हजार रुपये, प्रजनन क्षमता की हानि पर 1.5 लाख रुपये निर्धारित हैं। इसके अतिरिक्त सीमा पर दोतरफा फायरिंग से पीड़ित महिला की मृत्यु या 80 प्रतिशत से अधिक स्थायी विकलांगता पर 2 लाख रुपये, 40 प्रतिशत से अधिक आंशिक विकलांगता पर 1 लाख रुपये तथा 40 प्रतिशत से कम विकलांगता होने पर 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। बाल पीड़ित की साधारण हानि या क्षति पर 10 हजार रुपये तथा अन्य पीड़ितों के पुनर्वास हेतु 50 हजार रुपये का प्रावधान किया गया है।

प्रतिकर राशि का निर्धारण पीड़ित को हुई वास्तविक हानि, उपचार में हुए खर्च, अंत्येष्टि व्यय एवं पुनर्वास की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए संबंधित जिला विधिक सेवा प्राधिकार (उछरअ) द्वारा किया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए पीड़ित या उसके आश्रित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के समक्ष आवेदन कर सकते हैं। विशेष प्रावधान के अनुसार यदि पीड़ित की आयु 14 वर्ष से कम है तो निर्धारित प्रतिकर राशि में 50 प्रतिशत तक अतिरिक्त वृद्धि की जा सकती है। राज्य सरकार की यह योजना अपराध पीड़ितों को त्वरित आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें न्याय और पुनर्वास की दिशा में सहयोग देने की पहल मानी जा रही है।

## होली पर यात्रियों को राहत, रांची रेल मंडल चलाएगा 10 जोड़ी स्पेशल ट्रेन



**रांची।** होली में यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर रांची रेल मंडल विभिन्न गंतव्यों के लिए 10 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का चलाएगा। हटिया-दुर्ग स्पेशल ट्रेन (08185) 3 से 31 मार्च तक हर मंगलवार और गुरुवार को हटिया से रवाना होगी। वहीं, दुर्ग-हटिया स्पेशल ट्रेन (08186) चार मार्च से एक अप्रैल तक हर बुधवार और शुक्रवार को दुर्ग से रवाना होगी। सांतरागाछी-अजमेर स्पेशल ट्रेन (08611) दो से 30 मार्च तक हर सोमवार को सांतरागाछी से चलेगी। वहीं, अजमेर-सांतरागाछी स्पेशल(08612) पांच मार्च से दो अप्रैल तक हर गुरुवार को अजमेर से चलेगी। 08105 रांची-झंझारपुर स्पेशल 2 से 30 मार्च तक हर सोमवार को रांची से चलेगी। 08106 झंझारपुर-रांची स्पेशल तीन से 31 मार्च तक हर मंगलवार को झंझारपुर से चलेगी। 03253 पटना-चर्लपल्ली स्पेशल (वाया रांची) 9 से 30 मार्च तक हर सोमवार व बुधवार को पटना से चलेगी। 03254 चर्लपल्ली-पटना स्पेशल (वाया रांची) 11 मार्च से 1 अप्रैल तक हर बुधवार को चर्लपल्ली से चलेगी। 03255 चर्लपल्ली-पटना स्पेशल (वाया रांची) 13 से 27 मार्च तक हर शुक्रवार को चर्लपल्ली से चलेगी। 07005 चर्लपल्ली-रक्सौल स्पेशल (वाया रांची), 23, 28 फरवरी और 01 मार्च को चर्लपल्ली से चलेगी। 07006 रक्सौल-चर्लपल्ली स्पेशल (वाया रांची) 26 फरवरी, 03 व 04 मार्च को रक्सौल से चलेगी। 08861 गोंदिया-पटना स्पेशल (वाया रांची) 2 मार्च (सोमवार) को गोंदिया से प्रस्थान करेगी। 08862 पटना-गोंदिया स्पेशल (वाया रांची) 3 मार्च (मंगलवार) को पटना से प्रस्थान करेगी। 08629 रांची-गोरखपुर स्पेशल 2 से 30 मार्च तक हर सोमवार को रांची से प्रस्थान करेगी। 08630 गोरखपुर-रांची स्पेशल 4 मार्च से एक अप्रैल तक हर बुधवार को गोरखपुर से चलेगी। 08181 टाटानगर-कटिहार स्पेशल (वाया मुरी) 2 से 30 मार्च तक हर सोमवार को टाटानगर से चलेगी। 08182 कटिहार-टाटानगर स्पेशल (वाया मुरी) तीन से 31 मार्च तक हर मंगलवार को कटिहार से चलेगी। 07051 तिरुपति-रक्सौल स्पेशल (वाया रांची) 28 फरवरी व 07 मार्च को तिरुपति से चलेगी। 07052 रक्सौल-तिरुपति स्पेशल (वाया रांची) 3 और 10 मार्च को रक्सौल से रवाना होगी।

## झारखंड विधानसभा : विधायक रामचंद्र ने बिजली व्यवस्था सुधार का मुद्दा उठाया

**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के सातवें दिन गुरुवार को विधायक रामचंद्र सिंह ने लातेहार जिला में बिजली व्यवस्था को सुधार करने का मामला सदन में उठाया। साथ ही विधायक ने कहा कि संवेदक के जरिए गड़बड़ी की जा रही है। विधायक के इस सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि कहां गड़बड़ी हो रही है, इस बारे में सदस्य सदन को बताएं। इस पर रामचंद्र सिंह ने मनिका बरवाडीह प्रखंडों का जिक्र किया। इसपर विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र महतो ने कहा कि सदस्य जहां गड़बड़ी हो रही है, वो लिखित रूप में दें। विभाग उसपर त्वरित कार्रवाई करेगा। सदन में खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने ट्राईबल सब प्लान (टीएसपी) फंड के विचलन का मुद्दा उठाया। विधायक ने सरकार से जानना चाहा कि क्या राज्य अपने बजट से टीएसपी को पैसा दे रहा है। पूछा कि टीएसपी की राशि के विचलन के मामलों को गंभीरता से क्यों नहीं लिया जा रहा है। इसके जवाब में मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि केंद्र से टीएसपी फंड आबादी के अनुपात के आधार पर राज्य को मिलता है। उन्होंने स्वीकार किया कि राज्य में टीएसपी फंड के विचलन को लेकर अब तक कोई स्पष्ट गाइडलाइन नहीं बनाई गई है। मंत्री ने कहा कि इस समस्या का समाधान निकालना जरूरी है और इसको लेकर गाइडलाइ बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार इस दिशा में काम करेगी। विधानसभा अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि अन्य राज्यों में टीएसपी फंड खर्च करने के लिए बनाई गई गाइडलाइन का अध्ययन करे। फिर इसको लेकर राज्य में भी गाइडलाइन बनाये। पूरक सवाल पर राजेश कच्छप ने पूछा कि अब तक हुए फंड विचलन में कौन से अधिकारी दोषी हैं और क्या उन पर कार्रवाई की जाएगी। इस पर मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि पूरे मामले का अध्ययन करने के बाद सरकार इस पर विचार करेगी।

# बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत किशोरगंज रोड स्थित एक बंद घर को चोरों ने निशाना बनाया है। घर का ताला तोड़ सोने-चांदी के जेवरात, नकद समेत कई कीमती सामानों की चोरी कर ली गई। पीड़िता दिव्या कुमारी मिश्रा ने इस संबंध में सुखदेवनगर थाना में लिखित शिकायत की है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि परिवार के सभी सदस्य 23 फरवरी को शादी समारोह में शामिल होने बिहार के औरंगाबाद गए थे। 25 फरवरी की सुबह जब घर लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और सारा सामान बिखरा पड़ा है। जब कमरे में गए तो देखा कि अलमारी का लॉक टूटा हुआ है और उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात, कैश और अन्य सामान गायब हैं। थाना में दर्ज शिकायत के अनुसार, चोर घर से तीन सोने का मंगलसूत्र, एक सोने का चेन, दो सोने की कान की बाली, मांगटीका, नाक, नौ चांदी की पायल, तीन चांदी की कटोरी, एक चांदी के चम्मच, चांदी का दिया 10, दो चांदी का किया समेत अन्य आभूषण शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही सुखदेव नगर थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# सीएमपीडीआई एवं डब्ल्यूवीएस होप के बीच एमओए पर हस्ताक्षर

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** सीएमपीडीआई ने अपनी सीएसआर परियोजना करूणा के अंतर्गत समर्पित पशु बचाव एम्बुलेंस उपलब्ध कराने के लिए डब्ल्यूवीएस होप, रांची के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया। इस पहल का उद्देश्य रांची नगर निगम क्षेत्र में पशु जन्म नियंत्रण और बेसहारा कुत्तों के रेबीज रोधी टीकाकरण के माध्यम से जन स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना है। इस समझौता ज्ञापन पर सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) डॉ शिशिर दत्ता और डब्ल्यूवीएस होप की कोषाध्यक्ष सुश्री शालिनी सिन्हा ने हस्ताक्षर किए।

पशु बचाव समर्पित एम्बुलेंस, रांची स्थित डब्ल्यूवीएस होप को स्थानीय जनता, सीएमपीडीआई-रांची, नगर निगम और अन्य एजेंसियों की तरफ से आने वाली कॉलों पर नसबंदी और रेबीज रोधी टीकाकरण के लिए तुरंत प्रतिक्रिया देने में सक्षम बनाएगी। यह एकीकृत दृष्टिकोण बेसहारा कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करने के साथ-साथ रेबीज के प्रकोप को रोकने में भी सहायक होगा जिससे रांची में जन स्वास्थ्य को मजबूती मिलेगी।

# नीदरलैंड से मंगाये गये आठ लाख के नशे की खेप के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** रांची पुलिस ने नशे के सामान की खरीदी बिक्री के मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के नाम कुमार अभिषेक और अविनाश कुमार मिश्रा है। ये लोग सुखदेव नगर इलाके का रहने वाले हैं। वहीं अन्य गिरफ्तार तस्करों के नाम कृष्ण कुमार महतो है। वह पुंदाग थाना क्षेत्र का रहने वाला है। रांची के युवाओं में इन दिनों विदेशी नशा करने का प्रचलन बढ़ गया है। रांची पुलिस को जानकारी मिली थी डार्क वेब के माध्यम से मादक पदार्थ पार्सल के माध्यम से मनाया गया है। यह मादक पदार्थ ओझा मार्केट के पास डिलीवर होना है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की एक टीम गठन किया गया। छापेमारी टीम जब ओझा मार्केट के पास पहुंची तो लाल कपड़ा पहना हुआ एक स्कूटी सवार युवक आया। उसने मादक पदार्थ को रिसिव किया और कुछ दूर आगे बढ़ा ही था कि पुलिस टीम ने उसे रोका गया और नाम-पता पूछा। इसपर उसने अपना नाम कुमार अभिषेक बताया। इसके बाद उसकी विधिवत तलाशी ली गयी तो उसके पास से एक सफेद रंग का लिफाफा बरामद हुआ, जिस पर एक टिकट सटा, टिकट पर नीदरलैंड इंटरनेशनल लिखा हुआ था। पुलिस ने लिफाफा खोला तो बेल्जियन ग्रीटिंग्स कार्ड पाया गया। कार्ड खोलने पर 100 पैच का एक रंग-बिरंगा कागज पाया गया। पुलिस ने इसके बाद अभिषेक से पूछताछ की तो बताया कि लिफाफे के अंदर एलएसडी नामक मादक पदार्थ है। इसे मैं अविनाश के साथ मिलकर डार्क वेब से क्रिप्टोकरंसी द्वारा पेमेंट कर नीदरलैंड से डाक के माध्यम से एलएसडी (मादक पदार्थ) मंगाया है। जिसका वजन 12.80 ग्राम, सिल्वर पेपर सहित वजन 02.23 ग्राम और एलएसडी का कुल वजन 01.74 ग्राम पाया गया। जिसका अनुमानित मूल्य आठ लाख है।

# तीन दिवसीय मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** गणिनाथ गोविंद ट्रस्ट, रातू द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ आज भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर लगभग 501 श्रद्धालु महिलाओं ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से कलश यात्रा में भाग लिया। मंदिर प्रांगण से निकटवर्ती तालाब तक जाकर पवित्र जल भरकर पुनः मंदिर परिसर में आगमन किया गया। तत्पश्चात विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना प्रारंभ हुई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कलश यात्रा के उपरांत मंडप प्रवेश, वेदी पूजन, जल अधिवास एवं आरती सम्पन्न कर प्रथम दिवस का कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ। कल के कार्यक्रम के अंतर्गत देवी-देवताओं की भव्य शोभायात्रा के साथ नगर भ्रमण किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुजन भक्ति एवं उत्साह के साथ सम्मिलित होंगे।

दिनांक 28 को भव्य भंडारे के साथ नव-निर्मित मंदिर का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। यह जानकारी बाबा गणिनाथ परिवार ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक निपुण मृणाल, ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक कुमार प्रसाद, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद प्रसाद, सचिव अभिजीत कुमार, राजीव प्रसाद, समेत ट्रस्ट के गणमान्य, वरिष्ठ सदस्यों ने दी है।

## श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में फाल्गुन रंग रंगीलो होली मिलन का भव्य आयोजन

**रांची।** पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में फाल्गुन मास के अवसर पर रंग रंगीलो होली मिलन कार्यक्रम का भव्य एवं भक्तिमय आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम परमहंस हिन्दू रत्न से अलंकृत डॉ. संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज के पावन आशीर्वाद से संचालित एम.आर.एस. श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के अंतर्गत सामाजिक संस्था श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम द्वारा आयोजित किया गया। मंदिर प्रांगण को रंग-बिरंगी सजावट और पुष्पों से सुसज्जित किया गया था। फाल्गुन की मधुर बेला में श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति ने पूरे वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।

# सारंडा सेंक्चुअरी के मामले में झारखंड सरकार फिर गयी सुप्रीम कोर्ट

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड सरकार ने सारंडा अभयारण्य घोषित करने से संबंधी सुप्रीम कोर्ट के 13 नवंबर 2025 के आदेश को जैसा है वैसा लागू नहीं करने का फैसला किया है और इस मामले में पुनर्विचार याचिका (रिव्यू पिटिशन) दायर की है। विधानसभा में इसका मुद्दा उठा। जमशेदपुर (पश्चिम) के विधायक सरयू राय ने अपने तारांकित प्रश्न में सरकार से पूछा था कि क्या राज्य सरकार उक्त क्षेत्र को अभयारण्य घोषित करना चाहती है या नहीं? इस पर सरकार ने लिखित उत्तर में बताया कि आदेश को सीधे लागू करने के बजाय सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की गई है। हालांकि सरकार ने यह स्पष्ट नहीं किया कि रिव्यू पिटिशन किस तिथि को दायर की गई और क्या उसे सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार (एडमिट) किया है या नहीं।

**आदेश को लागू करने की अंतिम तिथि खत्म :** विभाग ने यह भी माना कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लागू करने की अंतिम तिथि 12 फरवरी 2026 को समाप्त हो चुकी है, लेकिन अब तक सरंडा वन प्रमंडल को औपचारिक रूप से सारंडा वन्यजीव अभयारण्य घोषित करने की अधिसूचना जारी नहीं की गई है।

**क्या है मामला :** सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ, जिसमें तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश इफ ऱ्क्ष्ं की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को 31468.25 हेक्टेयर क्षेत्र को अभयारण्य घोषित करने का निर्देश दिया था। इनमें से छह कम्पार्टमेंट, जिनका क्षेत्रफल लगभग 22 हेक्टेयर है, को 2016 में अधिसूचित मिनिमम प्लान फॉर सस्टेनेबल माइनिंग के तहत खनन क्षेत्र में शामिल किया गया था। ऐसे में प्रभावी रूप से लगभग 292 हेक्टेयर क्षेत्र सारंडा वन्यजीव अभयारण्य के दायरे में आएगा। बता दें कि 31468.25 हेक्टेयर का यह क्षेत्र 1968 में सारंडा गेम सैंक्चुअरी के रूप में अधिसूचित किया गया था।

# कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू होगी मतगणना कार्य, 800 सुरक्षा कर्मी रहेंगे मुस्तैद

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 के तहत आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) -सह- उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अमित रेनू के संयुक्त अध्यक्षता में मतगणना परिसर महिला कॉलेज -चाईबासा में मतगणना तिथि 27 फरवरी 2026 के दिन क्षेत्र अंतर्गत बेहतर विधि व्यवस्था संधारण के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों का संयुक्त ब्रीफिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त उत्कर्ष कुमार, अपर उपायुक्त प्रवीण केरकेट्टा, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी निवार्ची पदाधिकारी सहित अन्य संलग्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सत्र के प्रारंभ में बताया गया कि 27 फरवरी के दिन पूर्वाह्न 8:00 बजे से मतगणना का कार्य प्रारंभ होगा तथा उससे पूर्व स्ट्रांग रूम खोलने के लिए 18. चाईबासा नगर परिषद एवं 17. चक्रधरपुर नगर परिषद के अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद पद के सभी अभ्यर्थियों का महाविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार से प्रवेश होगा और मतगणना कक्ष हेतु अधिकृत प्रत्याशियों के मतगणना अभिकताओं का प्रवेश, मधु बाजार की तरफ स्थित महाविद्यालय के प्रवेश द्वार से होगा। इसलिए यह आवश्यक है कि मतगणना हेतु प्रतिनियुक्ति सभी दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, मतगणना कर्मी निर्धारित तिथि को तय समय से अपने-अपने स्थान पर उपस्थित रहेंगे। मतगणना परिसर के भीतर बिना अधिकृत पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जाएगा और मतगणना कक्ष के भीतर किसी भी प्रकार की कोई सामग्री लाने की मनाही होगी, प्रत्याशियों के अभिकर्ता सिर्फ कागज/कलम अंदर ला सकेंगे।

ब्रीफिंग सत्र को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी(नगरपालिका) -सह- उपायुक्त ने कहा कि समस्त मतगणना प्रक्रिया सुगमता से संपन्न हो, इसके लिए मतगणना के समय हम सभी को अपने-अपने दायित्व पर सजग रहकर निष्पक्षता के साथ मतगणना कार्य का निर्वहन सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि मतगणना तिथि के दिन सभी कर्मी/पुलिस पदाधिकारी/ दंडाधिकारी/ प्रभारी पदाधिकारी/नोडल पदाधिकारी नियत समय पर अपने स्थान पर उपस्थित रहकर ससमय अपने कार्यों का निष्पादन करेंगे। कर्तव्य निष्पादन के दौरान किसी भी तरह के असमंजस की स्थिति में त्वरित अपने वरीय पदाधिकारी को सूचना देंगे, ताकि कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दिया जा सके।

# फरार वारंटी नसीब उर्फ टेढ़ूं गिरफ्तार, न्यायालय में पेश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गुवा।** किरीबुरू थाना क्षेत्र में दर्ज कांड संख्या 31/2020 के तहत फरार चल रहे वारंटी सह मेघाहातुबुरु निवासी सेलकर्मी नसीब उर्फ टेढ़ूं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 447, 341, 323 एवं 504 के तहत मामला दर्ज है। संबंधित कांड का जीआर नंबर 32/20 बताया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी, पिता एसके अलाउद्दीन, मेघाहातुबुरू, थाना किरीबुरू, जिला पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) का निवासी है। न्यायालय से वारंट जारी होने के बावजूद वह लंबे समय से फरार था। गुप्त सूचना के आधार पर किरीबुरू थाना पुलिस ने छापेमारी कर उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए 26 फरवरी गुरुवार को उसे माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान जारी है।

## संक्षिप्त

### राजाबुरू खदान बंदी पर मुंडा मंगल पुरती ने जताई आपत्ति



**गुवा।** गुवासाई के ग्रामीण मुंडा मंगल पुरती ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सारंड़ा विकास समिति जामकुंडिया-दुईया द्वारा रांजाबुरू खदान को 23 फरवरी 2026 की सुबह से पूर्ण रूप से बंद किया गया है। इस बंदी को लेकर दुईया गांव में दो दिन पूर्व बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें चार गांवों के ग्रामीण मुंडा शामिल हुए थे। मंगल पुरती ने आरोप लगाया कि सारंड़ा पीढ़ के मानकी सुरेश चाम्पिया को इस महत्वपूर्ण बैठक में शामिल नहीं किया गया, जबकि गुवा सेल माइन्स और रांजाबुरू माइन्स घाटकुडी कम्पार्ट का सीमा क्षेत्र उनके अधिकार क्षेत्र में आता है। ऐसे में उन्हें बैठक से अलग रखना उचित नहीं है।उन्होंने यह भी कहा कि 18 गांवों को आंदोलन में शामिल बताना भ्रामक है। यदि मानकी-मुंडाओं के साथ बैठक कर आपसी सहमति से निर्णय लेकर उनके नेतृत्व में जन आंदोलन किया जाता तो उन्हें पूर्ण समर्थन रहता। लेकिन ऐसा नहीं होने के कारण 10 गांवों के मानकी-मुंडा एवं ग्रामीण इस आंदोलन के समर्थन में नहीं हैं।

### टोंटोगड़ा के पास सड़क किनारे मिला आईईडी, सीआरपीएफ ने किया निष्क्रिय

**गुवा।** छोटानागरा थाना क्षेत्र के टोंटोगड़ा गांव के समीप मुख्य सड़क किनारे आज दोपहर लगभग 12:00 बजे संदिग्ध वस्तु मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्च अभियान के दौरान सीआरपीएफ की टीम को सेडल से मनोहरपुर जाने वाली सड़क पर टोंटोगड़ा गांव के पास लोहे के पाइप में रखा आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) मिला। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सीआरपीएफ जवानों ने तत्काल इलाके की घेराबंदी कर आम लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी। सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए बम निरोधक प्रक्रिया अपनाई गई और सावधानीपूर्वक नियंत्रित विस्फोट कर आईईडी को निष्क्रिय कर दिया गया।

# महिलाओं ने सजावटी मछली पालन व प्रबंधन के सीखे गुर

**मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गुमला।** मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय ने सजावटी मछली पालन एवं प्रबंधन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, लखनऊ के सहयोग से ए.सी.-एस.पी. परियोजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। इसमें बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड से 18 महिलाओं ने भाग लिया। ये महिलाएं सात विभिन्न स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई हैं।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को एक्वेरियम निर्माण, सजावटी मछली पालन और रखरखाव, रंगीन मछलियों का प्रजनन, आहार निर्माण एवं प्रबंधन, एक्वास्केपिंग, पानी की गुणवत्ता की जांच एवं प्रबंधन और रोग के रोकथाम एवं उपचार के विषय में विस्तृत जानकारी डी गयी।

उद्घाटन सत्र में भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, लखनऊ के निदेशक ऑनलाइन माध्यम से सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण के दौरान किसानों का संवाद केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल, से भी कराया गया।

प्रशिक्षणार्थियों को किट के रूप में विभिन्न सामग्री प्रदान की गई, जिनमें एफ.आर.पी. टैंक, रंगीन मछलियाँ, एक्वेरियम सजावट के लिए रंगीन पत्थर एवं कृत्रिम पौधे, मछलियों के रख-रखाव के प्रबंधन के लिए छोटे-छोटे नेट, आहार और दवाई, हीटर, एरेटर आदि शामिल थे। इन समाग्रियों के माध्यम से प्रतिभागी तुरंत रंगीन मछली के पालन एवं विपणन से सम्बंधित रोजगार प्रारंभ कर सकेंगे।

समापन सत्र में जिला मत्स्य पदाधिकारी श्रीमती कुसुमलता ने किसानों को प्रोत्साहित किया। सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। यह प्रशिक्षण महाविद्यालय के सह-अधिष्ठाता डॉ. ए.के. सिंह के मार्गदर्शन एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. के.एस. विसडम एवं डॉ. प्रसान्त जना के दिशा-निर्देश मंर संपन्न हुआ। प्रशिक्षण की सफलता में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. श्वेता कुमारी, डॉ. मनमोहन कुमार, डॉ. मोहम्मद अशरफ मलिक, डॉ. आनंद वैष्णव, डॉ. कस्तूरी चट्टोपाध्याय के साथ-साथ अन्य सभी सहायक प्राध्यापकों, गैर शैक्षणिक कर्मचारियों, रेशमी सिंह एवं संजय नाथ पाठक का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पूरे प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो से युवा प्रोफेशनल आलोक कुमार भी उपस्थित रहे।

### जस्टिस ऑन व्हील का सोनुआ और आसपास के गांवों में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



**सोनुआ।** गुरूवार को झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिम सिंहभूम चाईबासा सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मौहम्मद शाकिर के मार्गदर्शन में सोनुवा प्रखंड के विभिन्न पंचायत एवं गांव में जस्टिस ऑन व्हील के माध्यम से निशुल्क विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित संरचना से अवगत कराया गया, प्रखंड परिसर में जनजागरुकता के पश्चात चलंत वाहन ग्रामीण क्षेत्र राघोई, आसनतालिया और भालुरुंगी पहुंची, वहाँ ग्रामीणों को अधिकार मित्रों ने डीएलएसए (जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) द्वारा संचालित 'जागृति' योजना की जानकारी दी उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य नुक्कड़ नाटकों, हैंडबुक और कार्यशालाओं के माध्यम से कमजोर वर्गों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। यह योजना मुफ्त कानूनी सहायता, लोक अदालत, और महिलाओं/बच्चों के लिए विधिक साक्षरता को बढ़ावा देती है ताकि कोई भी अज्ञानता के कारण अधिकारों से वंचित न रहे जस्टिस ऑन व्हील के माध्यम से आज सोनवा बाजार में भी ग्रामीणों की समस्याओं से संबंधित आवेदन एकत्रित किया गया और वहां मौजूद व्यापारी वर्ग को बाल श्रम और बाल विवाह कानून के अंतर्गत जानकारी प्रदान की गई, वक्ताओं ने बताया कि बच्चों से पढ़ाई की जगह श्रम अपराध है और उनके मौलिक अधिकारों का हनन भी है, उन्हें सुरक्षित और स्वच्छ माहौल प्रदान कर स्वाभाविक विकास का अवसर देना हम सब का दायित्व है। उपरोक्त जानकारी प्राधिकार के सचिव रवि चौधरी ने दी।

### महिला कॉलेज, चाईबासा में 2 मार्च को विकसित भारत युवा सांसद कार्यक्रम का आयोजन




**चाईबासा।** गुरूवार को भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में पश्चिमी सिंहभूम जिले के महिला कॉलेज, चाईबासा में 2 मार्च 2026 को 'विकसित भारत @ युवा सांसद' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिले के 18 से 25 वर्ष के युवा 'आपातकाल के 50 वर्ष: लोकतंत्र के लिए सबक' विषय पर अपनी राय रखेंगे। हिंदी या अंग्रेजी में तीन मिनट में युवा लोकतंत्र की मजबूती पर विचार व्यक्त करेंगे। जिला स्तर पर 10 सफल युवा चयन होगा, जो राज्य स्तर युवा संसद में भाग लेंगे। तत्पश्चात युवा नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिला स्तरीय युवा संसद में मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा रहेंगे। प्राचार्या डॉ प्रीतिबाला ने अधिक से अधिक युवाओं को भाग लेने की लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा विकसित भारत युवा संसद युवाओं को राष्ट्रीय चचाओं में भाग लेने और 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना को आकार देने का मंच प्रदान करती है। राष्ट्रीय सेवा योजना नोडल ऑफिसर डॉ अर्पित सुमन ने कहा विकसित भारत युवा संसद 2026 युवाओं को नेतृत्व, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और नीति-निर्माण की समझ विकसित करने का एक प्रमुख अवसर है। चयन क्राइटेरिया और योग्यता आयु: आवेदक की आयु 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। भाषा: भाषण हिंदी या अंग्रेजी में दिया जा सकता है। प्रक्रिया: जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ वक्ताओं का चयन, फिर राज्य और फिर राष्ट्रीय स्तर पर (दिल्ली में) विषय: मुख्य विषय आपातकाल के 50 वर्ष: भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक है। मूल्यांकन: जूरी द्वारा योग्यता और विषय की समझ के आधार पर चयन किया जाता है। पंजीकरण: आधिकारिक वेबसाइट पर पंजीकरण अनिवार्य है।

## बड़ाजामदा बाजार में तीन दिवसीय आयुष स्वास्थ्य मेला आयोजित, 214 लोगों ने लिया लाभ

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गुवा।** नोवामुंड़ी प्रखंड के बड़ाजामदा बाजार में प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय आयुष स्वास्थ्य मेला का सफल आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ बड़ा जामदा की मुखिया पार्वती देवगम ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि आयुष पद्धति ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ती और प्रभावी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने का सशक्त माध्यम है। मेले के दौरान आयुर्वेदिक एवं होमियोपैथिक दवाएं मरीजों के बीच निःशुल्क वितरित की गईं। इसके साथ ही लोगों को योगाभ्यास के महत्व, दैनिक जीवन में अपनाए जाने वाले स्वास्थ्य नियमों तथा विभिन्न औषधीय पौधों के उपयोग और लाभ की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि नियमित योग और आयुष पद्धति के उपचार से कई सामान्य एवं दीर्घकालिक बीमारियों में लाभ मिलता है। इस तीन दिवसीय स्वास्थ्य मेले में कुल 214 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। विशेष रूप से 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए ब्लड प्रेशर एवं शुगर की निःशुल्क जांच की गई, जिससे लोगों को अपनी स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी मिल सकी। कार्यक्रम में आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ. टिम्मा रानी हेम्ब्रम, डॉ. निशा सुम्बरूई, डॉ. राधिका कुमारी सहित सहियाओं में नंदिनी बेहरा, निर्मला देवी, मंजू देवी एवं सुबासी राऊत उपस्थित रहीं।

## झारखंड मजदूर यूनियन की बैठक में महिला समिति का हुआ गठन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गुवा।** गुवा बाजार स्थित झारखंड मजदूर यूनियन कार्यालय में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के सक्रिय सदस्य दासों तिरिया ने की। बैठक में मजदूरों की विभिन्न समस्याओं, उनके अधिकारों एवं संगठन को मजबूत बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। संगठन को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से सर्वसम्मति से नई महिला समिति का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष पद पर चांदमनी देवी को चुना गया। उपाध्यक्ष के रूप में दीपिका सिंकु एवं सावित्री पिंगुवा, महामंत्री पद पर पदमा देवी, संगठन मंत्री के रूप में शालू करुवा एवं हंसा देवी तथा कोषाध्यक्ष पद पर विषम करुवा को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में विदेशवी देवी को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जर्मनी मिंज, अपरा लकड़ा, सावित्री हेस्सा, वीणा करुवा एवं सोमवारी लोहार को शामिल किया गया।

## बीएल नेवटिया टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में टॉउन क्लब और फ्रेंड्स क्लब की आसान जीत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रहे 33वीं बी० एल० नेवटिया टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत आज दो मैच खेले गए। पूर्वाह्न दस बजे से खेले गए क्वार्टर फाईनल मुकाबले में जहाँ टॉउन क्लब चाईबासा ने एस० आर० रूंगटा ग्रुप को 8 विकेट से पराजित कर सेमीफाईनल में अपना स्थान पक्का किया वहीं अपराह्न एक बजे से खेले गए प्री क्वार्टर फाईनल मैच में फ्रेंडस क्लब चाईबासा ने प्रताप क्रिकेट क्लब चाईबासा को 106 रनों से पराजित कर क्वार्टर फाईनल में प्रवेश किया।

चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए आज के पहले मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एस० आर० रूंगटा ग्रुप की टीम ने निर्धारित बीस ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 202 रनों का स्कोर खड़ा किया। एस० आर० रूंगटा ग्रुप की ओर से कृष्णा कुमार महतो ने छः चौके एवं दो छक्के की सहायता से 57 रनों की पारी खेली। अन्य बल्लेबाजों में विकेटकीपर बल्लेबाज रोबिन लोहरा ने चार चौके एवं चार छक्के की मदद से 49, कप्तान अभिषेक कच्छप ने 28 एवं रौशन कुमार साहु ने 22 रनों का योगदान दिया। टॉउन क्लब चाईबासा की ओर से पारस नंदी ने 43 रन देकर तीन तथा आदित्य राज ने 38 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

जीत के लिए निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी टॉउन क्लब की टीम ने 18 ओवर में मात्र दो विकेट के नुकसान पर 203 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। टॉउन क्लब की ओर से सिद्धार्थ अग्रवाल ने आठ चौके एवं तीन छक्के की सहायता से 72 रनों की शानदार पारी खेली और अंत तक आउट नहीं हुआ। कप्तान प्रणय विश्वकर्मा ने भी नौ चौके एवं एक छक्का की मदद से 51 रन बनाए जबकि चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए प्रभात बोयपाई चार चौके एवं पाँच छक्के की सहायता से 53 रन बनाकर नाबाद रहा। एस आर रूंगटा ग्रुप की ओर से कप्तान अभिषेक कच्छप ने 23 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

**हर्बल गुलाल से खेलें होली, प्राकृतिक उत्पादों से होता है तैयार**

# सखी मंडल की दीदियां कर रहीं 10 क्विंटल उत्पाद

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**मेदिनिगर।** इस वर्ष होली पर कैमिकल युक्त रंगों की जगह हर्बल गुलाल की मांग बढ़ रही है। ग्रामीण विकास विभाग के ह्यपलाशह्न ब्रांड के तहत सखी मंडल की दीदियां प्राकृतिक उत्पादों से हर्बल गुलाल तैयार कर रही हैं। उक्त बातें उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने कही। वे समाहरणालय सभागार में सखी मंडल निर्मित हर्बल गुलाल का लोकार्पण कर रहे थे। उप विकास आयुक्ता ने कहा कि हर्बल गुलाल त्वचा के लिए सुरक्षित है। इससे नुकसान की आशंका कम रहती है। उन्होंने दीदियों को हर्बल अगरबत्ती एवं मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती निर्माण के लिए भी प्रेरित किया। जिले के लेस्लीगंज, नवडीहा बाजार और छतरपुर प्रखंड की महिलाओं द्वारा इस वर्ष लगभग 10 क्विंटल हर्बल गुलाल का निर्माण किया जा रहा है। इसकी बिक्री जिले के विभिन्न प्रखंडों में की जा रही है।

गुलाल निर्माण में चुकंदर (बिट), आरारोट, पालक साग, हल्दी, गेंदा फूल, उड़हुल फूल और पलाश के फूल का उपयोग किया गया है। लेस्लीगंज आजीविका उत्पादक समूह की पूजा देवी, नुरेशा खातून, रेनू देवी, राणा सिद्दिकी, नागवंती देवी एवं नुशरत बीबी समेत अन्य दीदियां इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। होली को लेकर बाजार में रंग और अबीर की बिक्री तेज है। वहीं, प्राकृतिक उत्पादों से तैयार हर्बल गुलाल लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

सखी मंडल की दीदियों ने रंगों के इस पर्व को आजीविका के वैकल्पिक साधन से जोड़ते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में सराहनीय पहल की है। प्राकृतिक रूप से तैयार पलाश गुलाल ह्यपलाश मार्टह्न में उपलब्ध है।

कार्यक्रम में एनडीसी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता करकेट्टा,जिला प्रबंधक स्किल एवं जॉब नवल किशोर राजू, जिला प्रबंधक अख्तर अंसारी, प्रवीण सिंह, बीपीओ सुनील कुमार सहित उत्पादक समूह की सदस्याएं उपस्थित रहीं।

## पश्चिमी सिंहभूम जिला ओलंपिक और एथलेटिक्स संघ ने विधायक जगत माझी को दिया धन्यवाद

**गोइलकेरा, मनोहरपुर एवं आनंदपुर में आवासीय एवं डे बोर्डिंग खेल सेंटर खुले**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** मनोहरपुर विधायक एवं पश्चिमी सिंहभूम जिला ओलंपिक एसोसिएशन के संरक्षक जगत माझी ने मनोहरपुर, गोइलकेरा, आनंदपुर में आवासीय एवं डे बोर्डिंग खेल सेंटर खोलने के लिए विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्न पूछे , जिसका विभागीय मंत्री ने अगले बैठक में विचार करने की बात कही। विधायक ने प्रश्न में गोइलकेरा में एथलेटिक्स मनोहरपुर में फुटबॉल एवं आनंदपुर में हॉकी का आवासीय सेंटर अथवा डे बोर्डिंग खेल सेंटर अब तक क्यों नहीं खोला गया, जबकि इस क्षेत्र के बहुत सारे खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत कर राज्य का नाम रौशन कर रहे हैं। पश्चिमी सिंहभूम जिला ओलंपिक एवं एथलेटिक्स एसोसिएशन के महासचिव सह अंतरराष्ट्रीय एथलीट अजय नायक ने विधायक जगत माझी को धन्यवाद देते हुए कहा कि जिले के सूदूरवर्ती प्रखंडों में जो खेल सेंटर खुलवाने के लिए विधानसभा में उठाये, यदि खेल सेंटर खुल जाते हैं तो यहां के खिलाड़ियों के लिए यह वरदान साबित होगा। नायक ने कहा कि जिला खेल संचालन समिति के बैठक में मैं लगातार 4-5 वर्षों से इस बात को उठाता रहा, जिला खेल संचालन समिति द्वारा खेल विभाग झारखंड को अग्रसर किया जाता है लेकिन पता नहीं किस कारण अस्वीकार कर दिया जाता है।

# राज तांती हत्याकांड का आरोपित गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के चक्रधरपुर में हुए चर्चित राज तांती हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। मामले में गुड्डू उर्फ राहुल जायसवाल (19) को गिरफ्तार किया गया है। गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) बहामन टूटी ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि मृतक की माता के लिखित आवेदन के आधार पर चक्रधरपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक चाईबासा के निर्देश पर एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के साथ-साथ गुप्त सूचना के आधार पर संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम गुड्डू उर्फ राहुल जायसवाल बताया।

पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक पूछताछ में आरोपित ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उसने बताया कि घटना से एक दिन पूर्व मृतक राज तांती ने अपने कुछ साथियों के साथ उसकी बाइक और मोबाइल छीन लिया था और उसके साथ मारपीट की थी। इस अपमान और मारपीट से आक्रोशित होकर उसने बदला लेने की ठान ली। अगले दिन उसने धारदार चाकू से हमला कर राज तांती की हत्या कर दी। आरोपित की निशानदेही पर उसके घर से हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया। इसके अतिरिक्त घटनास्थल से खून से सना कमीज और घटना के समय आरोपित की ओर से पहना गया जींस भी जब्त किया गया है। पुलिस ने इन सभी सामग्रियों को जब्त कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सडीपीओ ने बताया कि इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर चाईबासा, पुलिस उपाधीक्षक (परिचालन) चक्रधरपुर, थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन की पहल : निर्वाण-2 केंद्र में दो निराश्रित वरिष्ठ नागरिकों को मिला सुरक्षित आश्रय

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**जमशेदपुर।** डुमरिया स्थित निर्वाण-2 वृद्ध देखभाल केंद्र में दो अकेले एवं उपेक्षित वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानपूर्वक आश्रय प्रदान किया गया। डुमरिया निवासी सुरु महाकुर को डॉ. के. एल. महाली के सहयोग से केंद्र में भर्ती कराया गया। वहीं चांडिल निवासी श्याम सुंदर दत्ता को जनप्रतिनिधि नंदिता चक्रवर्ती के विशेष प्रयासों से केंद्र तक पहुंचाया गया। बताते चलें कि, हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन द्वारा संचालित इस केंद्र का उद्देश्य बेसहारा एवं जरूरतमंद बुर्जुगों को सुरक्षित आवास, स्वास्थ्य देखभाल एवं सम्मानपूर्ण जीवन उपलब्ध कराना है। संस्था ने विश्वास व्यक्त किया है कि दोनों वरिष्ठ नागरिक केंद्र के पारिवारिक एवं स्नेहमय वातावरण में बेहतर, सुरक्षित और गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत कर सकेंगे।

### संक्षिप्त

#### आराध्या ब्यूटी पार्लर एवं श्रृंगार स्टोर का उद्घाटन



**बिशुनपुरा (गढ़वा)।** जिले के बिशुनपुरा प्रखंड के संध्या ग्राम में गुरुवार को आराध्या ब्यूटी पार्लर एवं श्रृंगार स्टोर का उद्घाटन हुआ। प्रोपराइटर के पिता रामजी शर्मा ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। दुकान के प्रोपराइटर सह समाजसेवी संजय सूर्या ने बताया कि पार्लर में महिलाओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक उपकरणों एवं प्रशिक्षित कर्मियों के माध्यम से सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यहां फेसियल, हेयर कटिंग, ब्लीचिंग, ब्राइडल मेकअप, पार्टी मेकअप, आइब्रो, दुल्हन सजाने सहित विभिन्न प्रकार की सौंदर्य सेवाएं अत्यंत किफायती दरों पर दी जाएंगी। श्रृंगार से जुड़े विभिन्न कॉस्मेटिक उत्पाद भी उपलब्ध रहेंगे।

#### उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद और पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कृषि बाजार समिति, लोहरदगा में बनाये गए मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान मतगणना केंद्र की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था, सभी चेक पॉइंट, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी मोनिटरिंग, मीडिया सेंटर, मतगणना टेबल, मतगणना केंद्र की साफ-सफाई, मतगणना अभिकताओं के लिए बने प्रवेश द्वार व मतगणना हॉल में उनके लिए सुनिश्चित स्थल समेत बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश पदधिकारियों को दिए। सभी प्रतिनियुक्त पदधिकारियों, निवार्ची पदाधिकारी, सहायक निवार्ची पदाधिकारी, मतगणना कर्मियों आदि को ससमय मतगणना केंद्र पहुंचने के निर्देश दिए। मतगणना सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। अवसर पर अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद दस, सभी निवार्ची पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

# काउंटिंग की तैयारियां पूरी, मतगणना स्थल पर चाक-चौबंद होगी सुरक्षा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** नगर निकाय चुनाव की मतगणना शुक्रवार को राजकीय पॉलिटेक्निक में सुबह 88 बजे से शुरू होगी। मतगणना को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतगणना स्थल पर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था है। मीडिया कर्मियों के लिए काउंटिंग के समाचार संकलन के लिए मीडिया कोषांग भी बनकर तैयार है। धनबाद नगर निगम के मेयर और 55 वार्ड पार्षदों के मतों की गिनती के लिए 11 काउंटिंग हॉल में 117 टेबल पर और चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष और 21 वार्ड पार्षद के मतों की गिनती 4 काउंटिंग हॉल में 24 टेबल पर की जाएगी। सबसे पहले धनबाद नगर निगम के वार्ड 1, 6, 11, 16, 21, 26, 31, 36, 41, 46 और वार्ड 51 के मतों की गिनती प्रारंभ होगी। तत्पश्चात क्रमवार वार्ड की गणना की जाएगी। धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 1 से 5 के लिए 11 टेबल, 6 से 10 के 11, 11 से 15 के 9, 16 से 20 के 10, 21 से 25 के 12, 26 से 30 के 12, 31 से 35 के 10 टेबल, 36 से 40 के 10, 41 से 45 के 10, 46 से 50 के 10 एवं वार्ड 51 से 55 के लिए 12 टेबल पर मतों की गिनती की जाएगी। वार्ड पार्षद और मेयर की गिनती एक साथ होगी, जबकि चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड 1 से 5, 6 से 10, 11 से 15 एवं 16 से 21 की गिनती 6 - 6 टेबल पर की जाएगी। यहां भी वार्ड पार्षद और अध्यक्ष की गिनती एक साथ होगी। हर टेबल पर काउंटिंग सुपरवाइजर तथा दो असिस्टेंट रहेंगे। वहीं मतगणना को लेकर सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्ट किया गया है। पुलिस की ओर से जारी निर्देश के अनुसार विनोद बिहारी महतो चौक से बेकारबांध तक जाने वाले मार्ग पर किसी भी प्रकार के सामान्य यात्री वाहन या निजी वाहन का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह निर्णय मतगणना स्थल के आसपास भीड़ और जाम की स्थिति से बचने के उद्देश्य से लिया गया है। उक्त मार्ग पर केवल मतगणना कार्य में तैनात पदाधिकारी व कर्मी तथा उम्मीदवार व उनके अधिकृत एजेंट को आने की अनुमति रहेगी। सभी अधिकृत वाहन पॉलिटेकनिक मैदान में ही पार्क किए जाएंगे। सड़क पर वाहन खड़ा करने की अनुमति नहीं होगी। नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। यह व्यवस्था 27 फरवरी की सुबह 05 बजे से रात 08 बजे तक प्रभावी रहेगी।

## गुवा में ठेका मजदूरों का आंदोलन 27 फरवरी को, बसें रोकने का ऐलान



**गुवा।** विभिन्न मांगों को लेकर ठेका मजदूरों ने बुधवार देर शाम झारखंड मजदूर संघर्ष संघ के यूनियन कार्यालय में बैठक कर आगामी 27 फरवरी (शुक्रवार) संध्या 4:00 बजे गुवा सेल प्रबंधन के खिलाफ जनरल ऑफिस के समक्ष आंदोलन करने का निर्णय लिया। साथ ही सेल कर्मचारियों को खदान क्षेत्र ले जाने वाली बसों को रोकने की भी घोषणा की गई। इस संबंध में यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष रामा पांडे ने कहा कि कोलकाता स्थित स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के गेस्ट हाउस में ठेका श्रमिकों को मिलने वाली मेडिकल सुविधा को प्रबंधन ने बंद कर दिया है, जिसे अविलंब पुनः शुरू किया जाए। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक उस पर अमल नहीं हुआ है। यूनियन ने मांग की कि स्किल्ड और सेमी-स्किल्ड कर्मियों की सूची शीघ्र तैयार की जाए, क्योंकि संबंधित टेंडर प्रक्रिया होने वाली है। साथ ही आरोप लगाया गया कि सेल प्रबंधन कर्मियों को आवास उपलब्ध नहीं करा रहा, जबकि ठेकेदारों को चार-पांच आवास दिए जा रहे हैं। इसे बंद कर ठेका कर्मियों को आवास सुविधा दी जाए। यूनियन ने स्थानीय युवाओं—जो अप्रेंटिस, इंजीनियरिंग एवं डिप्लोमा कर चुके हैं—को बहाली में प्राथमिकता देने की मांग की। आसपास के गांवों के ग्रामीणों को भी रोजगार में वरीयता देने पर जोर दिया गया। बैठक में महामंत्री अंतयार्मी महाकुड़, सिकंदर पान सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मी, सप्लाई कर्मी एवं ठेका कर्मी उपस्थित थे।

## उपायुक्त स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष में संधारित व्यवस्था का निरीक्षण किया

**चाईबासा।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 के तहत आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) -सह- उपायुक्त चंदन कुमार के द्वारा महिला कॉलेज-चाईबासा स्थित स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष में संधारित व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त उत्कर्ष कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी(नगरपालिका)-सह- जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्रीमती सविता टोपनो, सभी निवार्ची पदाधिकारी सहित अन्य संलग्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।



निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के द्वारा सर्वप्रथम स्ट्रांग रूम हेतु संचालित सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया गया, तदुपरांत मतगणना कक्ष में मतगणना हेतु संयोजित टेबल, पदाधिकारी/मतगणना कर्मियों और अभिकर्ताओं के लिए व्यवस्थित पृथक-पृथक प्रवेश द्वार, मतगणना कक्ष में मतपेटियों के आगमन का मार्ग आदि का जायजा लेते हुए मतपेटी लाने ले जाने के लिए कर्मियों की प्रतिनियुक्ति, मतगणना कक्ष में प्रप्त्र संधारण की व्यवस्था एवं सामग्रियों की उपलब्धता सहित अन्य बिंदुओं के संदर्भ में जानकारी प्राप्त किया गया। इस क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा मतगणना कक्ष तक आने में सुगमता हेतु कर्मियों एवं अभिकर्ताओं के लिए पर्याप्त साइनेज का अधिष्ठापन, बेहतर घेराबंदी, ससमय कार्य निष्पादन की सुनिश्चितता के संदर्भ में आवश्यक एवं उचित निर्देश भी दिया गया।

## मंजरों से लदे आम के पेड़, भरपूर फसल की उम्मीद

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**खूंटी।** जिले की धरती इन दिनों आम के मंजरों की खुशबू से सराबोर है। गांवों से लेकर बागानों तक, जहां नजर डालिए वहीं आम के पेड़ मंजरों से लदे दिखाई दे रहे हैं। बीजू एम हो, आम्रपाली हो या अन्य देसी-विदेशी प्रजातियों के आम इस वर्ष पेड़ों पर मंजरों की ऐसी बहार आई है कि कई जगह पत्ते तक नजर नहीं आ रहे हैं। यह दृश्य न केवल किसानों के चेहरे पर मुस्कान ला रहा है, बल्कि आने वाले मौसम में भरपूर आम उत्पादन की मजबूत उम्मीद भी जगा रहा है। कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने गुरुवार को बताया कि इस बार मौसम आम की फसल के अनुकूल रहा है। सर्दियों में पर्याप्त ठंड, समय पर नमी और अब हल्की गर्मी—इन सभी कारकों ने आम के पेड़ों में अच्छी फ्लावरिंग को बढ़ावा दिया है। यदि आने वाले दिनों में तेज आंधी, ओलावृष्टि या असामान्य बारिश नहीं होगी तो आम की फसल रिकॉर्ड स्तर पर होने की संभावना है। यही कारण है कि किसान अभी से फसल को लेकर आशान्वित हैं। उन्होंने आम उत्पादक किसानों से कहा कि जब मंजर में टिकोरे आने लगे, तो एक लीटर पानी में डेढ़ मिलीलीटर (एमएल) में कोजेब दवा का छिड़काव करें। वहीं कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी (आत्मा) के सहायक परियोजना निदेशक अमरेश कुमार ने कहा कि खूंटी जिला पहले से ही आम उत्पादन के लिए जाना जाता है। यहां की मिट्टी, जलवायु और परंपरागत बागवानी पद्धतियां आम के लिए अनुकूल मानी जाती हैं। जिले के कई गांवों में आम केवल फल नहीं, बल्कि आजीविका का प्रमुख साधन है। आम्रपाली जैसी उन्नत किस्में जहां बेहतर उत्पादन और बाजार मूल्य देती हैं, वहीं बीजू एम हो और देसी किस्में स्वाद और सुगंध के लिए प्रसिद्ध हैं। इस वर्ष मंजरों की संख्या देखकर यह अनुमान लगाया जा रहा है।

## विधायक ने विधानसभा में उठाई तोरपा में कृषि मंडी निर्माण की मांग

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** झारखंड विधानसभा के सत्र के सातवें दिन गुरुवार को तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने सदन में अपने क्षेत्र के किसानों से जुड़े मुद्दों को उठाया। उन्होंने तोरपा विधानसभा क्षेत्र में कृषि मंडी के निर्माण और किसानों को विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की मांग सरकार से की। विधायक ने कहा कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र मुख्य रूप से कृषि आधारित इलाका है, जहां अधिकांश किसान खेती पर निर्भर हैं। यहां के किसान मेहनत और लगन से अच्छी पैदावार करते हैं, लेकिन उचित बाजार व्यवस्था के अभाव में उन्हें अपनी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कृषि मंडी नहीं होने के कारण किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए दूर-दराज के बाजारों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे समय और परिवहन खर्च बढ़ता है। सुदीप गुड़िया ने यह भी कहा कि भंडारण की समुचित व्यवस्था नहीं होने से किसानों को फसल तत्काल बेचनी पड़ती है।

# पलामू में 79 टेबल पर होगी मतों की गिनती

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पलामू।** पलामू के कुल 5 नगर निकाय क्षेत्र की मतगणना जी.एल.ए कॉलेज में होगी। इसके लिए 79 टेबल बनाये गये हैं। शुक्रवार को सुबह 8 बजे से मतों की गिनती की जाएगी। सभी नगर निकाय के लिये अलग-अलग टेबल व काउंटर बनाये गये हैं। मेदिनीनगर नगर निगम की मतगणना 27 टेबल के माध्यम से 5 राउंड में पूर्ण होगी। विश्रामपुर नगर परिषद के लिये 13 टेबल के जरिये 3 राउंड में मतों की गिनती की जाएगी। वहीं छतरपुर नगर पंचायत के नतीजे के लिए 12 टेबल एवं दो राउंड निर्धारित किया गया है। हुसैनाबाद नगर पंचायत के मतों की गणना 15 टेबल के जरिए दो राउंड में कंप्लीट किया जाएगा। हरिहरगंज नगर पंचायत के लिए 12 टेबल एवं दो राउंड निर्धारित है। मतों के गणना के लिये 90 से अधिक पर्यवेक्षक, 170 से अधिक मतगणना सहायक की प्रतिनियुक्ति की गयी है। मेयर-अध्यक्ष एवं वार्ड के 718 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला मतगणना के साथ मेयर-अध्यक्ष एवं वार्ड के 718 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला होगा। मेयर एवं अध्यक्ष पद मिलाकर 73 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं जबकि वार्ड पार्षद के 645 प्रत्याशी शामिल हैं। वार्ड पार्षद पद के चार उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। इनमें तीन मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के हैं, जबकि एक हुसैनाबाद नगर पंचायत से शामिल है। मेदिनीनगर नगर निगम में मेयर पद के लिए भाजपा समर्थित उम्मीदवार निवर्तमान महापौर अरूणा शंकर, झामुमो की पूनम सिंह, कांग्रेस की नम्रता त्रिपाठी एवं भाजपा की बागी श्रीमती रिंकू सिंह मुख्य मुकाबले में हैं, लेकिन यहां त्रिकोणीय चुनाव के आसार लगते हैं। विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में निवर्तमान अध्यक्ष हलीमा बीवी, भाजपा समर्थित उम्मीदवार चंपा शुक्ला एवं सुलेखा प्रिया के बीच मुकाबला है। छतरपुर में अरविंद गुप्ता उर्फ चुनमुन, भरत प्रसाद, अली अंसारी एवं भाजपा समर्थित उम्मीदवार कैलाश सिंह मुख्य मुकाबले में हैं।

## बिशुनपुरा में राजा स्मार्ट इलेक्ट्रिक स्कूटी एजेंसी खुली



**बिशुनपुरा (गढ़वा)।** जिले के बिशुनपुरा मेन रोड ग्रामीण बैंक के बगल में राजा स्मार्ट इलेक्ट्रिक स्कूटी एजेंसी का उद्घाटन मुख्य अतिथि बिशुनपुरा मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णा विश्वकर्मा एवं बीडीसी प्रतिनिधि भुनेश्वर राम ने संयुक्त रूप से किया। एजेंसी संचालक प्रमोद यादव ने बताया कि यहां क्षेत्रवासियों को आधुनिक एवं पर्यावरण अनुकूल परिवहन सुविधा मिलेगी। यहां उपलब्ध इलेक्ट्रिक स्कूटी कम मेंटेनेंस, फास्ट चार्जिंग, स्टाइलिश डिजाइन और स्मूथ ड्राइविंग जैसी विशेषताओं से लैस है। साथ ही स्कूटी की लिथियम बैटरी पर एक वर्ष की वारंटी एवं एक वर्ष की गारंटी दी जा रही है।

# नतीजों के इंतजार में बढ़ी उम्मीदवारों की धड़कन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**कोडरमा।** नगर निकाय चुनाव के नतीजे शुक्रवार को आयेंगे। इसके इंतजार में उम्मीदवारों की धड़कन बढ़ी हुई है। चुनाव परिणाम के एक दिन पहले अपनी दमदार उपस्थिति रखने वाले अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों ने मतगणना अभिकताओं के साथ बैठक की। उन्हें प्रशिक्षण भी दिया गया ताकि गणना के दौरान कोई गड़बड़ी न हो। जिले के तीनों निकाय झुमरीतिलैया नगर परिषद, कोडरमा नगर पंचायत और डोमचांच नगर पंचायत में अभी भी अपने समीकरण को लेकर जीत के दावे किए जा रहे हैं।

इस बार के चुनाव में खास बात यह रही कि वोटरों की खामोशी ने उम्मीदवारों की धड़कनें आखिरी पल तक बढ़ाए रखी। चुनावी समीकरण को समझने वाले भी गणित बैठाने में फेल होते रहे। झुमरीतिलैया नगर परिषद में मुकाबला दिलचस्प दिखा। यहां भाजपा समर्थित पंकज बर्णवाल, रमेश हर्षधर, राजेन्द्र जायसवाल और मनोज यादव में किसी के पक्ष में परिणाम जाने की सम्भावना है। इनमें पंकज बर्णवाल के पार्टी समर्थित होने और सभी बूथों पर मौजूदगी-बेहतर परिणाम दे सकता है। वहीं कोडरमा नगर पंचायत में साजिद हुसैन, राजेश कुमार सिंह और भाजपा समर्थित प्रत्याशी कांति देवी के बीच मुख्य मुकाबला है। चुनाव परिणाम भी इन्हीं तीनों में से किसी के पक्ष में आने की उम्मीद है। हालांकि जानकार साजिद हुसैन के पक्ष में बेहतर सम्भावना की बात कह रहे हैं, जबकि डोमचांच नगर पंचायत में भाजपा समर्थित उमेश वर्मा और पप्पू मेहता में से किसी एक के बाजी मारने की सम्भावना है। नगर निकाय चुनाव में खास बात यह रही कि किसी मतदाता ने अपनी पसंद और नापसंद उजागर नहीं की।

## गढ़वा : निकाय चुनाव के मतों की गिनती 33 टेबलों पर होगी

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**गढ़वा।** जिले के तीनों नगर निकायों के मतों की गणना गढ़वा कृषि उत्पादन बाजार समिति परिसर में होगी। मतगणना को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त दिनेश यादव ने गुरुवार को स्वयं मतगणना स्थल पर पहुंचकर लिया। इस दौरान उन्होंने मौजूद अधिकारियों/कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी तथा व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने पर बल दिया।

मतों की गिनती सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। गढ़वा नगर परिषद के लिए 14 टेबल लगाए गए हैं और यहां मतगणना तीन चरणों में पूरी की जाएगी। नगर पंचायत श्रीबंशीधर नगर के लिए 10 टेबल निर्धारित किए गए हैं, जहां तीन राउंड में मतों की गिनती होगी। वहीं नगर पंचायत मंझीआँव के लिए 9 टेबल की व्यवस्था की गई है और यहां दो चरणों में मतगणना कार्य संपन्न किया जाएगा। इस प्रकार कुल 33 टेबलों के माध्यम से मतों की गिनती की जाएगी।

## संपादकीय

### रणनीतिक संसाधनों की साझेदारी

**तेजी** से बदलती वैश्विक व्यवस्था में अब शक्ति का अर्थ केवल सैन्य क्षमता नहीं, बल्कि संसाधनों, तकनीक और आपूर्ति श्रृंखला पर नियंत्रण से भी तय होने लगा है। ऐसे दौर में भारत और ब्राजील के बीच हुआ हालिया समझौता दोनों देशों की दूरदर्शी कूटनीति का संकेत देता है। यह समझौता बताता है कि विकासशील देश अब केवल वैश्विक शक्तियों की नीति के अनुसरण में नहीं, बल्कि अपने दीर्घकालिक हितों को ध्यान में रखकर वैकल्पिक संरचनाएँ गढ़ने लगे हैं। द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर से अधिक तक बढ़ाने का लक्ष्य महज आंकड़ा नहीं, बल्कि आर्थिक विविधीकरण का प्रयास है। विशेष रूप से दुर्लभ खनिजों और भू-धातुओं के क्षेत्र में सहयोग इस करार की केंद्रीय धुरी है। आज इलेक्ट्रिक वाहन, सौर ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित उपकरण और आधुनिक रक्षा तंत्र–इन सबकी बुनियाद लीथियम, कोबाल्ट और अन्य दुर्लभ तत्वों पर टिकी है। ऐसे में इन संसाधनों की सुरक्षित और दीर्घकालिक उपलब्धता किसी भी देश की औद्योगिक आत्मनिर्भरता के लिए अनिवार्य हो गई है। फिलहाल वैश्विक स्तर पर इन खनिजों के प्रसंस्करण में चीन की प्रधानता है, जिसने आपूर्ति श्रृंखला को एकांगी बना दिया है। भारतझ्रब्राजील समझौता इसी एकाधिकार को संतुलित करने की दिशा में कदम माना जा सकता है। ब्राजील के प्राकृतिक संसाधन और भारत की तकनीकी व विनिर्माण क्षमता यदि समन्वित रूप से आगे बढ़ें, तो दोनों एक-दूसरे के पूरक बन सकते हैं। इस समझौते का एक महत्त्वपूर्ण पहलू एमएसएमई क्षेत्र में सहयोग भी है। छोटे और मध्यम उद्योग अक्सर वैश्विक अवसरों तक पहुंचने में संसाधन और सूचना की कमी से जूझते हैं। यदि दोनों देशों के बीच नीति-स्तर पर तालमेल और बाजार तक आसान पहुँच सुनिश्चित होती है, तो यह छोटे कारोबारियों के लिए नए विस्तार की राह खोल सकती है। साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में सहयोग दक्षिण-दक्षिण सहयोग का सशक्त उदाहरण बन सकता है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि यह साझेदारी ऐसे समय में सामने आई है, जब वैश्विक व्यापार वाताओं में दबाव और प्रतिबंधों की राजनीति बढ़ रही है।

# तकनीक के दुरुपयोग का फैलता दायरा

**रवि शंकर**

हाल के वर्षों में भारत ने विभिन्न सेवाओं के डिजिटलीकरण में खासी प्रगति की है। देश में नब्बे करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता हो गए हैं, जिससे डिजिटल माध्यम से पैसे के लेन-देन और अन्य कार्यों को पूरा करने का चलन भी बढ़ा है। इसी की बदौलत भारत ने दुनिया के सबसे बड़े 'रियल-टाइमझ भुगतान बाजार के रूप में खुद को परिवर्तित किया है। वर्ष 2017 और 2023 के बीच 'रिटेल डिजिटल भुगतानझ में 50.8 फीसद की तेज वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2014 में यह देश की जीडीपी का 4.5 फीसद हिस्सा था और 2026 के अंत तक इसके बीस फीसद तक पहुंचने का अनुमान है। मगर डिजिटल तकनीक के तेजी से हो रहे प्रसार के साथ कई साइबर संबंधी समस्याएं भी सामने आई हैं। आज अक्सर ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जहां लोग साइबर धोखाधड़ी के शिकार हो रहे हैं। भले ही डिजिटल समावेशन का सपना अब देश के दूरदराज इलाकों तक पहुंच चुका है, लेकिन इस उपलब्धि के साथ कई तरह की चुनौतियां भी पैदा हो गई हैं। तकनीक का दुरुपयोग सुरक्षा में सेंध लगा रहा है और इस तरह के अपराध पर लगाम लगाना सुरक्षा एजंसियों के लिए भी टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2021 के बाद से देश में साइबर अपराध से जुड़ी घटनाओं में करीब चार सौ फीसद की वृद्धि हुई है। अब ग्रामीण तथा अर्ध-शहरी क्षेत्र डिजिटल ठगी के नए केंद्र बनते जा रहे हैं। कुछ शहरों में साइबर सुरक्षा व्यवस्था कमजोर होने के कारण वहां इस तरह के अपराध तेजी से बढ़े हैं।

ग्रामीण इलाकों में भी साइबर अपराध का बढ़ना कोई संयोग नहीं, बल्कि यह सामाजिक और तकनीकी बदलाव का नतीजा है। बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड जैसे राज्यों में स्मार्टफोन और सस्ते इंटरनेट ने डिजिटल पहुंच तो बढ़ा दी है, लेकिन लोगों में डिजिटल समझ नहीं बढ़ी है। सट्टेबाजी और आनलाइन खेल ऐप, जो मनोरंजन के रूप में पेश किए जाते हैं, वे साइबर ठगी के आसान जरिया बन गए हैं। यही वजह है कि पिछले छह साल में आनलाइन धोखाधड़ी के कारण भारतीयों को 52 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान उठाना पड़ा है। यह जानकारी भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के ताजा आंकड़ों से सामने आई है।

समन्वय केंद्र की रपट में कहा गया है कि वर्ष 2025 में देश के नागरिकों ने करीब 19,813 करोड़ रुपए साइबर धोखाधड़ी में गंवाए हैं। इस दौरान 21 लाख से ज्यादा शिकायतें राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज हुईं। इससे पहले वर्ष 2024 में 22,849 करोड़ रुपए का नुकसान और लगभग 19 लाख शिकायतें सामने आईं। आज जब ज्यादातर चीजें मोबाइल और इंटरनेट पर सुलभ हैं, वहीं साइबर अपराधी भी हर उस चूक का इंतजार करते हैं, जो आम लोग अनजाने में कर बैठते हैं। ऐसे में सबसे जरूरी है कि लोग खुद को



> *ग्रामीण इलाकों में भी साइबर अपराध का बढ़ना कोई संयोग नहीं, बल्कि यह सामाजिक और तकनीकी बदलाव का नतीजा है। बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड जैसे राज्यों में स्मार्टफोन और सस्ते इंटरनेट ने डिजिटल पहुंच तो बढ़ा दी है, लेकिन लोगों में डिजिटल समझ नहीं बढ़ी है। सट्टेबाजी और आनलाइन खेल ऐप, जो मनोरंजन के रूप में पेश किए जाते हैं, वे साइबर ठगी के आसान जरिया बन गए हैं। यही वजह है कि पिछले छह साल में आनलाइन धोखाधड़ी के कारण भारतीयों को 52 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान उठाना पड़ा है। यह जानकारी भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के ताजा आंकड़ों से सामने आई है। समन्वय केंद्र की रपट में कहा गया है कि वर्ष 2025 में देश के नागरिकों ने करीब 19,813 करोड़ रुपए साइबर धोखाधड़ी में गंवाए हैं। इस दौरान 21 लाख से ज्यादा शिकायतें राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज हुईं। इससे पहले वर्ष 2024 में 22,849 करोड़ रुपए का नुकसान और लगभग 19 लाख शिकायतें सामने आईं। आज जब ज्यादातर चीजें मोबाइल और इंटरनेट पर सुलभ हैं, वहीं साइबर अपराधी भी हर उस चूक का इंतजार करते हैं, जो आम लोग अनजाने में कर बैठते हैं। ऐसे में सबसे जरूरी है कि लोग खुद को डिजिटल रूप से प्रशिक्षित और सतर्क बनाएं। समस्या इसलिए भी जटिल होती जा रही है कि साइबर अपराधी ठगी के लिए नए–नए तरीके अपनाते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी देश भर में बढ़ रहे डिजिटल अपराध से निपटने के लिए सरकार को उचित एवं प्रभावी कदम उठाने को कहा।*

डिजिटल रूप से प्रशिक्षित और सतर्क बनाएं। समस्या इसलिए भी जटिल होती जा रही है कि साइबर अपराधी ठगी के लिए नए-नए तरीके अपनाते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी देश भर में बढ़ रहे डिजिटल अपराध से निपटने के लिए सरकार को उचित एवं प्रभावी कदम उठाने को कहा।

शीर्ष अदालत के मुताबिक, डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों में बैंकों और संबंधित अधिकारियों को भी सतर्क रहने की जरूरत है। साइबर ठगी के मामलों में पीड़ित व्यक्ति को आर्थिक राहत मुहैया कराने की मांग भी उठ रही है, जिस पर भारतीय रिजर्व बैंक विचार कर रहा है। माना जा रहा है कि आरबीआइ एक नया नियम बना सकता है, जिसके तहत साइबर ठगी के छोटे मामलों में पीड़ित को पच्चीस हजार रुपए की आर्थिक मदद मिल सकती है। मगर यह तभी संभव होगा, जब पीड़ित व्यक्ति समय पर बैंक को इस तरह की धोखाधड़ी की जानकारी देगा। साइबर अपराध बढ? से आम लोगों की आर्थिक सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हालात ये हैं कि साइबर अपराध अब केवल तकनीकी चूक का मामला नहीं रह गया है, बल्कि यह व्यक्तिगत गोपनीयता और समग्र डिजिटल व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। आज साइबर ठगी केवल ई-मेल या फोन काल तक सीमित नहीं रह गई है।

'एआई वायस क्लोनिंगझ, 'डीपफेक वीडियोझ, नकली ऐप और सोशल मीडिया पर बनाए गए फर्जी प्रोफाइल के जरिए अपराधी आम लोगों पर मानसिक दबाव बनाकर धोखाधड़ी कर रहे हैं। कई मामलों में जालसाज खुद को बैंक अधिकारी, पुलिस अफसर, आयकर अधिकारी या किसी करीबी रिश्तेदार के रूप में पेश कर तत्काल भुगतान की मांग करते हैं। ऐसे में साइबर सुरक्षा अब महज पैसों के नुकसान से बचाने का मामला नहीं है, बल्कि यह देश की आंतरिक और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा बन चुका है। एक रपट के मुताबिक, भारत में डिजिटल तरीके से वित्तीय लेन-देन अब बड़े पैमाने पर होने लगा है। इसलिए साइबर सुरक्षा अब सिर्फ तकनीकी रूप से ही नहीं, बल्कि डिजिटल व्यवस्था में नागरिकों के भरोसे को कायम रखने के लिए भी जरूरी है। सरकार ने साइबर ठगी को रोकने के लिए कानून जरूर बनाए हैं, लेकिन आज भी इनका प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन, तथ्य जांच और वास्तविक समय में निगरानी जैसी प्रणालियां बहुत धीमी गति से काम करती हैं।

जाहिर है, किसी एक एजंसी पर जिम्मेदारी डालने से साइबर अपराध पर अंकुश लगाना संभव नहीं है। इसके लिए केंद्र-राज्य सरकारें, बैंकिंग-वित्तीय संस्थान, टेक कंपनियां और आम नागरिक, सभी को एकजुट होकर एक रणनीति के साथ काम करना होगा। इसमें दोराय नहीं कि इंटरनेट उपयोगकताओं की संख्या बढ़ने के साथ-साथ डिजिटल धोखाधड़ी का दायरा भी बढ़ रहा है। ऐसे में संदिग्धों का पंजीकरण इस तरह के मामलों से निपटने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है, लेकिन यह एक व्यापक रणनीति का हिस्सा होना चाहिए। साइबर सुरक्षा उपायों को मजबूत करना, डिजिटल साक्षरता बढ़ाना और नागरिकों में सतर्कता एवं जागरूकता को प्रोत्साहित करना भी उतना ही अहम है। नीति निमार्ताओं को नागरिकों की वित्तीय सुरक्षा को केंद्र में रखना होगा।

आज भारत एक डिजिटल समाज बनने की ओर अग्रसर है, मगर अब भी बड़ी संख्या में लोग डिजिटल रूप से साक्षर नहीं हैं। अगर साइबर धोखाधड़ी को रोकने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो निकट भविष्य में इसके भयावह परिणाम सामने आ सकते हैं। यह विफलता हमारे समाज को नकदी-आधारित प्रणालियों की ओर फिर से रुख करने के लिए मजबूर कर सकती है। मगर हम नवाचार, संस्थागत सहयोग और नैतिक प्रारूप के सही संयोजन के साथ सुरक्षात्मक उपाय तलाशेंगे, तो न केवल देश में इस खतरे को नियंत्रित कर सकते हैं, बल्कि साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए वैश्विक स्तर पर भी मिसाल कायम कर सकते हैं। इसलिए तेजी से बदलते डिजिटल दौर में खुद को आगे रखने के लिए सरकार, प्रौद्योगिकी क्षेत्र और समाज के बीच एक समन्वित एवं सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। साथ ही सतर्कता, डिजिटल अनुशासन और विशेषज्ञों की ओर से सुझाए गए व्यावहारिक उपायों के जरिए इस खतरे को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

**– लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

# जनजातीय समाज ने रखीं भारतवर्ष में कृषि की नींव

आदिवासी समुदायों के सबसे महत्वपूर्ण योगदानों में से एक भारतीय कृषि को आकार देने में उनकी भूमिका है। हजारों साल से आदिवासी स्थायी कृषि तकनीकों का पालन करते रहे हैं, जिससे वे प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर रह सके हैं और यह सुनिश्चित कर सके कि भूमि आने वाली पीढ़ियों के लिए उपजाऊ बनी रहे। सभ्यता के आरंभ में आदिवासी समाज भोजन के लिए शिकार, मछली पालन और जंगल से मिलने वाली खाद्य सामग्री पर निर्भर रहते थे। मौसमी भोजन की उपलब्धता के आधार पर समाज का एक स्थान से दूसरे जगहों पर जाना होता था। बाद में मानूसन का ज्ञान, खाद्यान्न की बढ़ती मांग और नदियों की उपजाऊ मिट्टी ने कृषि पद्धतियों के विकास में बदलाव का काम किया। उदाहरण के लिए, आदिवासियों की झूम खेती की प्रणाली, जिसे झूम भी कहा जाता है, सदियों से भारत के पहाड़ी इलाकों में प्रचलित है। इस पद्धति में कृषि के लिए जंगल के एक छोटे से क्षेत्र को साफ किया जाता है, कुछ वर्षों तक उसका उपयोग किया जाता है, और फिर उसे पुनर्जीवित होने के लिए परती छोड़ दिया जाता है। इसने आदिवासी समुदायों को वन पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करते हुए अपना पेट भरने में मदद की है।



डॉ. मयंक मुरारी

कृषि के विकास में प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका रही। लोहे के औजारों ने भारत में कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय मोड़ ला दिया। लोहे के आगमन से पहले आदिवासी समाज पत्थर और लकड़ी के औजारों का उपयोग होता था। लेकिन लोहे के हल, दरांती और कुदाल के कारण मिट्टी की गहरी जुताई, बड़े क्षेत्रों में खेती और अधिक अन्न पैदा करना संभव बना दिया। इन तकनीकी विकास के कारण कृषि कार्य में क्रांति आ गयी, जिससे बड़ी जंगल एवं खाद्य संग्रह पर आधारित समाज कृषि कार्य अपनाया। लोहे के औजारों के कारण आदिवासी समाज को जमीन पर खेती करने में ज्यादा कुशल बनाया। लोहे की बढ़ती उपलब्धता के कारण धातुकर्म, मिट्टी के बर्तन बनाने में विविधता और नये क्षेत्रों के विकास में अहम भूमिका निभायीं। कालांतर में हर्यंक वुंश के साम्राज्य बनाने में छोटानागपुर के असुर जनजातीय द्वारा लोहा गलाने की कला की केंद्रीय भूमिका रहीं। जिसके कारण भारतवर्ष में साम्राज्य का केंद्र बिहार बना। जनजातीय विरासत के अध्ययन से पता चलता है कि सभ्यता के आरंभ से जनजातीय समाज का विकास असमान रहा है जो आज भी जारी है। दूसरा जनजातीय में उत्तरजीविता रही है। आज भी जनजातीय समाज के लोग एक साथ विविधि चरणों में जीवन-यापन कर रहे हैं। इसमें पहला चरण है खाद्य सामग्री का एकत्रीकरण, शिकार या अलग-अलग जगहों पर खेती करने की परिपाटी। बिरहोर, कोरुवा और हिल मारिया जनजाती खाद्य सामग्री इकट्ठा कर और शिकार कर अपना जीवन यापन करती है। बैगा, पौड़ी, भुइंया, जुआंग और कुटियाकंध जनजातियां हर बार नये नये स्थानों पर खेती करती हैं। मुंडा, संथाल, और उरांव लोग मुख्यतः स्थायी रूप से बसकर हल की खेती पर निर्भर है। नागाओं ने सीढ़ीदार खेती की प्रणाली विकसित की है जिसमें जलवाहिनी नालियों से सिंचाई की जाती है। (लोकायतः देवीप्रसाद चट्टोपध्याय, पृष्ठ-99।)

आदिवासी उन देशी फसलों की खेती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं जिन्होंने भारत के कृषि परिदृश्य को आकार दिया है। बाजरा जैसी फसलें, जो सूखे के प्रति अधिक प्रतिरोधी होती हैं और उगाने के लिए कम संसाधनों की आवश्यकता होती है, आदिवासी पीढ़ियों से उगाते आ रहे हैं। चिंतक कुबेरनाथ राय अपनी पुस्तक निषाद बांसुरी में लिखते है कि भारतीय खेती का सूत्रपात करनेवाले निषाद ही है। गंगातट के जंगलों को साफ करके पहले-पहल इन्हीं के द्वारा कृषि-कर्म का श्रीगणेश हुआ। खेती के औजारों के नाम उन्हीं की देन है। विविध बीजों और अन्नों का जंगली घासों के भीतर उन्होंने ही आविष्कार किया। उनमें मुख्य है धान! यव और गोधूम आर्य शब्द हैं, ब्रीहि (धान) द्रविड़ शब्द है जो अँगरेजी राइस का आदि बिन्दु है- ब्रीहि-रीहि-रीसि राइस। परन्तु भाषावैज्ञानिकों का कथन है कि चावल शब्द निषाद (आस्ट्रिक) शब्द है जिसके मूल में है जोम या जाम (खाना) जो मुण्डा-कोल बोली में अब भी प्रचलित है। जोम जाम चाम, चाव, चावल। यही नहीं, आधुनिक भाषावैज्ञानिकों की दृष्टि में कदली, नारिकेल, ताल, ताम्बूल, वातिगण (बैंगन), आलाबु (लौका), निंबुक, जम्बू, कर्पास, शाल्मली इत्यादि अनेक वृक्षों और तरकारियों के नामों का मूल स्रोत निषाद भाषा ही है। (निषाद बांसुरी-59)। कृषि के अलावा पशुपालन भी आदिवासी अर्थव्यवस्था का एक अनिवार्य हिस्सा रहा है। प्रारंभिक आदिवासी समुदायों ने विभिन्न उद्देश्यों के लिए पशुओं को पालतू बनाना शुरू कियाः खेत जोतने के लिए मवेशी, दूध और ऊन के लिए बकरियाँ और भेड़ें, और परिवहन के लिए घोड़े। पशुपालन कृषि का पूरक था, क्योंकि इससे दूध, मांस और चमड़ा जैसे अतिरिक्त संसाधन मिलते थे, जो जीवित रहने के लिए आवश्यक थे।

प्रारंभिक कृषि प्रधान समाजों के विकास में पशुपालन की महत्वपूर्ण भूमिका थी। पशुओं को पालतू बनाकर न केवल भोजन और वस्त्र प्राप्त किए जा सकते थे, बल्कि परिवहन और श्रम के साधन के रूप में भी काम किया जा सकता था। जिन क्षेत्रों में केवल मानव श्रम से खेती करना कठिन था, वहाँ बैलों और भैंसों जैसे पशुओं का उपयोग खेतों की जुताई के लिए किया जाता था। इससे आदिवासी समुदायों के लिए अपनी कृषि उपज का विस्तार करना आसान हो गया, और बदले में, इससे वे बड़ी आबादी का भरण-पोषण करने में सक्षम हुए। कृषि और पशुपालन के विकास के साथ, आदिवासी समाजों ने विशिष्ट भूमिकाएँ विकसित करना शुरू कर दिया। कुछ व्यक्ति खेती पर ध्यान केंद्रित करने लगे, जबकि अन्य कारीगर, व्यापारी या चिकित्सक बन गए। इस बढ़ी हुई विशेषज्ञता के कारण सामाजिक पदानुक्रम का विकास हुआ, जिसमें कुछ व्यक्ति या समूह दूसरों की तुलना में अधिक शक्ति या धन प्राप्त करने लगे। उदाहरण के लिए, जो लोग सबसे उपजाऊ भूमि या सबसे बड़े पशुधन पर नियंत्रण रखते थे, वे महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक प्रभाव प्राप्त कर सकते थे। जैसे-जैसे जनजातियाँ अनाज, मवेशी या हस्तशिल्प जैसी अतिरिक्त वस्तुओं का आदान-प्रदान करती गईं, उन्होंने पड़ोसी जनजातियों के साथ आर्थिक संबंध विकसित करना शुरू कर दिया। इन आदान-प्रदानों ने सामाजिक गतिशीलता के नए अवसर पैदा किए, लेकिन साथ ही संसाधनों को लेकर संघर्ष, क्षेत्रीय विवाद और इन तनावों को प्रबंधित करने के लिए राजनीतिक नेताओं या सरदारों की स्थापना जैसी नई चुनौतियाँ भी लाईं। भारत में आदिवासी कृषि और पशुपालक समुदायों का विकास अनुकूलन, लचीलेपन और परिवर्तन की कहानी है। खानाबदोश, शिकारी-संग्राहक जीवन से एक स्थायी जीवन शैली की ओर क्रमिक परिवर्तन ने पीढ़ियों तक इन समाजों की दिशा निर्धारित की। लोहे के औजार, पशुओं का पालन और कृषि का विकास इस परिवर्तन के लिए आवश्यक थे, जिसने जटिल सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्थाओं की नींव रखी। इस प्रक्रिया पर विचार करने पर, यह स्पष्ट हो जाता है कि इन प्रारंभिक आदिवासी समुदायों ने न केवल आधुनिक कृषि समाजों की नींव रखी। आदिम जनजातीय ऋषि ऐतरेय महीदास ने पृथ्वीसूक्त की रचना की तो वह अर्थवेवेद में संकलित हुआ, जिसमें तिरसठ मंत्र है। यह प्रकृति का स्थूल रूप में स्तुति है। यह पृथ्वी का गान है, जो अपने पुत्रों को अन्न, भोजन और पानी देती है। भारतीय सभ्यता आदिवासी समाज के साथ आदिवासी ऋषियों ने वेद और वैदिक वाडमंय को अपने ज्ञान और दर्शन से समृद्ध बनाया। जहां वैदिक ऋषियों ने अरण्यानी सूक्त की रचना के साथ उद्घोष किया कि मैं वनस्पति गोत्रीय ऋषि अपने वृहद देवता अरण्यानी के लिए नित्य साम रचना करता हूं। इस सूक्त की सार्थकता की अनुभूति आज भी किसी पर्वतीय या वनप्रदेश में जनजातीय समाज के लोगों के कृषि कार्य के दौरान उनके विचारण, मनन और चेतना प्रवाह से समझा जा सकता है।

**– ये लेखक के निजी विचार हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**27 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**शुक्रवार** 2026 वर्ष का 58 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** एकादशी 22.33 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आर्द्रा 10.49 बजे को समाप्त।
**योग** आयुष्मान 19.44 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 11.33 बजे तदनन्तर विष्टि 22.33 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 9.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 08° 25'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872633
**जूलियन दिन** 2461098.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान **तारीख** 09
**विशेष** आमलकी एकादशी, योगेश्वर दयाल जयंती, चन्द्रशेखर आजाद शहीद दिवस।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.15 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | मेष | 08.46 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 10.26 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.24 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.37 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | सिंह | 16.53 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 19.05 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 21.16 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.31 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 01.47 बजे से |
| 10.30 से | | मकर | 03.52 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | कुंभ | 05.38 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8784




**बाएँ से दाएँ**

1. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
3. ध्वज, झंडा-3
5. माहिर, होशियार-2
6. बेल, लतिका-2
8. अस्वीकृत करना-4
11. अदृश्य-3
13. फटकार, धिक्कार-3
14. अधर, होठ-2
15. सलाह, सुझाव-2
16. आश्रय-3
18. अनुमान, अंदाज-3
20. आलता, माहुर-4
23. नासिका-2
25. रहस्य-2
26. रेखा, लाइन-3
27. परिमूल्य-3

**ऊपर से नीचे**

1. लाख, सौ हजार-2
2. बारीक, सूक्ष्म-3
3. तीन घंटे का समय-3
4. समय, वक्त-2
5. कोतवाल-3
7. बल, जोर, दम-3
9. श्रवणेंद्रिय-2
10. जो लायक न हो-4
12. कृष्ण के बड़े भाई-4
16. दर्पण, शीशा-3
17. नौका -2
19. आसान, सरल-3
21. उपस्थित-3
22. रस से भरा-3
24. बीता हुआ दिन-2
25. रजनी, निशा-2

**शब्द पहेली -8783 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | आ | र | ति | | अ | ना | मि | का |
| आ | ना | | ल | जी | ज | | | र |
| ले | | श | मि | | र | न | | तू |
| ख | ल | ब | ला | ना | | र | ई | स |
| | ग | | ना | | म | | मा | |
| ख | न | न | | म | नो | न | न | य |
| लि | | ल | क | | रं | ग | | ती |
| हा | | | हा | फि | ज | | का | म |
| न | स | वा | र | | न | ज | ला | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7718** ★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- ■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- ■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- ■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7717 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# दक्षिण भारतीय अभिनेताओं ने अपनी ही को-स्टार से रचाई शादी

● अब रश्मिका मंदाना और विजय का नाम भी होगा शामिल?

रश्मिका मंदाना-विजय देवरकोंडा की शादी की खबरों के बीच आपको उन साउथ जोड़ियों के बारे बताते हैं, जिन्होंने अपनी को-स्टार से शादी रचाई है। जिनकी प्रेम कहानी सेट से शुरू होकर शादी में बदल गई। दक्षिण भारतीय सिनेमा में कई अभिनेताओं को अपनी सह-कलाकारों से प्यार हो गया और उन्होंने उनसे शादी कर ली। विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी की चर्चाओं के बीच, यहां ऐसी सात लोकप्रिय दक्षिण भारतीय अभिनेताओं की प्रेम कहानियां हैं, जिन्होंने अपनी को-स्टार से शादी रचाई है।

## सूर्या और ज्योतिका



सूर्या और ज्योतिका ने एक साथ कई फिल्मों में काम किया है। दोनों को फिल्म के सेट पर प्यार हुआ और 2006 में उन्होंने शादी कर ली। उनके दो बच्चे हैं- दीया और देव। दोनों मिलकर अब 2डी एंटरटेनमेंट कंपनी चलाते हैं, जो तमिल फिल्में बनाती है। सूर्या और ज्योतिका ने 'पूवेल्लम केट्टुप्पर', 'काखा काखा' और 'सिलुनु ओरु कादल' जैसी फिल्मों में साथ काम किया है।

## महेश बाबू और नम्रता



महेश बाबू की मुलाकात नम्रता शिरोडकर से 2000 में फिल्म 'वाम्सी' के दौरान हुई थी। इस फिल्म के बाद दोनों ने डेटिंग की और 2005 में शादी कर ली। उनके दो बच्चे हैं- गौतम और सितारा। महेश बाबू और नम्रता टॉलीवुड के पसंदीदा जोड़ों में से एक हैं।

## अजित और शालिनी




अजित और शालिनी 1999 में फिल्म 'अमरकलम' के सेट पर मिले थे। दोनों को जल्दी ही प्यार हो गया और 2000 में शादी कर ली। उनके दो बच्चे हैं- अनुष्का और आद्विक। यह जोड़ा अपनी पर्सनल लाइफ को काफी प्राइवेट रखता है। अजित को फॉर्मूला रेसिंग का काफी शौक है।

## यश और राधिका पंडित



यश और राधिका ने पहले टीवी में साथ काम किया, फिर दोनों ने 'मिस्टर एंड मिसेज रामाचारी' जैसी फिल्म में साथ में अभिनय किया। 2016 में दोनों ने शादी की थी। उनके दो बच्चे हैं- आयरा और यथार्व। दोनों अक्सर सोशल मीडिया पर प्यार भरे पोस्ट शेयर करते रहते हैं।

## सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी



सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी की नजदीकी फिल्म 'महा समुद्रम' के दौरान बढ़ी। उन्होंने रिश्ता गुप्त रखा, फिर सार्वजनिक किया। 2024 में दोनों ने शादी कर ली। दोनों सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के लिए प्यार जताते रहते हैं।

## फहाद फासिल और नजरिया नाजिम



'पुष्पा' फेम मलयालम एक्टर फहाद फासिल और नजरिया ने फिल्म 'बैंगलोर डेज' में साथ काम किया। जल्द ही पर्दे की केमिस्ट्री असल जिंदगी में प्यार बन गई और दोनों ने 2014 में शादी रचा ली। उन्होंने अपना प्रोडक्शन हाउस शुरू किया, जिसने कई हिट फिल्में बनाई हैं- जैसे 'वरथन', 'कुंबलांगी नाइट्स' और 'आवेशम'।

# ईशा मालवीय की डेब्यू फिल्म 'इश्कां दे लेखे' का ट्रेलर रिलीज



**भारतीय अभिनेत्री, मॉडल, डांसर, लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बिग बॉस 17 फेम ईशा मालवीय की पहली फिल्म 'इश्कां दे लेखे' का ऑफिशियल ट्रेलर को रिलीज कर दिया गया।**

**अभिनेत्री** रोमांटिक पंजाबी फिल्म से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। 'इश्कां दे लेखे' का ट्रेलर स्पीड रिकॉर्ड्स, पैनोरमा स्टूडियोज और डायमंडस्टार वर्ल्डवाइड यूट्यूब चैनलों ने आपस में कोलैबोरेशन के तहत अपलोड किया है, जिनके चैनलों पर कुल मिलाकर लगभग 50 मिलियन सब्सक्राइबर हैं। चैनल ने मूवी का ट्रेलर रिलीज करते हुए डिस्क्रिप्शन में लिखा, 'एक बार फिर प्यार में पड़ने के लिए तैयार हो जाइए! स्पीड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत करता है 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित पंजाबी प्रेम कहानी 'इश्कां दे लेखे' का ट्रेलर। शानदार गुरनाम भुल्लर और खूबसूरत ईशा मालवीय अभिनीत यह पंजाबी फिल्म उन सभी लोगों के लिए बनाई गई है, जिन्होंने कभी दिल से प्यार किया है। प्रतिभाशाली मनवीर बरार द्वारा निर्देशित, 'इश्कां दे लेखे' बड़े पर्दे पर पंजाबी रोमांस को एक नई परिभाषा देने के लिए तैयार है। 'लेख' और 'सुर्खी भिंडी' जैसी लगातार ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के बाद गुरनाम भुल्लर एक और उत्कृष्ट कृति के साथ वापसी कर रहे हैं और यह फिल्म किसी जादू से कम नहीं है। यह नई पंजाबी फिल्म प्यार की कहानी है और पंजाबी सिनेमा की सदाबहार क्लासिक बनने के लिए तैयार है। ट्रेलर की शुरुआत एक यूनिवर्सिटी की बेल से होती है, जिसके बाद गुरनाम भुल्लर का सीन दिखाया जाता है और एक दमदार पंजाबी रोमांटिक डायलॉग सुनने को मिलता है, जिसमें कहा जाता है, 'जदो प्यार हद से गुजर जाए, उने मोहब्बत कहते हैं। जदो मोहब्बत हद से गुजर जाए, उनो पागलपन कहते हैं। पर जदो पागलपन हद से गुजर जाए, तो... इसके बाद ट्रेलर में एक रोमांटिक पंजाबी गाना सुनने को मिलता है और सीन में ईशा मालवीय परीक्षा हॉल में बैठी नजर आ रही है। मूवी में अभिनेत्री (जसनीत) का किरदार निभा रही हैं। इसके बाद आगे ट्रेलर में एक और डायलॉग सुनने को मिलता है, जिसमें कहा जाता है, 'कई बार कुड़िया दा पहला प्यार, बहुतों ने प्यार कर चुके होते हैं।'



# इस एक्टर को 14 साल बाद वापस मिला खोया हुआ स्टारडम

**90 के दशक में नेगेटिव रोल में इस एक्टर ने बॉलीवुड में अपने लिए अलग जगह बनाई। लेकिन 2007 के बाद वह बॉलीवुड से गायब हो गया। 2025 में उसकी वापसी बॉलीवुड में हुई। लंबे वक्त तक फिल्में ना करने के बावजूद भी इस एक्टर के पास करोड़ों की संपत्ति है।**

पिछले साल शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान ने एक सीरीज 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' बनाई। इसमें कई नए और पुराने एक्टर्स नजर आए। फिल्म 'कोई मिल गया' में नेगेटिव रोल में नजर आए रजत बेदी ने इस सीरीज में एक दमदार किरदार किया। कई साल बाद उन्हें अपना स्टारडम वापस मिला। लेकिन बॉलीवुड से दूर होकर वह कहां चले गए थे? हालिया एक इंटरव्यू में इस एक्टर ने अपनी करोड़ों की प्रॉपर्टी दिखाई। साथ ही अपने करियर को लेकर भी बातचीत की।

**100 एकड़ में फैला फॉर्महाउस देखकर फैंस चौंके**

हाल ही में रजत बेदी ने टरव्यू दिया। इस इंटरव्यू में अपने करियर को लेकर बातचीत की। यह बातचीत उन्होंने अपने 100 एकड़ में फैले फार्महाउस में की। इस फार्महाउस में उनके पास कई घोड़े और ऑस्ट्रिच थे। कमेंट सेक्शन में लोगों ने हैरान जताई की रजत बेदी फिल्मों से दूर रहे तो इतना पैसे कैसे कमाया। रजत बेदी ने इंटरव्यू में बताया कि वह बॉलीवुड से दूर होने के बाद 20 साल के लिए कनाडा चले गए थे। वह इंटरव्यू में कहते हैं, 'कनाडा में रहने के बावजूद बॉलीवुड में कोशिश की लेकिन यहां जो दिखता है, वही बिकता है। लेकिन मुझे किसी से शिकायत नहीं है।'

**आर्यन खान के शुक्रगुजार हैं रजत बेदी**

रजब बेदी ने आगे इंटरव्यू में बताया है कि शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान का उनके पास कॉल आया और 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' ऑफर की। रजत बेदी कहते हैं, 'आर्यन खान ने कहा कि यह रोल मेरे लिए ही लिखा है।जब लोग इस रोल को देखेंगे तो भूल नहीं पाएंगे। उसकी बात सीरीज की रिलीज के बाद सही साबित हुई। मुझे फिर लोग पहचानने लगे।' इस बात के लिए रजत बेदी काफी शुक्रगुजार हैं।

**रजत बेदी ने बताए फ्यूचर प्लान?**

रजत बेदी ने हालिया इंटरव्यू में बताया कि उनका बेटा जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू करेगा। वहीं बेटी भी बॉलीवुड में आने के बारे में सोच रही है। वह दुआ कर रहे हैं कि उनके बच्चों का करियर बॉलीवुड में अच्छा चले।

शादी की चर्चा के बीच

# दुबई में नजर आई तान्या मित्तल, लहंगा कलेक्शन साथ दिखा; यूजर्स बोले- 'दूल्हे से मिलवा...'



**बिग** बॉस 19 फेम तान्या मित्तल हाल ही में लहंगे की शॉपिंग करती नजर आईं। जिसके बाद उनकी शादी को लेकर अटकलें लगनी लगीं। इसी बीच अब वह दुबई में हैं। एक वीडियो भी तान्या मित्तल ने साझा किया है। क्या वह दुबई में शादी कर रही हैं? तान्या मित्तल ने रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। अपनी अमीरी के किस्से वह शो में सुनाया करती थीं। हाल ही में वह दिल्ली के चांदनी चौक में लहंगे खरीदती दिखीं। लाल रंग का लहंगा भी तान्या से ट्राई किया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर मौजूद है। इसके बाद ही तान्या मित्तल के फैंस को लगा कि वह शादी करने वाली हैं। दुबई का वीडियो देखकर भी तान्या से फैंस ने पूछा कि वह अपने दूल्हे से कब मिलवा रही हैं।

## तान्या मित्तल दुबई के आलीशान होटल में ठहरीं

तान्या मित्तल अक्सर कहती हैं कि वह काफी अमीर हैं। लेकिन कई लोगों को लगता है कि वह झूठ बोलती हैं। लेकिन सोमवार को तान्या ने दुबई का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह एक आलीशान होटल में ठहरी हैं और काफी महंगा ब्रेकफास्ट कर रही हैं। लेकिन ब्रेकफास्ट करने से पहले अपने साथ लाए लहंगों को अलग रखती हैं। लहंगे देखकर ही फैंस ने तान्या से दूल्हे के बारे में कमेंट सेक्शन में सवाल-जवाब किए।

## शादी का सच

तान्या मित्तल शादी कर रही हैं, ऐसी ऑफिशियल अनाउसमेंट उन्होंने नहीं की है। हां, वह एक लहंगा ब्रॉन्ड का प्रमोशन शायद कर रही हैं। वहीं दुबई में सिर्फ घूमने के मकसद से ही गई हैं। तान्या ने बिग बॉस 19 में बताया था कि वह अक्सर दुबई घूमने और बकलावा (एक तरह की मिठाई) खाने जाती हैं। वैसे तान्या के कुछ फैंस को लगता है कि वह अपने किसी रिश्तेदार की शादी में दुबई गई हैं।

अविका गौर ने बताया कैसे

# एक बिल्ली ने उनके टूटे हुए दिल को दोबारा जोड़ा



टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्री अविका गौर सोशल मीडिया पर अपनी बातें शेयर करती रहती हैं। उन्होंने सोमवार को अपने पालतू कुत्ते शिरू की डेथ एनिवर्सरी पर उसके लिए एक प्यारा सा नोट लिखा। अभिनेत्री अविका गौर ने नोट में लिखा कि कैसे एक बिल्ली का बच्चा, शेरी, उनकी जिंदगी में एक राहत लेकर आई। अविका ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में वे बिल्ली के बच्चे को प्यार से सहला रही हैं तो दूसरी में एक्ट्रेस अपने कुत्ते शिरू को प्यार से किस कर रही हैं। अविका ने लिखा, 'शिरू की शिरी। कुछ आत्माएं कभी हमें छोड़कर नहीं जातीं, बल्कि वो सिर्फ प्यार करने का तरीका बदल देती हैं। 21 फरवरी को पिछले साल, मेरी छोटी-सी परी शिरू हमें छोड़कर चली गई थी। मेरी प्यारी-सी परछाई, मेरे दिल की धड़कन, और अब 1 फरवरी को जिंदगी ने मेरे हाथों में एक बचाई हुई बिल्ली की बच्ची दे दी। मैंने इसके बारे में कभी नहीं सोचा था। हम उसे घर नहीं दिला पाए और सिर्फ थोड़े समय के लिए पालने का सोचा था, लेकिन किसी तरह, यह सब...सही लग रहा था। उन्होंने आगे लिखा, 'प्यार कभी नहीं जाता है। यह फिर से किसी और के माध्यम से हमारे पास लौटता है। शिरू के जाने से हम टूट गए थे और मुझे लगता है कि उसने जान लिया था कि इस महीने के आने से पहले हमें किसी चीज को थामने की जरूरत होगी। उन्होंने आखिरी में लिखा, 'मुझे नहीं लगता कि यह सिर्फ कोई संकेत है। यह सब उसका प्लान था, और मैं जानती हूं कि उसका प्यार सिर्फ बढ़ता है। शिरू, मैं तुमसे प्यार करती हूं, और धन्यवाद हमें प्यार का दूसरा मौका देने के लिए। शिरी (सबसे प्यारी और शरारती बिल्ली) ने हमें चुना है, और हम इसके लिए बहुत आभारी हैं। अभिनेत्री ने टेलीविजन में काम करने के अलावा, साउथ सिनेमा में भी अदाकारी का जलवा बिखेर चुकी हैं। वह तेलुगु क्राइम-थ्रिलर 'शंमुख' (2025) में नजर आ चुकी हैं। हालांकि, अविका को 'बालिका वधू' में आनंदी और 'ससुराल सिमर का' में रोली द्विवेदी भारद्वाज के किरदार के लिए सबसे ज्यादा पहचाना जाता है।

# दैव मिमिक्री मामले में कोर्ट पहुंचे रणवीर, केस बंद करने की अपील



**बॉलीवुड** एक्टर रणवीर सिंह ने फिल्म 'कांतारा 2' के दैव वाले सीन की मिमिक्री की थी. इसके बाद वो विवादों में घिर गए और कानूनी पचड़े में भी फंस गए थे. इस सबके बाद अब एक्टर ने कर्नाटक हाई कोर्ट से मदद का गुहार लगाई है. जहां एक तरफ रणवीर सिंह 'धुरंधर' की सक्सेस एंजॉय कर रहे हैं. वहीं, दूसरी तरफ वो विवादों में भी घिरे हुए हैं. बीते कई दिनों से 'डॉन 3' को लेकर रणवीर सिंह और फरहान अख्तर में विवाद चल रहा है. इससे पहले, रणवीर सिंह फिल्म कांतारा: चैप्टर 1 को लेकर भी विवादों में फंसे हुए हैं. दरअसल, कुछ वक्त पहले रणवीर सिंह ने एक इवेंट के दौरान 'कांतारा 2' के दैव वाले सीन की मिमिक्री की थी. इसके बाद काफी विवाद हुआ और विवाद इतना बढ़ गया कि उनपर एफआईआर भी दर्ज हो गई थी. अब रणवीर सिंह इस मामले में कर्नाटक हाई कोर्ट पहुंचे हैं और मदद की गुहार लगाई है. दैव मिमिक्री विवाद में कानूनी राहत पाने के लिए रणवीर सिंह ने कर्नाटक हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. एक्टर ने 'कंतारा' से जुड़े दैव सीन से जुड़ी टिप्पणियों और मिमिक्री को लेकर अपने खिलाफ दर्ज स्न्ढ्ढक्रको रद्द करने के लिए कर्नाटक हाई कोर्ट में अर्जी दी है. लेकिन कोर्ट ने उसी दिन अर्जेंट सुनवाई की उनकी रिक्वेस्ट को मना कर दिया है. हाई कोर्ट ने साफ कर दिया है कि हमेशा की तरह प्रोसेस फॉलो किया जाएगा. कोर्ट के सामने रखी गई डिटेल्स के मुताबिक, रणवीर की पिटीशन जस्टिस एम. नागप्रसन्ना की बेंच के सामने मेंशन की गई.

# 'सूबेदार' में अपने किरदार पर बोले अनिल

## इस बात को लेकर दर्शकों से जताई उम्मीद



अनिल कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'सूबेदार' का ट्रेलर रिलीज हुआ है। इस मौके पर अनिल कपूर ने इसमें काम करने के अनुभव को साझा किया है।

### 'सूबेदार' में अपने रोल पर बोले अनिल कपूर

अनिल कपूर ने कहा, 'यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है। यह रोल मेरे लिए मेरे करियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है। मैंने इसे हमेशा की तरह पूरे दिल और जान से किया है। मैंने अपनी तरफ से कड़ी मेहनत की है। जैसा कि मैं हमेशा करता हूं। मुझे उम्मीद है कि आपको यह फिल्म और हमारा काम पसंद आएगा।'

### 'सूबेदार' के ट्रेलर में क्या है?

ट्रेलर में दिखाया गया है कि अनिल कपूर एक रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर के रोल में हैं। वह एक शहर में आते हैं, जहां गुंडाराज चल रहा है। मोना सिंह एक माफिया यानी दीदी के रोल में हैं। उसका एक भाई है, जो लोगों पर जुल्म करता है। एक दिन वह अनिल कपूर की बेइज्जती कर देता है। उसके बाद एक्शन शुरू होता है।

### फिल्म की स्टारकास्ट

'सूबेदार' एक एक्शन फिल्म है। इसका निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है। इसमें अनिल कपूर के अलावा मोना सिंह, राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, मोना सिंह, आदित्य रावल, फैजल मलिक और खुशबू सुंदर भी हैं। यह फिल्म 5 मार्च को स्ट्रीम होगी।

# होली को लेकर त्रिवेणीगंज में शांति समिति की बैठक

**सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील**

एजेंसी



**सुपौल।** जिले के त्रिवेणीगंज में आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी त्रिवेणीगंज द्वारा की गई।

बैठक में विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, व्यापार मंडल के सदस्य, धार्मिक प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक पर्व है। इसलिए सभी समुदायों के लोग आपसी समन्वय एवं सहयोग के साथ इस पर्व को हर्षोल्लास से मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और शांति भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि डीजे एवं लाउडस्पीकर के उपयोग में निर्धारित समय सीमा और ध्वनि प्रदूषण संबंधी मानकों का कड़ाई से पालन किया जाएगा। हुड़दंग, जबरन रंग लगाने, नशाखोरी, सड़क जाम तथा अन्य अवांछित गतिविधियों को रोकने के लिए विशेष गश्ती दल सक्रिय रहेंगे। सोशल मीडिया पर भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने वालों के विरुद्ध भी प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

प्रशासनिक अधिकारियों ने आम नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, विवाद या तनाव की स्थिति में तत्काल पुलिस अथवा प्रशासन को सूचित करें। शांति समिति के सदस्यों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन देते हुए कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक कर आपसी सौहार्द एवं शांति बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय यज्ञ का हुआ शुभारंभ

एजेंसी



**नवादा।** जिले में कौआकोल प्रखण्ड के पावापुरी गोवरैया गांव में ग्रामीणों के सहयोग से हुए शिव मंदिर नवनिर्माण के बाद प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुरुवार से तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत हुई। जिसके प्रथम दिवस गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में 500 से अधिक महिलाओं ने अपने अपने सर पर कलश रखकर गांव का भ्रमण किया।

कलश यात्रा पावापुरी गोवरैया गांव स्थित मन्दिर व यज्ञ मण्डप परिसर से निकलकर गांव भ्रमण करते हुए रानीबाजार होते हुए ब्लॉक परिसर अवस्थित शिव मन्दिर पहुंचा। वहां से पुनः रानीबाजार सूर्य मंदिर तक कलश यात्रा पहुंची। जहां वाराणसी से आए ब्राह्मण पण्डित जालेश्वर पंडित की देखरेख में जलभराई की गई। इसके बाद कलश यात्रा पुनः गोवरैया गांव स्थित यज्ञ मण्डप के पास पहुंची। यज्ञ मण्डप में विधिवत कलश स्थापना के बाद पूजा अर्चना शुरू की गई। आयोजनकताओं से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को समस्त वेदी पूजन एवं शनिवार को नगर भ्रमण,अधिवास के बाद प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन व पूणार्हुति के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। यज्ञ को लेकर गांव तथा आस-पास का माहौल भक्तिमय हो गया है। कलश यात्रा में विक्की पांडेय,गुड्डू यादव,बिरेन्द्र कुमार उर्फ बीरू यादव,रणजीत ठाकुर समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### इलाज के दौरान एएसआई की मौत

**भागलपुर।** भागलपुर के मायागंज स्थित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में गुरुवार को गोड्डा टाउन थाना में एएसआई पद पर कार्यरत अशोक यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद पुलिस विभाग और परिवार में शोक है। बताया जा रहा है कि अशोक यादव मूल रूप से भोजपुर जिले के आरा निवासी थे और वर्तमान में झारखंड के गोड्डा नगर थाना में एएसआई के पद पर तैनात थे। बताया जा रहा है कि रात में टहलने के दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वे एक मंजिल से नीचे गिर पड़े। गिरने से उनके सिर में गंभीर चोट आई। घटना के तुरंत बाद उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए गोड्डा के स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उनकी हालत लगातार बिगड़ती देख डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। मायागंज अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने उनका इलाज शुरू किया, लेकिन सिर में गंभीर चोट होने के कारण उनकी स्थिति नाजुक बनी रही। तमाम प्रयासों के बावजूद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना की खबर मिलते ही परिजन में कोहराम मच गया। पुलिस महकमे में भी शोक का माहौल है। सहकर्मियों ने अशोक यादव को कर्तव्यनिष्ठ और मिलनसार अधिकारी बताया। फिलहाल पुलिस द्वारा आगे की प्रक्रिया पूरी की जा रही है और शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंपे जाने की तैयारी है।

### दो दिवसीय किसान मेला-सह-प्रशिक्षण का समापन

**कटिहार।** आत्मा योजना के तहत कटिहार में आयोजित दो दिवसीय किसान मेला-सह-प्रशिक्षण का समापन गुरुवार को हुआ। मेले में बड़ी संख्या में कृषकों ने भाग लिया और कृषि से संबंधित विभिन्न जानकारी प्राप्त की। मेले में जिला कृषि पदाधिकारी-सह- परियोजना निदेशक आत्मा कटिहार ने कृषकों का स्वागत किया और कृषि विभाग से संबद्ध विभागों को उनके विभागीय योजना की जानकारी देने के लिए आग्रह किया। सहायक निदेशक रसायन एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक केवीके ने कृषकों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती के बारे में बताया। मेले में समेकित कृषि प्रणाली का जीवित भव्य मॉडल भी प्रदर्शित किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी ने इस प्रणाली को विभाग में शामिल करने और दो मॉडल जिले में लगाने की बात कही। मेले में कृषि क्षेत्र से जुड़ी 25 स्टालें लगी थीं, जिनमें से एक विशिष्ट युवा उद्यमी सुनील सहगल ने मखाना पाउडर एवं मखाना से बने आइसक्रीम के लिए प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया।

### होली को लेकर शांति समिति की बैठक, डीजे पर प्रतिबंध



**कटिहार।** जिला प्रशासन ने होली के त्योहार को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की। बैठक में जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। बैठक में डीजे को पूर्णतः प्रतिबंधित करने, रंग अबीर न छिड़कने, और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी तैनात करने का निर्णय लिया गया। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में शांति और सौहार्द बनाए रखने का आश्वासन दिया। डीएम ने कहा कि कटिहार में सभी त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाते हैं और आगामी होली त्योहार भी शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा।

## कैग की रिपोर्ट में कई गंभीर अनियमितताओं का खुलासा

# सरकार राजस्व वसूल नहीं कर पा रही है, 4844 करोड़ 46 लाख है बकाया

एजेंसी



**पटना।** बिहार सरकार अपने लिए ठीक से राजस्व वसूली नहीं कर पा रही है। इस कारण कुल 4844 करोड़ 46 लाख रुयये राजस्व बकाया है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की ताजा रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। राज्य के वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने गुरुवार को विधानसभा में सीएजी की रिपोर्ट सदन पटल पर रखी। रिपोर्ट ने सरकारी योजनाओं और विभागीय कामकाज में कई गंभीर अनियमितताओं का खुलासा किया है। रिपोर्ट में कृषि इनपुट सब्सिडी, प्रधानमंत्री आवास योजना, वाहन फिटनेस प्रमाण पत्र, राजस्व वसूली और शैक्षणिक निर्माण कार्यों में बड़े स्तर पर गड़बड़ियों की बात सामने आई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि राज्य सरकार खुद के लिए राजस्व वसूल नहीं कर पा रही है। बिक्री व्यापार कर पर 2371 करोड़ 90 लाख रुपए बकाया है, जिनमें 1289 करोड़ 39 लाख रुपए 5 साल से ज्यादा समय से पेंडिंग है। माल और यात्रियों पर कर के रूप में 248 करोड़ 58 लाख रुपए राजस्व बकाया है। सीएजी की रिपोर्ट के मुताबिक सरकार का कुल 4844 करोड़ 46 लाख रुपए राजस्व बकाया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, विद्युत पर कर और शुल्क के रूप में 20 लाख रुपए, वस्तु और सेवाओं पर 3 करोड़ 25 लाख रुपए, राज्य उत्पाद पर 54 करोड़ 30 लाख रुपए और खनन एवं धातुकर्म उद्योग पर 1505 करोड़ 16 लाख रुपए बकाया है। खान एवं भूतत्व विभाग ने 5 सालों से ज्यादा समय से पेंडिंग बकाए का डिटेल नहीं दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, राशि वसूली के लिए भू-राजस्व के रूप में नीलाम वाद दायर किया गया है। सीएजी की रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि वाहनों पर कर के रूप में 183 करोड़ 39 लाख रुपए बकाया है। परिवहन विभाग ने भी 5 सालों से ज्यादा समय से पेंडिंग बकाए का डिटेल नहीं दिया है। विभाग ने पेंडिंग बकाए की स्थिति भी स्पष्ट नहीं की है। भू-राजस्व की बात करें तो, 302 करोड़ 47 लाख रुपए का राजस्व बकाया है और विभाग ने 5 सालों का डिटेल नहीं दिया है। रिपोर्ट के अनुसार खरीफ 2019 में ऐसे 10 जिलों को 21.48 रुपये करोड़ की कृषि इनपुट सब्सिडी दी गई जिन्हें बाढ़ प्रभावित घोषित ही नहीं किया गया था। वहीं 14 अन्य जिलों के आवेदकों को 4.03 करोड़ रुपए की राशि ऐसे क्षेत्रों के नाम पर दी गई जो आपदा प्रभावित सूची में शामिल नहीं थे। 2019 और 2020 के दौरान चिन्हित फसल क्षति क्षेत्र से 1.34 लाख हेक्टेयर अधिक क्षेत्र में 151.92 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की गई। एसडीआरएफ मानकों का पालन नहीं करने से 3.74 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान हुआ। डेटाबेस की गलत मैपिंग और नियमों के उल्लंघन से 15.53 लाख मामलों में 56.14 करोड़ रुपये का अधिक, कम या अनियमित भुगतान सामने आया। वहीं फसल क्षति 33 प्रतिशत से कम होने के बावजूद 2019,22 के दौरान 6.81 लाख मामलों में 159.28 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई।

# गृह मंत्री ने सीमा सुरक्षा प्रबंधन और वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम को लेकर की बैठक

एजेंसी



**अररिया।** अपनी तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन बिहार के अररिया में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने समाहरणालय स्थित परमान सभागार में भारत-नेपाल सीमा सुरक्षा प्रबंधन के साथ दूसरे चरण के वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम को लेकर समीक्षात्मक बैठक की।

भारत-नेपाल सीमा सुरक्षा के तहत खुली सीमा का लाभ उठाकर होने वाली अवैध गतिविधियों और घुसपैठ को रोकने को लेकर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ सरहद की सुरक्षा में लगे सुरक्षा एजेंसी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीमावर्ती इलाकों में बदलती आबादी के पैटर्न पर खुफिया एजेंसी के अधिकारियों के साथ चर्चा के साथ अवैध प्रवासियों और उनके माध्यम से बनाए जा रहे हैं वोट बैंक की पहचान को लेकर भी कड़े निर्देश दिए।

गृह मंत्री अमित शाह ने वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के जरिए सीमावर्ती गांव में बुनियादी ढांचा मजबूत करने और पलायन रोकने जैसे मुद्दों पर अधिकारियों से राय लेते हुए चर्चा की। बिहार के सीमावर्ती गाँवों के इंफ्रास्ट्रक्चर, संस्कृति, पर्यटन, जीवन और आर्थिक उन्नति को वाइब्रेंट कर रही है। मोदी सरकार के लिए सीमावर्ती गांवों की सुरक्षा और सर्वांगीण विकास को उन्होंने प्राथमिकता करार दिया।घुसपैठ मुक्त सीमांचल को लेकर अधिकारियों से सतर्कता बरतने और चिन्हित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह के अलावे केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, बिहार सरकार के डिप्टी सीएम एवं गृह मंत्री सम्राट चौधरी, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, डीजीपी विनय कुमार, एसएसबी के डीजीपी समेत कई प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ एसएसबी के अधिकारी और सात सीमावर्ती जिलों के डीएम एसपी आदि मौजूद थे।

### इलाज के दौरान एएसआई की मौत

**भागलपुर।** भागलपुर के मायागंज स्थित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में गुरुवार को गोड्डा टाउन थाना में एएसआई पद पर कार्यरत अशोक यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद पुलिस विभाग और परिवार में शोक है। बताया जा रहा है कि अशोक यादव मूल रूप से भोजपुर जिले के आरा निवासी थे और वर्तमान में झारखंड के गोड्डा नगर थाना में एएसआई के पद पर तैनात थे। बताया जा रहा है कि रात में टहलने के दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वे एक मंजिल से नीचे गिर पड़े। गिरने से उनके सिर में गंभीर चोट आई। घटना के तुरंत बाद उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए गोड्डा के स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उनकी हालत लगातार बिगड़ती देख डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। मायागंज अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने उनका इलाज शुरू किया, लेकिन सिर में गंभीर चोट होने के कारण उनकी स्थिति नाजुक बनी रही।

### गुड टच-बैड टच से हेल्पलाइन तक, छात्राओं को किया गया जागरूक



**सीवान।** महिला एवं बाल विकास निगम, सीवान के तत्वावधान में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय, बसंतपुर टाइप1 एवं टाइप4 में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन विषयक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों में स्वास्थ्य, स्वच्छता और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता से जुड़ी आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही गुड टच, बैड टच, पोक्सो अधिनियम, तथा आपात एवं विकट परिस्थितियों में उपयोग किए जाने वाले टॉल फ्री नंबर महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और आपातकालीन सेवा 112 के बारे में विस्तार से बताया गया। सामाजिक कुरीतियों एवं बालिकाओं की सुरक्षा से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर माहवारी स्वच्छता प्रबंधन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छात्राओं के बीच एमएचएम किट का वितरण किया गया, ताकि वे सुरक्षित एवं स्वच्छ तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित हों। कार्यक्रम में अजय कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम, सीवान, सुषमा भलेरिय टोप्पो, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, विद्यालय के शिक्षकगण एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बालिकाओं को आत्मविश्वासी बनने तथा किसी भी प्रकार की समस्या की स्थिति में हेल्पलाइन सेवाओं का निसंकोच उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

### सायरन बजते ही दौड़े बचाव दल, भूकंप के मेगा मॉक ड्रिल से परखी गई तैयारी

**सीवान।** गुरुवार की सुबह ठीक 8:20 बजे सायरन की गूंज के साथ ही सिवान में भूकंप आपदा का दृश्य सजीव हो उठा। 8.0 तीव्रता के भूकंप के कृत्रिम परिदृश्य के बीच अफरातफरी, घायलों की चीख-पुकार और बचाव दलों की तेज रफ्तार गतिविधियों ने पूरे शहर को आपदा प्रबंधन की वास्तविक तस्वीर से रूबरू करा दिया। राज्य स्तरीय ह्यमेगा मॉक ड्रिलह्ण जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय के नेतृत्व में आयोजित की गई। यह अभ्यास राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना के दिशा-निदेर्शों के तहत जिला प्रशासन द्वारा संपन्न कराया गया। पुराना यक्ष्मा भवन गिरने का परिदृश्य, दो की मौत मॉक ड्रिल के दौरान सिविल सर्जन ने सूचना दी कि सदर अस्पताल परिसर स्थित पुराने यक्ष्मा भवन के ढहने से दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि डीआरसीसी में 10 लोग घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही गांधी मैदान स्थित स्टेजिंग एरिया से एंबुलेंस और राहत दल तत्काल रवाना हुए। घायलों को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां मास कैजुअल्टी मैनेजमेंट और सर्ज कैपेसिटी की जांच की गई। घटना की सूचना पर जिलाधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचे और राहत कार्यों की निगरानी की। जिला नियंत्रण कक्ष से ड्रोन और संचार प्रणाली के माध्यम से पूरे अभियान की मॉनिटरिंग की गई। सात स्थानों पर एक साथ चला रेस्क्यू जिले के सात प्रमुख स्थानों पर एक साथ लाइव रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में मलबे में फंसे छात्रों को निकालने का अभ्यास।सदर अस्पताल में आपात चिकित्सा प्रबंधन की व्यवस्था। बियाडा परिसर और डीआरसीसी में सुरक्षित निकासी अभियान। ऑफिसर्स कॉलोनी में ऊंची इमारतों से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना। महाराजगंज अनुमंडल कार्यालय परिसर एवं प्रकाश पेट्रोल पंप पर आग बुझाने और भीड़ नियंत्रण की कार्रवाई। गांधी मैदान में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमों को तैनात रखा गया। अम्बेडकर भवन एवं टाउन हॉल में राहत शिविर बनाकर भोजन, पानी और अस्थायी आश्रय की व्यवस्था की गई। पुलिस लाइन मैदान को हेलीबेस बनाकर एयर इवैक्यूएशन का सिमुलेशन भी किया गया। समन्वय और सजगता की परीक्षा स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, अग्निशमन सेवा, एनसीसी कैडेट्स, होमगार्ड, आपदा मित्र एवं जीविका दीदियों की सक्रिय भागीदारी ने अभ्यास को वास्तविक रूप दिया। इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम के तहत विभागों के बीच तालमेल और त्वरित निर्णय क्षमता की परीक्षा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि इस तरह के महा-अभ्यास का उद्देश्य किसी भी वास्तविक आपदा की स्थिति में जन-धन की क्षति को न्यूनतम करना है। मेगा मॉक ड्रिल ने स्पष्ट कर दिया कि सिवान जिला प्रशासन आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार और सजग है।

### बिहार में तमिलनाडु के पर्यटकों से भरी ट्रैवलर ने ट्रक में मारी टक्कर, एक की मौत, 19 घायल

**डेहरी आन सोन।** बिहार के रोहतास जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर डेहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सुअरा गांव के पास गुरुवार तड़के तमिलनाडु के पर्यटकों से भारी ट्रैवलर ने एक ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी' हादसे में एक पर्यटक की मौत हो गई और 19 लोग घायल हो गए हैं' ट्रैवलर पर 24 लोग सवार थे' घायलों को नारायण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है' पुलिस के अनुसार, तमिलनाडु के कांचीपुरम के पर्यटकों से भरी ट्रैवलर ने गुरुवार तड़के ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी' जिसमे तमिलनाडु के कांचीपुरम अब्राहम स्ट्रीट निवासी 72 वर्षीय राजू एम की घटनास्थल पर मौत हो गई ' चालक व खाना देने वाले उत्तर प्रदेश के वाराणसी निवासी सहित 19 लोग घायल हो गए' पर्यटकों को भोजन देने वाले वाराणसी निवासी घायल संजय पाल के अनुसार कांचीपुरम के 24 पर्यटक वाराणसी से ट्रेवलर से गयाजी जा रहे थे' सुबह लगभग तीन बजे ड्राइवर सोनू पाल को झपकी आई और उसने एक ट्रक मे पीछे से टक्कर मार दी' मौके पर पुलिस पहुंची और सभी को घायलों को ट्रेवलर से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया' घायलों मे कविता (47), कायल कन्नन (50), सिलवा(43 ), दिव्यदर्शनी (19) के.परी (10 ), श्रीलता (50) बालाजी के (49 ) गंभीर रूप से घायल हैं।

# किसी तरह की आपदा से निपटने के लिए विभागों में आपसी समन्वय जरूरी : मुख्य सचिव

एजेंसी



**पटना।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली और आपदा प्रबंधन विभाग बिहार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय भूंकप परिदृष्य पर आधारित दो दिवसीय कार्यक्रम गुरुवार को सफलता पूर्वक संपन्न हो गया।

सरदार पटेल भवन स्थित आपदा प्रबंधन विभाग के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की समीक्षा मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने की और जिलों को प्रभावी समन्वय करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने कहा कि आपदा कभी भी आ सकती है। इसका कोई समय निर्धारित नहीं है। इसलिए हमे पहले से तैयार रहना होगा। सभी टीमें आपस में समन्वय स्थापित कर बेहतर कार्य करें। इससे बड़ी से बड़ी आपदा से निपटा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बराबर होना चाहिए, ताकि लोग भी इसके प्रति जागरूक हो सकें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि संसाधनों की अद्यतन सूची संधारित की जाए। आपात संपर्क व्यवस्था सुदृढ़ करने के साथ ही चिकित्सा सुविधाएं और एम्बुलेंस नेटवर्क को भी तत्पर रखा जाए। ताकि आपात स्थिति में सभी टीमें अपने दायित्व को ससमय निर्वहन कर सकें।

बिहार राज्य आपदा प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ उदय कांत मिश्रा ने कहा कि पहले ह्लभूकम्प सप्ताहह्व मनाया जाता था। इसके बाद उसे ह्लभूकम्प पखवाड़ाह्व के रूप में विस्तारित कर दिया गया, ताकि व्यापक जन-जागरूकता और उसकी तैयारी सुनिश्चित हो सकें।

वहीं एनडीएमए के मेजर जनरल सुधीर बहल ने सशक्त एवं समन्वित कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि त्वरित राहत एवं बचाव कार्य करने के लिए संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग करना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि एजेंसियों के बीच स्पष्ट और निर्बाध संचार ही प्रभावी आपदा प्रबंधन की कुंजी है। उन्होंने रेडियो संचार को एक विश्वसनीय एवं व्यावहारिक माध्यम बताया तथा संभावित भूकंपीय प्रभावों के परिदृष्य के माध्यम से पूर्व तैयारी को अनिवार्य बताया। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस बल की भूमिका पर विशेष चर्चा करते हुए भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन और त्वरित सूचना संप्रेषण की महत्ता को भी रेखांकित किया।

इस कार्यक्रम के तहत पटना के विभिन्न स्थलों पर व्यापक और यथार्थपरक मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मॉक अभ्यास का सफल आयोजन किया गया, जिसमें बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), भारत मौसम विज्ञान विभाग, सिविल डिफेंस, बिहार अग्निशमन सेवा सहित गृह, स्वास्थ्य, भवन निर्माण, ऊर्जा, परिवहन, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण एवं जल संसाधन विभागों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# वैश्विक नेता बनने के लिए राष्ट्र को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति पानी होगी : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**श्रीनगर।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को कश्मीर विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नवाचारों के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनने के लिए देश को अपनी औपनिवेशिक मानसिकता त्यागनी होगी। उपराष्ट्रपति ने युवाओं को सोशल मीडिया के उपयोग के प्रति सचेत रहने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस पर नियंत्रण रखना होगा। सोशल मीडिया आपको जीवन में अधिक सफल होने में मदद नहीं करेगा। हर चीज की अपनी सीमा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक स्नातक छात्र के रूप में मैं आप सभी से स्वदेशी नवाचार और भारतीय ज्ञान, संसाधनों और आवश्यकताओं पर आधारित समाधानों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह करता हूं। हमें चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है, हमें हीन होने की आवश्यकता नहीं है। हमें सबसे पहले अपनी औपनिवेशिक मानसिकता को त्यागना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में




उद्यमशीलता के माहौल को पहले से कहीं अधिक जीवंत और सहायक बनाया है।
कोविड-19 महामारी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के सभी वैज्ञानिकों से इस महामारी के लिए टीका विकसित करने का आान किया है। हममें से कितने लोगों ने इस पर विश्वास किया था? लेकिन हमने सबसे बेहतरीन टीका खोज लिया है और यह पूरी मानवता के लिए बहुत कारगर साबित हुआ है। उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि इसी टीके पर सबसे विकसित पश्चिमी देशों ने भी शोध और विकास किया है, लेकिन वे सभी इसे पेटेंट कराने में पीछे रह गए, ताकि वे इसे ऊंची कीमत पर बेच सकें। उन्होंने कहा कि एक टीका 7,500 अमेरिकी डॉलर में बिक सकता है, लेकिन एक गरीब आदमी इसे कैसे खरीद सकता है? उन्होंने कहा कि भारतीय नवाचारों को पश्चिमी दुनिया में भी व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है। उन्होंने कहा कि अब पूरी दुनिया आपके लिए खुली है, यह आपकी पहल है, आपकी रुचि है, आपका उत्साह है और आपकी मेहनत आपको दुनिया के शिखर पर पहुंचाएगी। राधाकृष्णन ने बताया कि हाल ही में केंद्र सरकार ने 1600 करोड़ रुपये से अधिक की अनुमानित लागत से श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास और विस्तार को मंजूरी दे दी है।
उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा था कि पर्यटन का विस्तार किया जाना है, लेकिन इसे हमारे महान राज्य के पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित किए बिना किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि चिनाब नदी पर बना रेल पुल एक चमत्कार है जो सबसे ऊंचा रेलवे पुल है।उन्होंने कहा कि कई अन्य अवसंरचना परियोजनाएं हैं जो एक बड़ा संदेश देती हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई पीएम को बम की धमकी, खाली कराया आवास

**कैनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंतोनियो अल्बनीज को एक बम धमकी के बाद मंगलवार देर रात कैनबरा स्थित उनके आधिकारिक आवास से कुछ घंटों के लिए हटा दिया गया। हालांकि, बाद में जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलने पर वे लौट आए। पुलिस ने कहा, धमकी भरे ईमेल प्रतिबंधित चीनी नृत्य समूह शेन यून को भेजे गए थे। इसमें दावा किया था कि यदि समूह ने ऑस्ट्रेलिया में प्रदर्शन किया तो पीएम आवास के पास रखे विस्फोटक सक्रिय कर दिए जाएंगे।

## इंडोनेशिया : 11 साल सजा काटने के बाद हत्यारा रिहा

**बाली, एजेंसी।** इंडोनेशिया ने बाली के चर्चित सूटकेस मर्डर मामले में 11 साल की सजा काट चुके अमेरिकी नागरिक टॉमी शैफर को रिहा कर मंगलवार को देश से निष्कासित कर दिया। साल 2014 में बाली में अपनी प्रेमिका की मां शीला वॉन वीसे-मैक की हत्या के लिए शैफर को 18 साल की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद अच्छे आचरण के कारण सजा में छूट मिलने के बाद उसे बाली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अमेरिका भेजा गया। बता दें कि मामले में शैफर की प्रेमिका हीदर मैक को भी गिरफ्तार किया गया था।

## सूडान में अत्याचार पर संयुक्त राष्ट्र की कार्रवाई

खार्तूम, एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सूडान के अर्धसैनिक संगठन रैपिड सपोर्ट फोर्सेस (आरएसएफ) के चार कमांडरों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन पर दारफुर के एल-फाशेर शहर में आम लोगों की हत्या और अत्याचार करने का आरोप है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में कहा गया है कि आरएसएफ ने गैर-अरब समुदाय के लोगों को निशाना बनाया, बड़े पैमाने पर हत्याएं कीं और महिलाओं के साथ यौन हिंसा की। बताया गया कि हजारों लोग मारे गए और कई लोग अब भी लापता हैं। जिन लोगों पर प्रतिबंध लगाया गया है उनमें आरएसएफ के प्रमुख जनरल मोहम्मद हमदान डगालो और उनके भाई अब्दुल रहीम डगालो भी शामिल हैं।

## 4 राज्यों में 5 राज्यसभा सीट जीत सकती है कांग्रेस, किनकी लगेगी लॉटरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दस राज्यों में राज्यसभा की 37 सीट के लिए होने वाले चुनावों के लिए दावेदारी तेज हो गई है। सबसे ज्यादा मुश्किल कांग्रेस के सामने हैं। क्योंकि, उसके पास सीट कम और दावेदार अधिक हैं। पार्टी को इस चुनाव में पांच से छह सीट जीतने की उम्मीद है। कांग्रेस को छत्तीसगढ़ में एक, हिमाचल प्रदेश में एक, हरियाणा में एक और तेलंगाना में दो सीट मिल सकती हैं। इसके साथ पार्टी सहयोगी दलों के साथ तालमेल कर तमिलनाडु में एक सीट हासिल कर सकती है। छत्तीसगढ़ में सत्ता से बाहर होने के बाद कांग्रेस को दो के बजाए सिर्फ एक सीट मिल सकती है। ऐसे में आदिवासी नेता फूलो देवी नेताम को दोबारा मौका मिल सकता है। हालांकि, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव भी दावा कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में पार्टी सत्ता में हैं। पार्टी यहां एक सीट जीतने की स्थिति में है। पिछली बार क्रॉस वोटिंग की वजह से कांग्रेस चुनाव हार गई थी, ऐसे में पार्टी इस बार स्थानीय नेता को चुनाव मैदान में उतार सकती है। इनमें प्रतिभा सिंह का नाम शामिल हैं। हरियाणा में भी पार्टी को एक सीट मिलेगी। इस सीट पर उम्मीदवार के चयन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अहम भूमिका होगी। पूर्व सांसद राजबब्बर और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उदयभान उनकी पसंद है। पर पार्टी कई और नामों पर भी विचार कर रही है। तेलंगाना में कांग्रेस सत्ता में है। पार्टी दो सीट जीत सकती है। ऐसे में कांग्रेस उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी से किया वादा पूरा कर सकती है। इसके साथ पार्टी अभिषेक मनु सिंघवी को दोबारा राज्यसभा पहुंचने का मौका दे सकती है।

## आरएसएस की सबसे पावरफुल बैठक में लगेगी नितिन नवीन की पहली हाजिरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था 'अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा' की महत्वपूर्ण बैठक अगले महीने हरियाणा के समालखा में आयोजित होने जा रही है। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन पहली बार शिरकत करेंगे। संघ के शताब्दी वर्ष और आगामी राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए इस तीन दिवसीय समागम को बेहद अहम माना जा रहा है। जनवरी 2026 में भाजपा की कमान संभालने के बाद नितिन नवीन का यह पहला आधिकारिक संघ दौरा है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि इस बैठक से पहले भाजपा के संगठनात्मक ढांचे में कुछ बड़े फेरबदल हो सकते हैं। माना जा रहा है कि समालखा बैठक में भाजपा के प्रतिनिधि मंडल में कई नए चेहरे देखने को मिल सकते हैं। यह बदलाव आगामी चुनावों और संगठन को नई ऊर्जा देने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, समालखा बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु संघ के शताब्दी वर्ष (1925-2025) से संबंधित कार्यक्रमों की समीक्षा करना है। देश भर में चलाए गए विभिन्न अभियानों, गृह-संपर्क और शताब्दी निमित्त आयोजनों से प्राप्त अनुभवों को यहां साझा किया जाएगा। संघ नेतृत्व यह देखेगा कि शताब्दी वर्ष के लक्ष्यों को किस हद तक हासिल किया गया है और आम जनमानस के बीच संघ की पहुंच कितनी बढ़ी है।

## महाराष्ट्र के सरकारी कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले, डीए में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के सरकारी कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले हो गई है। महाराष्ट्र सरकार के कर्मचारियों और अन्य पात्र कर्मियों के महंगाई भत्ते (डीए) में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही डीए बढ़कर 58 प्रतिशत हो जाएगा। वित्त राज्यमंत्री आशीष जायसवाल ने बुधवार को विधानसभा में बताया कि यह वृद्धि जुलाई, 2025 से प्रभावी होगी। संशोधित महंगाई भत्ते का भुगतान इसी महीने से नकद में किया जाएगा। जुलाई, 2025 से अक्टूबर, 2025 तक की अवधि का बकाया मार्च, 2026 में 'गुड़ी पड़वा' के अवसर पर दिया जाएगा। नवंबर, 2025 से जनवरी, 2026 तक के बकाया के संबंध में आदेश अलग से जारी किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि इस निर्णय से महाराष्ट्र में लगभग 5.16 लाख राज्य सरकार के कर्मचारियों और करीब 8.72 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा। इससे पहले, केरल सरकार ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि राज्य सरकार और लोकल बॉडी के कर्मचारियों, टीचरों और सहायता प्राप्त स्कूलों, कॉलेजों और पॉलिटेक्निक के स्टाफ के लिए महंगाई भत्ता (डीए) 25 से बढ़ाकर 35 परसेंट कर दिया जाएगा। एक सरकारी आदेश के अनुसार, फुल-टाइम कंटिंजेंट कर्मचारियों को भी इसी तरह की बढ़ोतरी मिलेगी, और बढ़े हुए भत्ते मार्च की सैलरी के साथ दिए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर लोक सभा अध्यक्ष समेत केंद्रीय मंत्रियों ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** महान क्रांतिकारी एवं प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्रियों और राज्यों के



नेताओं ने उन्हें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का अद्वितीय योद्धा बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वातंत्र्यवीर सावरकर को भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में अपना सर्वस्व अर्पित करने वाला महान क्रांतिकारी बताते हुए नमन किया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि सावरकर आजादी के आंदोलन के उन नायकों में थे जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत से राजनीतिक स्वतंत्रता के साथ-साथ सांस्कृतिक स्वाधीनता के लिए भी संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि सावरकर ने अपने क्रांतिकारी विचारों से स्वतंत्रता आंदोलन को वैचारिक आधार प्रदान किया और देश से लेकर इंग्लैंड तक अपने साहसिक अभियानों से युवाओं को प्रेरित किया। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने उन्हें प्रखर राष्ट्रप्रेम और अतुलनीय प्रतिभा का अद्वितीय संगम बताते हुए स्मृतिदिन पर विनम्र अभिवादन किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सावरकर के अदम्य साहस, अद्वितीय त्याग और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का गौरवपूर्ण अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि उनके ओजस्वी विचार आज भी करोड़ों देशवासियों को प्रेरित करते हैं। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सावरकर को त्याग, तप और तर्क की प्रतिमूर्ति बताते हुए कहा कि उनका संघर्ष और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की परिकल्पना आज भी राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध और आत्मगौरव की प्रेरणा देती है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि लंदन के इंडिया हाउस से लेकर सेल्युलर जेल की कालकोठरी तक सावरकर का जीवन राष्ट्रचेतना के पुनर्जागरण की गाथा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें ओजस्वी क्रांतिकारी और तेजस्वी विचारक बताते हुए कहा कि राष्ट्र की स्वतंत्रता और सांस्कृतिक अखंडता के लिए उनका त्याग भारत के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि वीर सावरकर का संपूर्ण जीवन राष्ट्र के प्रति अनन्य निष्ठा की अमर गाथा है।

### अमेरिका में सिख को अगवा कर हत्या की, इरादतन निशाना नहीं

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** अमेरिका में 57 वर्षीय एक सिख अवतार सिंह का अपहरण होने के कुछ दिन बाद उनका शव मिला है। अधिकारी बोले, उन्हें किसी इरादे के तहत निशाना नहीं बनाया गया है। अवतार सिंह 17 फरवरी की रात कैलिफोर्निया के ट्रेसी शहर से लापता हुए थे। जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में एक सफेद एसयूवी और गहरे रंग के कपड़े पहने तीन अज्ञात व्यक्तियों को सिंह के साथ देखा गया। इसमें ऐसा लगा कि सिंह अपनी मर्जी के विरुद्ध वाहन में बैठे। सैन जोआक्विन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि 20 फरवरी को नापा काउंटी के शेरिफ कार्यालय ने लेक बेरीएसा के पास उनका शव बरामद किया। अधिकारियों ने कहा, मामले की जांच हो रही है और जिम्मेदार लोगों की पहचान की जा रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सैन जोआक्विन काउंटी शेरिफ पैट्रिक विद्रो ने कहा, आरोपियों का इरादा सिंह को अगवा कर उनकी हत्या करना नहीं था। अपहरणकर्ता किसी अन्य व्यक्ति पर किसी विशेष कारण से निशाना साध रहे थे और उम्मीद है कि वह कारण सामने आएगा।

# भारत-इजराइल दोस्ती से दुनिया चकित, पीएम का अप्रत्याशित स्वागत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और इजराइल के बीच बढ़ती नजदीकियों और अटूट विश्वास की एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसने दुनिया भर के देशों को चकित कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इजराइल यात्रा इस बात का प्रमाण है कि दोनों देश न केवल व्यापारिक साझेदार हैं, बल्कि सांस्कृतिक जुड़ाव और पारस्परिक भरोसे के आधार पर भी गहराई से जुड़े हुए हैं। यात्रा के पहले दिन बुधवार को तेल अवीव के बेन गुरियन हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पत्नी सारा नेतन्याहू के साथ स्वयं उपस्थित रहे। यह एक दुर्लभ सम्मान माना जाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को मेरा दोस्त कहकर गले लगाया, जिसे वैश्विक मीडिया ने मोदी हग का नाम दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के दो दिवसीय दौरे पर इजराइल पहुंचने पर उन्हें विशेष गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।
विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत एक खास और दिल को छू लेने वाले अंदाज में किया गया।



नौ वर्षों में यह उनका इजराइल का दूसरा दौरा है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर स्वागत की तस्वीरें साझा करते हुए कहा, मैं अत्यंत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह यात्रा और द्विपक्षीय वार्ता भारत-इजराइल मित्रता को और सशक्त बनाएगी। प्रधानमंत्री जब इजराइल की संसद नेस्सेट पहुंचे तो वहां का दृश्य ऐतिहासिक रहा। सदन के सदस्यों ने खड़े होकर तालियों के साथ उनका स्वागत किया। संबोधन के दौरान मोदी-मोदी के नारों से सदन गूंज उठा। नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी को विश्व का एक महान नेता बताते हुए कहा कि भारत और इजराइल की दोस्ती स्वर्ग में बनी जोड़ी जैसी है।

**संसद को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यरुशलम में इजराइल की संसद नेस्सेट को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। संसद पहुंचने पर स्पीकर आमिर ओहाना ने उनका औपचारिक स्वागत किया। सत्र की शुरूआत में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, विपक्ष के नेता यायर लापिड और स्पीकर ओहाना ने भारत-इजराइल संबंधों के प्रति मजबूत द्विदलीय समर्थन व्यक्त किया। संबोधन के बाद आमिर ओहाना ने उन्हें क्रेसेट मेडल से सम्मानित किया, जिसे प्रधानमंत्री ने भारत-इजराइल मित्रता को समर्पित किया।

**ऐतिहासिक और रणनीतिक संबंधों पर जोर :** प्रधानमंत्री ने इस विशेष सम्मान के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि भारत और इजराइल के बीच प्राचीन सभ्यतागत संबंधों के साथ-साथ आधुनिक रणनीतिक साझेदारी भी मजबूत है। उन्होंने तकनीक, नवाचार, रक्षा, सुरक्षा, कृषि, जल प्रबंधन और ग्रामीण विकास में सहयोग को संबंधों की नई ऊर्जा बताया। उन्होंने कहा कि इजराइल में भारतीय समुदाय और भारत में यहूदी समुदाय ने दोनों देशों की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रधानमंत्री ने 7 अक्टूबर के आतंकी हमले पर संवेदना व्यक्त करते हुए आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति दोहराई। उन्होंने कहा कि ऐसी क्रूरता का कोई औचित्य नहीं हो सकता। भारत ने क्षेत्र में स्थायी शांति के प्रयासों, संयुक्त राष्ट्र समर्थित गाजा शांति पहल और आईएमईसी व आई2यू2 जैसे मंचों पर सहयोग को और प्रगाढ़ करने का आान किया।

# ब्राजील में भीषण बाढ़ से मचा है हाहाकार, अब तक 46 की मौत

एजेंसी

**रियो डी जेनेरियो।** दक्षिण अमेरिकी देश ब्राजील में कुदरत का भयानक कहर देखने को मिल रहा है। दक्षिण-पूर्व ब्राजील में भीषण बाढ़ से लगातार मृतकों का आंकड़ा बढ़ रहा है। अब तक 46 लोगों की मौत हो गई। कई लोग लापता है, जिनको तलाश जारी है। वहीं सैकड़ों लोग अपने घरों को छोड? के लिए मजबूर है। दक्षिणपूर्वी ब्राजील के मिनास गेरैस राज्य में आई भीषण बाढ़ में लगातार मृतकों का आंकड़ा बढ़ रहा है।

**भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ से हाहाकार :** ब्राजील के दक्षिणी भाग में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ से तबाही मचने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अगले कुछ दिनों में इस क्षेत्र में और अधिक बारिश होने की आशंका है। इधर, मिनास गेरैस राज्य में बचाव अभियान जारी है। बचाव कर्मचारी स्थिति पर काबू पाने के लिए कोशिश कर रहे हैं।



बचाव अभियान पूरी तेजी से जारी है और घर व कस्बे कीचड़ और मलबे से ढके हुए हैं।

**अब तक 3600 लोग विस्थापित :** इससे पहले बुधवार को ब्राजील के अग्निशमन विभाग ने मृतकों की संशोधित संख्या प्रकाशित की और बताया कि लगभग 21 लोग अभी भी लापता हैं। राज्य अग्निशमन विभाग द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार ब्राजील के दक्षिणपूर्वी राज्य मिनास गेरैस में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। दमकल विभाग ने बताया कि लगभग 110 किलोमीटर (68 मील) की दूरी पर स्थित जुइज डे फोरा और उबा शहरों में बाढ़ और भूस्खलन के कारण लगभग 3,600 लोग विस्थापित हो गए, जबकि 21 लोग अभी भी लापता हैं।

**11 वर्षीय लड़के का किया अंतिम संस्कार :** मृतकों में 11 वर्षीय बर्नार्डो लोपेस दुत्रा भी शामिल था, जिसका घर बारिश के कारण ढह गया था। वहीं दुत्रा की पत्नी और बेटी अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। पिता रिकार्डो दुत्रा ने जुइज डी फोरा ने अंतिम संस्कार के दौरान कहा कि यह एक ऐसी त्रासदी है, जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी।

### 28 फरवरी की शाम आसमान में सजेगी छह ग्रहों की प्लैनेट परेड

वाराणसी। खगोल विज्ञान के प्रेमियों और आसमान में दिलचस्पी रखने वालों के लिए साल 2026 का दूसरा महीना एक अविस्मरणीय सौगात लेकर आ रहा है। आगामी 28 फरवरी, शनिवार की शाम को ब्रह्मांड में एक अत्यंत दुर्लभ और अद्भुत दृश्य दिखाई देगा, जिसे वैज्ञानिक शब्दावली में 'प्लैनेट परेडइ कहा जाता है। इस दिन सूर्यास्त के ठीक बाद सौरमंडल के छह प्रमुख ग्रह एक सीधी कतार में नजर आएंगे। यह घटना पिछले कई वर्षों की तुलना में इस बार अधिक स्पष्ट और भव्य होने वाली है।

**भारत समेत दुनिया भर में दिखेगा नजारा :** बनारस के युवा खगोल विज्ञानी वेदांत पांडेय के अनुसार, इस खगोलीय परेड को भारत सहित दुनिया के विभिन्न हिस्सों से देखा जा सकेगा। खास बात यह है कि इस परेड में शामिल छह ग्रहों में से चार ग्रहों— शुक्र, गुरु (बृहस्पति), शनि और बुध को लोग बिना किसी विशेष उपकरण या दूरबीन के, सीधे अपनी नंगी आंखों से देख सकेंगे। हालांकि, कतार के अन्य दो ग्रहों— नेपच्यून और यूरेनस को स्पष्ट रूप से देखने के लिए एक छोटी दूरबीन या टेलीस्कोप की आवश्यकता होगी।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले- ईरान आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़

एजेंसी

**वॉशिंगटन डीसी।** मिडिल ईस्ट में अमेरिकी वॉरशिप और सैनिकों की तैनाती के बीच उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान को सख्त संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की कूटनीति को कमजोरी न समझा जाए और जरूरत पड़ी तो सैन्य विकल्प भी इस्तेमाल होगा। वेंस ने कहा कि सैन्य कार्रवाई की धमकियों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। फॉक्स न्यूज से बातचीत में वेंस ने कहा- हमें ऐसी स्थिति में पहुंचना होगा जहां ईरान, जो दुनिया में आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़ है, परमाणु आतंकवाद से दुनिया को धमकी न दे सके। सनकी, क्रूर और दुनिया के सबसे खतरनाक शासन को परमाणु हथियार रखने की इजाजत नहीं दी



जा सकती। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प कूटनीतिक समाधान चाहते हैं, लेकिन उनके पास अन्य विकल्प भी मौजूद हैं और वे उनका इस्तेमाल करने की इच्छा दिखा चुके हैं। ट्रम्प ने बुधवार को संसद में अपने संबोधन के दौरान आरोप लगाया था कि ईरान अमेरिका तक मार करने में सक्षम मिसाइलें विकसित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान पिछले साल अमेरिकी हमलों के बाद अपने परमाणु कार्यक्रम को दोबारा खड़ा करने की कोशिश कर रहा है।
वेंस बोले- बातचीत का अंतिम फैसला ट्रम्प के हाथ में है जब वेंस से पूछा गया कि क्या ईरान के सर्वोच्च नेता को हटाना भी अमेरिका का लक्ष्य है, तो उन्होंने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे। वेंस ने कहा कि बातचीत कितने समय तक जारी रखनी है, इसका अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे। उन्होंने कहा- हम कोशिश जारी रखेंगे। लेकिन राष्ट्रपति के पास यह अधिकार है कि वे तय करें कि कूटनीति अपनी सीमा तक पहुंच गई है या नहीं। हमें उम्मीद है कि इस बार बातचीत बुरे अंजाम तक नहीं पहुंचेगी, लेकिन अगर पहुंचती है तो फैसला राष्ट्रपति ही करेंगे। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, ईरान अगले दो हफ्तों में ज्यादा बड़ा प्रस्ताव देगा, जिससे दोनों पक्षों के बीच मतभेद कम किए जा सकें।

# कमला हैरिस ने डोनाल्ड ट्रंप के स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण को झूठ से भरा बताया

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण की कड़ी आलोचना करते हुए झूठा बताया। साथ ही ट्रंप पर अर्थव्यवस्था, मतदान के अधिकार और ईरान के मुद्दों पर अमेरिकियों को गुमराह करने का आरोप लगाया। ट्रंप के भाषण के एक दिन बाद हैरिस ने बुधवार को द परनास पर्सपेक्टिवइ के होस्ट एरॉन परनास के सबस्टैक शो में कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप का भाषण देखा, जो आम परिवारों की वास्तविकताओं से बिल्कुल



अलग था। हैरिस ने ट्रंप के इस दावे को खारिज कर दिया कि देश की स्थिति मजबूत है। उन्होंने कहा, इबहुत से लोग बढ़ती कीमतों, महंगी स्वास्थ्य सेवाओं और महंगे आवास के बोझ तले दबे हुए हैं। दक्षिणी राज्यों की अपनी हालिया यात्राओं का जिक्र करते हुए, उन्होंने मिसिसिपी में एक ऐसी मां से मिलने का किस्सा सुनाया, जिसका चार लोगों के लिए साप्ताहिक राशन बजट सिर्फ 150 डॉलर था। हैरिस ने बताया, कार्ट में जो कुछ भी था, वह उसके बच्चों के लिए था। मां ने उनसे कहा कि वह जो कुछ भी उनके बच्चे नहीं खाएंगे, वह खा लेंगी इ वह बोतलबंद पानी लेने के लिए पैदल चलकर गई। वह नल का पानी नहीं पी सकती, क्योंकि पानी भूरा और जहरीला है। हैरिस ने प्रस्तावित खर्च प्राथमिकताओं की भी आलोचना की।

# भारत ने जिम्बाब्वे को 72 रन से हराया, अभिषेक-पंड्या ने फिफ्टी लगाई

एजेंसी

**चेन्नई।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में गुरुवार के दूसरे मैच में जिम्बाब्वे को 72 रन से हराया। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम इंडिया ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 256 रन बनाए। यह टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। हाईएस्ट स्कोर का रिकॉर्ड 260 रन है, जो श्रीलंका ने 2007 में केन्या के खिलाफ बनाया था। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 184 रन ही बना सकी। टीम इंडिया की तरफ से अभिषेक शर्मा (55) और हार्दिक पांड्या (50*) की अर्धशतकीय पारियों ने बड़ा स्कोर खड़ा किया। भारत के 257 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की टीम सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट (नाबाद 97 रन, 59 गेंद, छह छक्के, आठ चौके) के अर्धशतक और कप्तान सिकंदर रजा (31) के साथ उनकी तीसरे विकेट की 72 रन की साझेदारी के बावजूद कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में भी नहीं दिखी और छह विकेट पर 184 रन ही बना सकी। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 24 रन देकर तीन विकेट चटकाए। अक्षर पटेल (35 रन पर एक विकेट), वरुण चक्रवर्ती (35 रन पर एक विकेट) और शिवम दुबे (46 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया।




## मुकेश अंबानी के घर से शुरू हुई अर्जुन की प्री-वेडिंग सेरेमनी, सचिन ने दी इमोशनल स्पीच





**मुंबई (एजेंसी)।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन की शादी 5 मार्च को है। पिछले साल अर्जुन की सगाई सोनिया चंडोक से हुई थी। दोनों की शादी के कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। सचिन तेंदुलकर अपनी पत्नी और अर्जुन-सानिया के साथ अंबानी परिवार के साथ शादी का जश्न मनाने के लिए जामनगर पहुंची। इस मौके का एक वीडियो मुंबई इंडियंस ने सोशल मीडिया पर शेयर किया।

**मुकेश अंबानी के घर पूजा हुई-** तेंदुलकर परिवार ने वहीं पूजा के साथ सेलिब्रेशन शुरू किया, जिस जगह पर अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट ने शादी की थी। इस मौके पर सचिन का पूरा परिवार मौजूद था। इसके साथ ही सानिया चंडोक का परिवार भी मुकेश अंबानी के यहां पहुंचा था। नीता अंबानी ने वीडियो में कहा, हम यहां उसी जगह पर इकट्ठा हुए हैं जहां दो साल पहले अनंत और राधिका ने शादी की थी। सचिन और अंजलि आप हमेशा से हमारे परिवार की तरह रहे हो और आज तुम्हारी खुशी में शामिल होकर हमारा दिल भर आया है। मेरे प्यारे अर्जुन, मैंने तुम्हें हमारे स्कूल में एक छोटे लड़के से लेकर अब यहां खड़े होकर, अपनी जिंदगी की सबसे खूबसूरत पार्टनरशिप शुरू करने के लिए तैयार होते देखा है। सचिन तेंदुलकर ने इस मौके पर अंबानी परिवार को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा- हम इस कपल को आगे के सफर के लिए आशीर्वाद देने के लिए इससे बेहतर जगह और बेहतर लोग नहीं चुन सकते थे। हमें यहां बुलाने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। इसके साथ ही सचिन ने अर्जुन तेंदुलकर और सानिया के प्यार पर भी बात रखी। उन्होंने कहा- जब बेटा किसी लड़की को घर लेके आता है, इंट्रोड्यूस करने के लिए तो आपको पता चलता है कि बेटा बड़ा हो गया है। वे एक-दूसरे के प्यार में पागल लग रहे हैं। अर्जुन मुझे कहना होगा कि मुझे तुम पर बहुत गर्व है। तुम्हें कोई इतना खास मिला है जो तुमसे उतना ही प्यार करता है जितना तुम उससे करते हो।

# आज न्यूजीलैंड की निगाह सेमीफाइनल पर

## ● टी-20 वर्ल्ड कप : स्पिनरों के सामने होगी इंग्लैंड की परीक्षा



**कोलंबो (एजेंसी)।** अपने स्पिनरों के दम पर पिछले मैच में श्रीलंका पर बड़ी जीत दर्ज करने वाला न्यूजीलैंड शुक्रवार को यहां टी20 विश्व कप के सुपर आठ के मैच में इंग्लैंड के खिलाफ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर सेमीफाइनल में जगह सुरक्षित करने की कोशिश करेगा। इंग्लैंड पहले ही अपने दोनों मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुका है लेकिन यह मैच उसके लिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम का भी फैसला होगा।

श्रीलंका के खिलाफ 61 रन की बड़ी जीत से न्यूजीलैंड सेमीफाइनल के करीब पहुंच गया है क्योंकि इससे उसका नेट रन रेट अच्छा हो गया है। न्यूजीलैंड का नेट रन रेट प्लस 3.050 है और उसे अगले मैच में बस यह सुनिश्चित करना है कि अगर वह इंग्लैंड से पराजित हो भी जाता है तो हार का अंतर न्यूनतम हो। इंग्लैंड से हार के बाद पाकिस्तान का नेट रन रेट माइनस 0.461 हो गया है। उसे नेट रन रेट में न्यूजीलैंड से आगे निकलने के लिए कीवी टीम की करारी हार के लिए दुआ करनी होगी और साथ ही सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में श्रीलंका को बड़े अंतर से हराना होगा। लेकिन न्यूजीलैंड ने यह साबित कर दिया है कि वह श्रीलंका के खिलाफ छह स्पिनरों के साथ खेलने में सहज था जिसके दम पर उसने बड़े अंतर से जीत हासिल की। इस मैच में न्यूजीलैंड के स्पिनरों और इंग्लैंड के बल्लेबाजों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। पाकिस्तान के खिलाफ शतक बनाने वाले कप्तान हैरी ब्रूक और ऑलराउंडर विल जैक्स दोनों ने ही साइम अयूब, मोहम्मद नवाज और शादाब खान जैसे स्पिनरों के सामने सहज प्रदर्शन किया। लेकिन अब उनके सामने न्यूजीलैंड की कड़ी चुनौती है, जिसके स्पिनर मिचेल सैंटनर, रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स और कोल मैककॉन्ची पाल्लेकल की तुलना में प्रेमदासा स्टेडियम की अधिक चिपचिपी पिच पर बहुत उपयोगी साबित हो सकते हैं।

ब्रूक अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन अनुभवी जोस बटलर को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया है। बटलर की अच्छी शुरुआत से इंग्लैंड निश्चित रूप से बेहतर स्थिति में आ जाएगा। दूसरी ओर जैक्स की ऑफ स्पिन और लियाम डॉसन की बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी भी उतनी ही चुनौतीपूर्ण हो सकती है। प्रेमदासा की पिच पर अगर स्पिनर गेंदबाजी कर रहे हों तो 165 से 175 के बीच का कोई भी स्कोर जीत के लिए पर्याप्त हो सकता है। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रविंद्र ने श्रीलंका के खिलाफ बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद कहा कि भले ही उनका स्पिन आक्रमण मजबूत है लेकिन इंग्लैंड को कम करके आंकना गलती होगी। रविंद्र ने कहा, इस तरह के मुकाबले में खेलने के लिए हमेशा आत्मविश्वास बना रहता है, विशेषकर जब हमें पता होता है कि पिच कैसी होगी। लेकिन मुझे लगता है कि किसी भी समय इंग्लैंड को कम करके आंकना मूर्खता होगी। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से उनकी टीम काफी अच्छी है। उनके गेंदबाज अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं और उनके पास बल्लेबाजी क्रम में नीचे तक विश्व स्तरीय बल्लेबाज हैं। लेकिन रविंद्र इस बात का पूरा अहसास है कि शुक्रवार एक नया दिन है और न्यूजीलैंड टीम के लिए यह एक नई चुनौती होगी। रविंद्र ने कहा, श्रीलंका के खिलाफ जीत से हमारा मनोबल बढ़ा है लेकिन हम यह अच्छी तरह से समझते हैं कि दो दिन बाद हमारे सामने एक अलग तरह की चुनौती होगी।

# मेजबान श्रीलंका टी-20 वर्ल्डकप से बाहर

## न्यूजीलैंड ने 61 रन से हराया, रचिन रवींद्र को 4 विकेट, सैंटनर ने 47 रन बनाए




**कोलंबो (एजेंसी)।** मेजबान श्रीलंका टी-20 वर्ल्डकप से बाहर हो गया है। उसे बुधवार रात न्यूजीलैंड ने छठे सुपर-8 मैच में 61 रन से हराया। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 168 रन बनाए।

169 रन का टारगेट चेज कर रही श्रीलंकाई टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 107 रन ही बना सकी। रचिन रवींद्र प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

**सैंटनर-मैकॉन्ची की साझेदारी ने फाइटिंग स्कोर तक पहुंचाया-** टॉस हारकर बैटिंग कर रही न्यूजीलैंड की टीम ने 84 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। यहां से कप्तान मिचेल सैंटनर (47 रन) और कोल मैकॉन्ची (31 रन) ने 47 बॉल पर 84 रन की साझेदारी करके टीम को 160 पार पहुंचा दिया।

यह न्यूजीलैंड की ओर से 7वें विकेट के लिए टी-20 इंटरनेशनल में सबसे बड़ी साझेदारी है। सैंटनर ने 26 बॉल पर 47 रन बनाए। जबकि मैकॉन्ची 31 रन बनाकर नाबाद लौटे। रचिन रवींद्र ने 32 रन बनाए।

**हेनरी को पावरप्ले में दो विकेट, निसांका-असलंका को आउट किया-** 169 रन का टारगेट चेज कर रही श्रीलंकाई टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने पहली बॉल पर पिछले मैच के शतकवीर पथुम निसांका (जीरो) का विकेट गंवाया। उन्हें मैट हेनरी ने बोल्ड कर दिया।

मैट ने तीसरे ओवर की पहली बॉल पर चरिथ असलंका (5 रन) को कैच आउट कराके मेजबानों को बैकफुट पर धकेल दिया।

**रचिन रवींद्र ने झटके थे 4 विकेट -** मिडिल ओवर फेज में रचिन रवींद्र ने श्रीलंकाई टीम को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने दुषन हेमंथ (3 रन), दसुन शनाका (3 रन), कुसल मेंडिस (जीरो) और पवन रत्नायके (10 रन) के विकेट झटके। श्रीलंकाई टीम से कामिंडु मेंडिस ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाए। शेष बैटर्स खास प्रदर्शन नहीं कर सके।

**सेमीफाइनल के लिए न्यूजीलैंड की उम्मीदें कायम-** इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल के लिए अपनी उम्मीदें कायम रखी हैं।

## 'शेन वॉर्न काश आप देख सकते'

# ईश सोढ़ी आज भी भेजता है मेसेज, दिग्गज की 4 साल पहले हुई थी मौत



**लुधियाना (एजेंसी)।** लुधियाना में पैदा हुए न्यूजीलैंड के अनुभवी लेग स्पिनर ईश सोढ़ी ने ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज शेन वॉर्न को लेकर भावुक बयान दिया है। ईश सोढ़ी, शेन वॉर्न को अपना आइडल मानते हैं। कुछ साल पहले शेन वॉर्न का निधन हो गया था। अब ईश सोढ़ी ने खुलासा किया है कि वह आज भी वॉर्न को मैसेज करते हैं।

ईश सोढ़ी ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, एक बॉल है जिसपर मैं पिछले कुछ समय से काम कर रहा हूं। यह ओल्ड फैशन फ्लिपर है। ठीक जैसे वॉर्नी ने सिखाई थी। जब मैं बढ़ा हो रहा था तो मुझे वॉर्नी को फ्लिपर गेंद करता देखने की आदत हो गई थी। मैंने अपने करियर के पिछले कुछ सालों में ही इसका यूज करना शुरू किया। लेकिन यह मेरा वर्जन है इस बॉल को करने का, जो थोड़ी तेज रहती है। उन्होंने आगे कहा, कभी-कभी मैं वॉर्नी को अब भी मैसेज करता हूं। फ्लिपर के साथ विकेट लेने वाली वीडियो भेजता हूं और कहता हूँ, वार्नी, काश तुम इसे देख पाते। निश्चित रूप से वह इन मैसेज को नहीं देख पाते या शायद देख पाते हों किसी न किसी तरीके से। क्योंकि राजस्थान रॉयल्स में उनसे मुलाकात के दौरान उन्होंने मुझे फ्लिपर के लिए कुछ ट्रिक्स बताई थीं तो यह अफसोस कि बात है कि वह इसे नहीं देख पाए।

**2022 में हुआ था वॉर्न का निधन-** बता दें कि दिग्गज शेन वॉर्न की डेथ 4 मार्च 2022 को थाईलैंड में हुई थी। वह थाईलैंड छुट्टियां मनाने गए थे। हार्ट अटैक के चलते उनकी मौत हो गई थी।

**ईश सोढ़ी का करियर-** 33 साल के ईश सोढ़ी ने न्यूजीलैंड के लिए अब तक 21 टेस्ट, 54 वनडे और 139 टी20 मुकाबले खेले हैं। उन्होंने टेस्ट में 58, वनडे में 64 तो टी20 में 162 विकेट लिए हैं। वह टी20 वर्ल्ड कप 2026 भी खेल रहे हैं।



## शोएब अख्तर बोले- पाकिस्तान को गलत आदमी से करिश्मा की उम्मीद

# आगा कप्तानी लायक नहीं



**करांची (एजेंसी)।** पाकिस्तान टीम की हालत टी20 वर्ल्ड कप में अब तक काफी ज्यादा खराब रही है। छोटी टीमों के सामने ही पाकिस्तान जीत दर्ज कर पाया है। जैसे ही भारत या इंग्लैंड जैसी बड़ी टीम उनके सामने आई तो पाकिस्तान ने घुटने टेक दिए। पाकिस्तान का सेमीफाइनल में पहुंचना लगभग नामुमकिन है। पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के बाद उनकी टीम की काफी आलोचना हो रही है। उनके लीजेंड्स खिलाड़ी ही उनको आड़े हाथ ले रहे हैं। अब रावलपिंडी एक्सप्रेस के नाम से मशहूर शोएब अख्तर ने कप्तान सलमान अली आगा पर बड़ा बयान दिया है। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा का प्रदर्शन टी20 वर्ल्ड कप 2026 में बतौर खिलाड़ी भी खराब रहा है। इसके अलावा कप्तानी में भी उन्होंने कुछ खास नहीं किया। अब पाकिस्तान के दिग्गज खिलाड़ी शोएब अख्तर ने एक पाकिस्तानी शो पर कहा कि सलमान अली आगा कप्तान मटेरियल नहीं हैं। पाकिस्तान गलत आदमी से चमत्कार की उम्मीद कर रहा है। शोएब ने बिना किसी हिचकिचाहट के यह बात की।

**पाकिस्तान का सेमीफाइनल में पहुंचने का सेनेरियो-** पाकिस्तान सुपर 8 के पॉइंट्स टेबल में इस वक्त एक अंक और -0.461 नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है। इंग्लैंड से हारने के बाद उनका अब सेमीफाइन में पहुंचना काफी ज्यादा मुश्किल हो गया है। इंग्लैंड ने पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से हराया था। वहीं अब न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को भी हरा दिया है। इससे पाकिस्तान की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

अब अगर पाकिस्तान टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में क्वालीफाई करना चाहता है तो उन्हें दुआ करनी होगी कि इंग्लैंड अब न्यूजीलैंड को भी हरा दे। इसके बाद पाकिस्तान के पास न्यूजीलैंड जितने 3 अंक तक पहुंचने का मौका होगा। हालांकि पाकिस्तान को अपने आखिरी मैच में सिर्फ श्रीलंका को हराना ही नहीं होगा बल्कि बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी जिससे उनकी नेट रन रेट बेहतर हो जाए।

## फुटबॉल लीजेंड ने किया बड़ा खुलासा

# मुझे रिगरेट होता है मैंने... लियोनेल मेसी को है इंग्लिश नहीं सीखने का पछतावा?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लियोनेल मेसी... यह एक ऐसा नाम है जिससे शायद दुनिया में हर कोई वाकिफ होगा। जो फुटबॉल देखता भी नहीं है और खेल के किसी खिलाड़ी को जानता नहीं है। उसे भी मेसी के बारे में पता होगा। कुछ इस तरह दुनियाभर में मेसी का क्रेज है। भारत में भी मेसी के कई हजारों फैंस हैं। हाल ही में जब अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी इंडिया टूर पर आए थे तो उनके फैंस से स्टेडियम खचाखच भर गए थे।

आज की डेट में मेसी के पास सब कुछ है। उनको अपने फुटबॉल करियर में आपार सफलता मिली। बेशुमार दौलत है। फैमिली है, घर है, गाड़ी है। दुनिया की हर एक चीज उनके पास है, जो वो चाहते हैं। इसके बावजूद मेसी को एक पछतावा है। वो पछतावा है इंग्लिश न सीखने का। इसका खुलासा दिग्गज खिलाड़ी ने खुद किया है।

**लियोनेल मेसी ने किया बड़ा खुलासा-** मीरो दे अतरास पर बातचीत करते हुए मेसी ने कहा, मैं काफी चीजें रिगरेट करता हूं। बचपन में इंग्लिश न सीखना। मेरे पास इतना समय था कि मैं कम से कम इंग्लिश सीख सकता था। लेकिन मैंने नहीं सीखी। मुझे इसका काफी पछतावा है। उन्होंने आगे कहा,मेरी जिंदगी में कुछ ऐसे पल आए जब मैं महान हस्तियों के साथ था और उनसे बात कर सकता था। लेकिन मैंने खुद को आधा अज्ञानी पाया। मैं हमेशा सोचता हूं कि मैं बेवकूफ हूं, मैंने कैसे अपना समय बर्बाद कर दिया।

## यूईएफए चैंपियंस लीग

# विनीसियस के गोल से रियाल मैड्रिड अंतिम 16 में

**मैड्रिड (एजेंसी)।** यूईएफए चैंपियंस लीग में विनीसियस जूनियर के अहम गोल की बदौलत रियाल मैड्रिड ने बेनफिका को हराकर अंतिम 16 में जगह बना ली। सैंटियागो बर्नबेउ स्टेडियम में खेले गए दूसरे चरण के मुकाबले में रियाल ने 2-1 से जीत दर्ज की और कुल मिलाकर 3-1 से मुकाबला अपने नाम किया।

पहला चरण रियाल मैड्रिड ने 1-0 से जीता था। दूसरे चरण में बेनफिका ने 14वें मिनट में राफा सिल्वा के गोल से कुल स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। लेकिन दो मिनट बाद ही ऑरेलियन चोउमेनी ने रियाल के लिए गोल दागकर बढ़त दिला दी। मैच के 80वें मिनट में विनीसियस जूनियर ने शानदार गोल कर जीत पक्की कर दी। गोल के बाद उन्होंने कॉर्नर फ्लैग के पास जश्न मनाया।

- **नस्लीय टिप्पणी विवाद के बाद दमदार जवाब-** पहले चरण के मैच के बाद विनीसियस ने बेनफिका के खिलाड़ी जियानलुका प्रेस्टियानी पर नस्लीय टिप्पणी करने का आरोप लगाया था। इस विवाद को पीछे छोड़ते हुए ब्राजीलियाई स्टार ने मैदान पर अपने प्रदर्शन से करारा जवाब दिया।

# डब्ल्यूटीओ जुलाई में करेगा भारत की आठवीं व्यापार नीतियों की समीक्षा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) इस साल जुलाई में भारत की आठवीं व्यापार नीति की समीक्षा करेगा। इस दौरान सदस्य देशों की तरफ से भारत की व्यापार नीतियों की व्यापक समीक्षा की जाएगी। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि व्यापार नीतियों की जुलाई में समीक्षा से पहले सीमा शुल्क आयोग के सदस्य के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने डब्ल्यूटीओ में भारत के डिजिटल कस्टम सुधारों और व्यापार सुगमता समझौते (टीएफए) के क्रियान्वयन को प्रस्तुत किया। मंत्रालय के मुताबिक इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य (सीमा शुल्क) सुरजीत भुजबल ने किया। इसके पहले भारत की सातवीं व्यापार नीति समीक्षा जनवरी, 2021 में जिनेवा स्थित डब्ल्यूटीओ में की गई थी। वित्त मंत्रालय ने बताया कि सीबीआईसी और भारत के स्थायी मिशन ने 24 फरवरी को डब्ल्यूटीओ में विशेष व्यापार सुगमता सत्र आयोजित किए थे। जिनेवा में आयोजि इन सत्रों में लगभग 40 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिससे भारत के अनुभव और बेहतर व्यवहार में व्यापक रुचि दिखाई दी।



मंत्रालय ने कहा कि भारत ने डब्ल्यूटीओ के व्यापार सुगमता समझौते के तहत अपनी 100 फीसदी प्रतिबद्धताओं को तय समय-सीमा के भीतर अधिसूचित कर दिया है। इसके बाद अब देश टीएफए प्लस उपायों की ओर बढ़ रहा है, जो राष्ट्रीय व्यापार सुगमता कार्ययोजना (एनटीएफएपी 3.0) के तहत न्यूनतम मानकों से आगे जाकर वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप सुधारों पर केंद्रित हैं। विशेष सचिव और सदस्य (सीमा शुल्क) सुरजीत भुजबल ने कहा पिछले एक दशक में सीमा-शुल्क प्रक्रिया के डिजिटलीकरण और आधुनिकीकरण से व्यापार वृद्धि और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भारत के एकीकरण को मजबूती मिली है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) जिनेवा में भारत के राजदूत और स्थायी प्रतिनिधि डॉ. सेंथिल पांडियन ने कहा कि भारत ने व्यापार सुगमता सुधारों को अपनी व्यापार नीति का एक मुख्य स्तंभ बनाया है। मंत्रालय ने बताया कि व्यापार सुगमता पर आयोजित सत्र के दौरान भारतीय सीमा शुल्क विभाग ने सम्पूर्ण-सरकार दृष्टिकोण पर जोर देते हुए चेहरा-रहित, संपर्क-रहित और कागज-रहित सीमा-शुल्क व्यवस्था बनाने के प्रयासों को रेखांकित किया। इससे व्यापक डिजिटलीकरण और प्रक्रियाओं में सुधार से सीमापार व्यापार को सरल बनाने में मदद मिली है। मंत्रालय ने कहा कि डिजिटल कस्टम प्रणाली के माध्यम से व्यापारी, बैंक, लॉजिस्टिक कंपनियां और सीमा-शुल्क प्राधिकरण आपस में जुड़े हैं, जिससे दस्तावेजों की इलेक्ट्रॉनिक प्रक्रिया संभव हुई है, लेनदेन लागत घटी है और माल की निकासी के समय में कमी आई है।

## एनटीपीसी और कोल इंडिया के शेयर करा सकते हैं निवेशकों की मौज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू शेयर बाजार में दो दिन की तेजी के बाद भारी गिरावट आई। एआई से जुड़ी चुनौतियों और वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच आईटी शेयरों में भारी बिकवाली से सेंसेक्स 1,069 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 288 अंक की गिरावट रही। अमेरिका एवं ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। आईटी कंपनियों में से टेक महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक 6.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।




एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में भी गिरावट रही। एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील और सन फार्मा में तेजी का रुख देखा गया। जानकारों का कहना है कि वैश्विक व्यापार घटनाक्रम और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव को लेकर पैदा हुई नई चिंताओं के बीच निवेशक धारणा कमजोर रही और कच्चे तेल के दाम भी चढ़ गए। इसके अलावा एआई से व्यापक व्यवधान की आशंका और वैश्विक प्रौद्योगिकी शेयरों में बने दबाव का असर भी मानक सूचकांकों की गिरावट के रूप में देखा गया।

## दिग्गज कंपनी के शेयर का टारगेट प्राइस रिवाइज, 75 प्रतिशत उछाल संभव

**मुंबई, एजेंसी।** माइनिंग से जुड़ी कंपनी वेदांता के शेयर में बुधवार को भारी उतार-चढ़ाव वाला माहौल था। इस शेयर में इंट्रा-डे ट्रेडिंग के दौरान 5त्न से अधिक उछाल आया। ये तेजी ऐसे समय में आई जब कंपनी के बोर्ड ने नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) के माध्यम से 3,000 करोड़ जुटाने को मंजूरी दी है। इस बीच, ब्रोकरेज फर्म बैंक ऑफ अफ्रीका ने वेदांता के शेयर को खरीदने की सलाह दी है। आइए डिटेल जान लेते हैं। वेदांता के शेयर की कीमत 695.40 रुपये की पिछली क्लोजिंग के मुकाबले बुधवार को 732 रुपये तक पहुंच गई। शेयर के 52 हफ्ते का हाई 770 रुपये है। वहीं, शेयर के 52 हफ्ते का लो 362.20 रुपये है। अनिल अग्रवाल के स्वामित्व वाली खनन कंपनी वेदांता लिमिटेड को ब्रोकरेज फर्म बीओएफए सिक्योरिटीज ने अपग्रेड किया है। बीओएफए ने वेदांता की रेटिंग को पहले की न्यूट्रल से अपग्रेड करके बाय कर दिया है और इसके टारगेट प्राइस को 75त्न बढ़ाकर पहले के 480 से 840 कर दिया है। यह अपग्रेड बीओएफए के एल्युमीनियम पर पॉजिटिव आउटलुक, चांदी की अनुकूल कीमतों और लगभग 6त्न की अच्छी डिविडेंड यील्ड के आधार पर किया गया है। वेदांता के लिए बीओएफए का टारगेट प्राइस सिटी (900) और सिस्टमैटिक्स ग्रुप (898) के बाद तीसरा सबसे बड़ा प्राइस है। शेयर पर नजर रखने वाले किसी भी विश्लेषक ने इसे बेचने की सिफारिश नहीं की है। 15 विश्लेषकों में से 11 ने खरीदें रेटिंग दी है और अन्य चार ने होल्ड की सिफारिश की है। वेदांता के बोर्ड द्वारा गठित निदेशक मंडल की समिति ने निजी प्लेसमेंट के माध्यम से 3,000 करोड़ तक के असुरक्षित, रेटेड, सूचीबद्ध और रिडीमेबल गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी करने को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज से कहा- हम आपको सूचित करते हैं कि अधिकृत निदेशक मंडल की समिति ने बुधवार, 25 फरवरी, 2026 को हुई। अपनी बैठक में निजी प्लेसमेंट के आधार पर असुरक्षित, रेटेड, सूचीबद्ध, रिडीमेबल, नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) जारी करने पर विचार किया और उसे मंजूरी दे दी है।

# वैश्विक अनिश्चितता और एआई की वजह से बाजार का सेंटिमेंट प्रभावित

एजेंसी

**मुंबई।** कमजोर वैश्विक संकेतों को देखते हुए निवेशकों द्वारा बाजार में मुनाफावसूली जारी है। हालांकि घरेलू बाजार में बढ़त देखने को मिली। शुरूआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 558.79 अंक बढ़कर 82,784.71 पर पहुंच गया। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 157.05 अंक चढ़कर 25,581.70 पर पहुंच गया। वहीं पिछले दिन मंगलवार को भारतीय बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। इसकी मुख्य वजह अमेरिकी टैरिफ पर चिंता के साथ आईटी शेयरों की बड़े पैमाने पर बिकवाली रही। वहीं अमेरिका-ईरान विवाद जो काफी लंबे समय से चल रहा है साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के साथ मजबूत होता डॉलर भी बाजार की गिरावट की वजह बने। मोतीलाल ओसवाल फाइनेशियल सर्विसेज लिमिटेड के वेल्थ मैनेजमेंट रिसर्च हेड सिद्धार्थ खेमका कहते हैं कि दुनिय भर में अनिश्चितता और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) की वजह से होने वाली रुकावट की चिंता लगातार बाजार के सेंटिमेंट पर असर डाल रही हैं। आगे देखें तो, मिले-जुले ग्लोबल



और घरेलू संकेतों की वजह से मार्केट के एक बड़े दायरे में बने रहने की उम्मीद है।

आईटी कंपनियों की शेयरों के लिए फरवरी का महीना सबसे बुरा साबित होता दिखाई दे रहा है। निफ्टी आईटी इंडेक्स में अभी तक 20 प्रतिशत अधिक की गिरावट देखी जा चुकी है, जो कि सितंबर 2008 के बाद की सबसे बड़ी मंथली गिरावट बन सकती है। एआई आधारित परेशानियों और अमेरिका में उच्च ब्याज दरों को लेकर चिंताओं के बीच फरवरी में अभी तक आईटी शेयरों में 20 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं वैश्विक स्तर पर भी आईटी शेयरों में बिकवाली का दबाव बना हुआ है। एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर कहते हैं कि ग्लोबल टेक्नोलॉजी स्पेस में एआई की वजह से होने वाली रुकावट को लेकर चिंताओं ने कुल मिलाकर रिस्क लेने की क्षमता पर असर डाला और अधिकतर सेक्टर्स में अपनी रक्षात्मक पोजिशनिंग को बढ़ाया है। आईटी सेक्टर पर बिकवाली का सबसे अधिक असर पड़ा और इसकी वजह से ग्लोबल कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई है। तेजी से बढ़ते नए एआई बिजनेस मॉडल्स बाजार में वैल्यूशन फ्रेमवर्क को बिगाड़ सकते हैं, इसकी वजह से सेंटिमेंट और भी खराब हो रहे हैं।

# उतार चढ़ाव का सामना करने के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ शेयर बाजार

## निवेशकों ने की 1.08 लाख करोड़ की कमाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज दिनभर उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद से ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई। दिन के पहले सत्र में तेजड़िये हावी होते रहे, वहीं दूसरे सत्र में मंदड़ियों ने अपना जोर बना दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.03 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी ने 0.06 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज दिनभर के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, ऑयल एंड गैस और पीएसयू बैंक सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। इसके अलावा फार्मास्यूटिकल, टेलीकॉम, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, मेटल, आईटी, कैपिटल गुड्स और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर मीडिया, पावर और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में आज बिकवाली का दबाव बना रहा।



इसके अलावा एफएमसीजी और कंज्यूमर ड्यूरेबल इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज आमतौर पर खरीदारी होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में एक लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 468.46 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 467.38 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.08 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,356 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,170 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,030 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 156 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए।

# ईपीइएफओ बदलेगा निवेश का तरीका, जोखिम कम करने की तैयारी

## 2025-26 के लिए याज दरों की घोषणा फिलहाल एजेंडे में नहीं है शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीइएफओ) अपने निवेश के तरीके में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। अब अपनी पांच अलग-अलग स्कीमों के पैसे को अलग-अलग लगाने के बजाय, एक ही साझा फंड (पूल) बनाकर बाजार में निवेश किया जाएगा। साथ ही, बाजार के उतार-चढ़ाव से बचने के लिए अब हर महीने के बजाय साल में एक बार ही बड़ा निवेश किया जाएगा।

ईपीएफओ के इन बदलावों पर 2 मार्च की बैठक में मुहर लग सकती है। हालांकि इस बैठक में नई ब्याज दरों के ऐलान की उम्मीद कम है। साल 2015 से ईपीएफओ अपनी नई कमाई का 5 से 15 फीसदी हिस्सा में लगाता रहा है। अजेंडे की कॉपी के अनुसार, अपनी सभी योजनाओं के लिए निवेश का एक समान और साझा सिस्टम शुरू करेगा। पुराने नियमों के हिसाब से अपनी हर योजना के लिए अलग-अलग निवेश करता था और उन्हें एक साथ नहीं मिलाता था। भविष्य में साल में एक बार निवेश करने का फैसला किया है। ईपीएफओ अपनी 5 अलग-अलग योजनाओं के फंड को एक साथ मिलाकर निवेश करेगा। निवेश का चक्र अब महीने-दर-महीने के बजाय सालाना होगा। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के बॉण्ड्स को बायबैक में बेचकर मुनाफा कमाने की तैयारी। मार्च को सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक में इन प्रस्तावों पर फैसला होगा। मीटिंग में होगा फैसला ईपीएफओ की निवेश समिति ने इन प्रस्तावों को हरी झंडी दे दी है। अब इन्हें 2 मार्च को होने वाली सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक में अंतिम मंजूरी के लिए रखा जाएगा।




## स्पाइसजेट के उड़ानों पर बांग्लादेश की रोक, लॉक डील के बाद शेयर जमीन पर

**मुंबई, एजेंसी।** कम लागत वाली एयरलाइन स्पाइसजेट के शेयरों में 25 फरवरी यानी आज बुधवार को जबरदस्त गिरावट देखी गई। सूत्रों के अनुसार, बांग्लादेश ने स्पाइसजेट को अपने हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं, कंपनी के 8.4 प्रतिशत शेयरों की ब्लॉक डील के जरिए बिक्री हुई, जिसके बाद यह स्टॉक 10 प्रतिशत लोअर सर्किट में आ गया। करीब 15 करोड़ शेयरों का एक साथ कारोबार हुआ। यह लगातार सातवां दिन है जब स्टॉक में गिरावट आई है, और इस दौरान कंपनी के शेयरों में 25 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। 25 फरवरी को सुबह 11 बजे बीएसई पर स्पाइसजेट का शेयर 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 12.88 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहा था। पिछले हफ्ते, स्पाइसजेट ने बताया था कि वह गीली और सूखी लीज के मिश्रण के जरिए अपने बेड़े को बढ़ाकर लगभग 60 विमान करने और ग्राउंडेड विमानों को फिर से सेवा में शामिल करने की दिशा में काम कर रही है। क्षमता में 56 प्रतिशत के विस्तार के कारण एयरलाइन का घरेलू बाजार हिस्सा पिछले साल सितंबर में 1.9 प्रतिशत से बढ़कर दिसंबर में 4.3 प्रतिशत हो गया। इस बयान में यह भी कहा गया कि वाहक सर्दियों 2026 तक 220 करोड़ सीट किलोमीटर का लक्ष्य रखते हुए अपनी क्षमता दोगुनी से अधिक करने की योजना बना रही है।

# होली से पहले एलपीजी के रेट होंगे अपडेट, 5 साल से मार्च में लग रहे झटके

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले 5 साल का ट्रेंड बताता है कि मार्च के महीने में घरेलू और कॉमर्शियल सिलेंडर के रेट बढ़े ही हैं। कॉमरशियल सिलेंडर तो हर बार महंगा हुआ है, जबकि इस दौरान घरेलू एलपीजी सिलेंडर के रेट मार्च में जब भी बदले, उपभोक्ताओं को झटका ही लगा है। होली से पहले 1 मार्च को एलपीजी (लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस) के रेट अपडेट होंगे। ऑयल मार्केटिंग कंपनियां इस दिन नए रेट जारी करेंगी। पिछले 5 साल का ट्रेंड बताता है कि मार्च के महीने में घरेलू और कॉमर्शियल सिलेंडर के रेट बढ़े ही हैं। कॉमरशियल सिलेंडर तो हर बार महंगा हुआ है, जबकि इस दौरान घरेलू एलपीजी सिलेंडर के रेट मार्च में जब भी बदले, उपभोक्ताओं को झटका ही लगा है।

अभी दिल्ली में घरेलू एलपीजी सिलेंडर 853 रुपये, कोलकाता में 879 रुपये, मुंबई में 852.50 रुपये और चेन्नई में 868.50 रुपये में मिल रहा है। आंकड़े इंडियन ऑयल की वेबसाइट से लिए गए हैं। इसके अनुसार कॉमर्शियल सिलेंडर दिल्ली में 1740.50



रुपये, कोलकाता में 1844.50 रुपये, मुंबई में 1692 और चेन्नई में 1899.50 रुपये में बिक रहा है।

घरेलू सिलेंडर के रेट का मार्च ट्रेंड

पिछले 5 साल में तीन बार ही मार्च में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के रेट बदले। दो बार 1 मार्च को और एक बार 22 मार्च को। एक मार्च 2023 को घरेलू एलपीजी सिलेंडर 50 रुपये महंगा हो गया। 6 जुलाई 2022 के बाद रेट में बदलाव हुआ था और दिल्ली में यह 50 रुपये बढ़कर 1103 रुपये पर पहुंच गया। 14 किलो वाले इस सिलेंडर के दाम कोलकाता में 1129, मुंबई में 1102.50 और चेन्नई में 1118.50 रुपये पर पहुंच गए।जबकि, साल 2022 में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के रेट में बदलाव 22 मार्च को हुआ। इस दिन भी 50 रुपये का इजाफा हुआ। रेट में बदलाव 6 अक्टूबर 2021 के बाद हुआ था। दिल्ली में घरेलू सिलेंडर 949.50 रुपये पर पहुंच गया। इसी तरह कोलकाता में 976, मुंबई में 949.50 और चेन्नई में 965.50 रुपये का हो गया। साल 2021 का मार्च भी घरेलू एलपीजी सिलेंडर के उपभोक्ताओं को झटका ही दिया।

1 मार्च 2021 को घरेलू एलपीजी सिलेंड दिल्ली में 25 रुपये महंगा होकर 819, कोलकाता में 845.50, मुंबई में 819 और चेन्नई में 835 रुपये का हो गया। पिछले साल यानी 2025 में दिल्ली में कॉमर्शियल सिलेंडर के रेट में मामूली बढ़ोतरी हुई थी। एक फरवरी को 19 किलो वाला सिलेंडर यहां 1 फरवरी को 1797 रुपये में बिक रहा था, जो 1 मार्च 2025 को 6 रुपये बढ़कर 1803 रुपये का हो गया। कोलकाता में भी इतना ही महंगा होकर 1913, मुंबई में 1756 और चेन्नई मे 1965 रुपये का हो गया था। साल 2024 में कॉमर्शियल सिलेंडर के रेट में 26 रुपये तक की बढ़ोतरी हुई। 1 मार्च 2024 को यह दिल्ली में 1795 और मुंबई में भी 26 रुपये बढ़कर 1749 रुपये का हो गया।

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, आईआरएफसी से लेकर आरवीएनएल पर शेयर मार्केट के निवेशकों की नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विभिन्न खबरों के चलते आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, आईआरएफसी से लेकर आरवीएनएल तक पर शेयर मार्केट के निवेशकों की नजर रहेगी। करीब 10 स्टॉक्स ऐसे हैं, जिनमें हलचल की उम्मीद है। ऐसे में इन पर नजर रखना जरूरी है। भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को सकारात्मक शुरुआत होने की उम्मीद है। पिछले सत्र में आई भारी गिरावट से उबरने के बाद, अब वैश्विक बाजारों से मिले घरेलू संकेतों से बाजार को मजबूती मिल सकती है। गिफ्ट निफ्टी के रुझान भी घरेलू इक्विटी में मजबूत शुरुआत की ओर इशारा कर रहे हैं। यह सूचकांक 25,669 के स्तर के करीब कारोबार कर रहा है, जो निफ्टी वायदा के पिछले बंद भाव से लगभग 69 अंकों की बढ़त दिखा रहा है। सरकार इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन (आईआरएफसी) में अपनी चार प्रतिशत तक हिस्सेदारी ऑफर फॉर सेल के जरिए बेचेगी। यह ओएफएस बुधवार को गैर-खुदरा निवेशकों के लिए खुलेगा, जबकि खुदरा निवेशक गुरुवार को बोलियां लगा सकेंगे।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंकः** हरियाणा सरकार ने मंगलवार को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक से फंड के अनधिकृत ट्रांसफार की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। साथ ही यह समिति राज्य की बैंकिंग नीति की समीक्षा भी करेगी। रेल विकास निगम लिमिटेड ने सेंट्रल रेलवे से 270.22 करोड़ रुपये का ठेका हासिल है। यह ठेका दौंड-सोलापुर सेक्शन में 220/132/55 केवी ट्रैक्शन सबस्टेशन स्थापित करने से जुड़ा है। दवा कंपनी ल्यूपिन को अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन से ब्रिवरासेटम ओरल सॉल्यूशन 10 द्वद्द/द्वरु के लिए मंजूरी मिल गई है। कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, वारी फॉरएवर एनर्जीज प्राइवेट लिमिटेड को सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से गुजरात के द्वारका में 300 मेगावाट का पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट विकसित करने का लेटर ऑफ अवार्ड मिला है।



# पलाश हर्बल गुलाल निरमान ले परसिछन कर आयोजन

## परसिछन कर दौरान 300 केजी हर्बल गुलाल कर करल गेलक निरमान





प्रातः नागपुरी संवाददाता

**धनबाद।** ओएसएफ रतनपुर आजीविका महिला संकुल संगठन (गोविंदपुर) कर तत्वावधान में गोविंदपुर में तीन दिनक पलाश हर्बल गुलाल निरमान परसिछन कर सफल आयोजन करल गेलक। ई परसिछन में समूह कर 10 गो दीदीमन के प्राकृतिक आउर सुरछित गुलाल तैयार करेक कर बेबहारिक परसिछन देवल जात हे। परसिछन कर दौरान 300 केजी हर्बल गुलाल कर निरमान करल जाए हे। परसिछन कर मुध उद्देस दीदीमन के मौसमी बाजार से जोड़ते उनकर आय में बिरधि सुनिश्चित करेक आउर उनके आत्मनिर्भर बनायेक हय। तैयार करल जायेक वाला गुलाल एकदम प्राकृतिक सामग्री जैसे अरारोट पाउडर, पलाश फूल, चुकंदर (बीट), गेंदा फूल, पालक, आउर हरदी से बनल हय, जे सुद्धता आउर पर्याबरन संरछन कर प्रतीक आहे। ई उत्पाद 100% हर्बल आउर त्वचा ले सुरछित आहे।



पलाश (जेएसएलपीएस) द्वारा उत्पाद कर बाजार बेबस्था भी सुनिश्चित करल जाई, जेकर से दीदीमन के बेहतर विपणन अवसर प्राप्त होए सके आउर उनके आजीविका संवर्धन के मजबूती मिले। ओएसएफ अध्यछ रीना गोराई कर द्वारा ई परसिछन कर निगरानी आउर गुनवतापूर्न पलाश गुलाल निरमान करल गेलक। गुलाल निरमान कर परसिछ्न डॉली सिंह कर द्वारा देवल जात हे। प्रखंड कर बीपीएम डॉ रमेश कुमार मंडल आउर आजीविका कर बीपीओ नवीन कुमार कर भी बिसेस जोगदान रहे।





# श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव में अखंड ज्योति पाठ कर आयोजन

## बाबा कर अद्भुत दिब्य सिंगार करल गेलक



प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** हरमू रोड कर श्री श्याम मंदिर में रंग रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव कर अवसर में बिफे के श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ कर आयोजन करल गेलक। मंडल कर अध्यछ गोपाल मुरारका, कोसाध्यछ मनोज खेतान, बरिष्ठ कार्यकारिनी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा कर सानिध्य में बाबा कर अद्भुत दिब्य सिंगार करलयं। मंडल कर महामंत्री गौरव अग्रवाल बतालयं कि मुध यजमान 11.15 बजे पूर्वाहन में अखंड ज्योति प्रज्वलित करलयं। इकर बाद आवल सउब श्याम भक्तमन एक-एक कइर के अखंड ज्योति में आहुति देइ के आपन इष्ट देव के रिझालयं। कोलकाता से आवल ज्योति खन्ना आउर उनकर टीम भक्तमन के दिन सगर झुमालयं।



पाठ वाचक जब पाठ सुरु करलयं, तब गोटा श्याम मंदिर हारे कर सहारा कर जय तीन बान धारी कीर जय अहिल्यावती की जय कर जयकारा से गूंजत रहे। दूपहर में भोजन फलिहारी कर सुंदर बेबस्था श्री श्याम मित्र मंडल कर द्वारा करल जाए रहे। अखंड ज्योति में बैठल सउब श्याम प्रेमीम कर बीच फल प्रसाद कर बितरन करल जात रहे।

सांझ कर 8 बजे आरती कर संगे अखंड ज्योति पाठ कर समापन करल गेलक। इकर बाद सउब भक्तमन कर बीच प्रसाद बांटल गेलक। भोजन प्रसाद कर समुचित बेबस्था मंडल कर उपाध्यछ अशोक लाडिया, कार्यकारिनी सदस्य राजेश ढांढनिया कर देखरेख में करल जात हे। प्रसाद बितरन कर कार्य मंडल कर मंत्री पंकज गाड़ोदिया, उपमंत्री आदित्य लोहिया कर निदेर्शानुसार करल जात हे। पूजन ज्योति कार्य मंडल कर मंत्री विष्णु चौधरी, उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया, प्रचार मंत्री रोहित अग्रवाल देखत हयं। फागन तैयारी कर बेबस्था मंडल कर महामंत्री कर निर्देशन अनुसार करल जात हे। सहजोगीमन में सलज अग्रवाल, उत्कर्ष लोहिया, अमित शर्मा, हेमंत जोशी, रोशन खेमका, सर्वेश अग्रवाल, अंकित सिंह, संकेत चौधरी, जयश्री शर्मा, ऋषभ चौरसिया आदि रहयं।









# डीएचआर मेडिकल कॉलेज रिसर्च कनेक्ट 2026 कर सुभारंभ करलक

**देसभइर कर 100 से बेसी मेडिकल कॉलेजमन के एगो मंच प्रदान करत हे**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल आइज नई दिल्ली कर चाणक्यपुरी इस्थित सुषमा स्वराज भवन में स्वास्थ्य अनुसंधान बिभाग कर मेडिकल कॉलेज रिसर्च कनेक्ट 2026 कर सुभारंभ करलक। 26-27 फरवरी 2026 के आयोजित होवेक वाला ई रास्ट्रीय सम्मेलन देस भइर कर 100 से बेसी मेडिकल कॉलेज के एगो मंच प्रदान करत हे।

हियां देस में स्वास्थ्य अनुसंधान के बढ़ावा देवेक ले बुनियादी ढांचा कर स्थापना ले केंद्रीय जोजना कर अंतर्गत मेडिकल कॉलेज अनुसंधान इकाइयां (एमआरयू) स्थापित करल जाए हे। ई कार्जकरम में रास्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) कर अध्यछ डॉ. अभिजात चंद्रकांत शेठ भी बिसिस्ट गोतिया कर रूप में उपस्थित रहयं।

मुध गोतिया आपन संबोधन में देस में स्वास्थ्य अनुसंधान के बढ़ावा देवेक कर प्रति केंद्र सरकार कर प्रतिबद्धता के दोहरालयं। ऊ मेडिकल कॉलेज में करल जायेक वाला अनुसंधान काम कर सराहना करलयं आउर संकाय सदस्य से चिकित्सा अनुसंधान कर स्तर के ऊंचा उठायेक कर आग्रह करलयं, ताकि देस के बिकसित भारत कर दिसा में आगे बढ़ेक में सहायता मिइल सके।

ई कार्जकरम में प्रतिनिधि आपन गतिबिधि उपरे रिपोर्ट प्रस्तुत करबयं। बेहतर अनुदान प्रस्ताव लेखन, परसिछन अवसर आउर जैव चिकित्सा अनुसंधान कर तकनीकी पहलु से संबंधित बिसय उपरे संवादात्मक व्याख्यान, कार्जसाला आउर संगोष्ठिमन में सामिल होवत हयं। ई प्रयासमन कर उद्देस आपसी अनुभव से सीखेक आउर आपन संस्थान कर सोधकर्ता कर उच्च गुनवत्ता वाला जैव चिकित्सा अनुसंधान करेक कर छमता के बढ़ायेक हय।








## कइर ले मनुख पेरेम



संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

कइर ले मनुख पेरेम
सरीर बुढ़ा होइ जाइ,
चलत फिरत सांस
कखन टुइट जाइ,
कइर ले मनुख पेरेम
सरीर बुढ़ा होइ जाइ।

फुल तितली सीजन
हवा से बतियाय ले,
नदी बन - पातरा से
सहिया जोराय ले,
कखन गंगइ फुइट
लावा होइ जाइ,
कइर ले मनुख पेरेम
सरीर बुढ़ा होइ जाइ।

गांवक सिमान से भी
दुरिया कर आवाज आवथे,
बेचल बेटी,बहिन रेघाय गावथे
नाती - नातिन कर मुंह
सोगसोगा ले
का तोके देखवास नी
लागथे...?
एतइ ढिठ ना रह माटी हकिस
सुन्दर गगरी - टहरी गंगा चइल जाइ,
कइर ले मनुख पेरेम
सरीर बुढ़ा होइ जाइ।

कइर ले मनुख पेरेम
सरीर बुढ़ा होइ जाइ,
चलत फिरत सांस
कखन टुइट जाइ,
कइर ले मनुख पेरेम
सरीर बुढ़ा होइ जाइ।
*-*-*-*-

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com